CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 20°C
न्यूनतम : 09°C

नई दिल्ली, शुक्रवार 13 फरवरी 2026 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 313 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन कृष्ण पक्ष 10 विक्रमी सम्वत् 2082 24 शाबान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



विदेशी दबाव में आकर समझौते देशहित के खिलाफ: खड़गे पेज 2



ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने जीता स्वर्ण पदक खेल टाइम्स



संघर्ष, सेवा और साहित्य का संगम था सरोजिनी नायडू का जीवन सम्पादकीय



इजरायल ने गिराए थे गाजा में प्रतिबंधित वैक्यूम बम पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### जनवरी में 2.75 प्रतिशत रही महंगाई दर

**नई दिल्ली।** सरकार ने नई सीरीज (आधार वर्ष 2024) के तहत खुदरा महंगाई का पहला आंकड़ा गुरुवार को जारी कर दिया। इसके अनुसार, जनवरी 2026 में महंगाई दर 2.75 प्रतिशत दर्ज की गई। नई सीरीज में जनवरी 2025 से अब तक के उपलब्ध महंगाई के आंकड़ों में जनवरी 2026 की महंगाई दर सबसे अधिक है। इसके आधार पर पिछले साल जनवरी में खुदरा महंगाई 1.67 प्रतिशत और दिसम्बर 2025 में 0.08 प्रतिशत रही थी। इस साल जनवरी में खाद्य महंगाई दर 2.13 प्रतिशत दर्ज की गई। केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा जारी आंकड़ों में बताया गया है कि जनवरी में ग्रामीण क्षेत्रों में महंगाई दर 2.73 प्रतिशत और शहरी क्षेत्रों में 2.77 प्रतिशत रही। इसमें खाद्य एवं पेय पदार्थों की महंगाई दर 2.11 प्रतिशत, कपड़ों तथा जूते-चप्पलों की 2.98 प्रतिशत और स्वास्थ्य सेवाओं की 2.19 प्रतिशत दर्ज की गई है।

### मशहूर समाचार वाचिका सरला माहेश्वरी का निधन

**नई दिल्ली।** मशहूर समाचार वाचिका सरला माहेश्वरी का गुरुवार सुबह राष्ट्रीय राजधानी में निधन हो गया। वह 71 वर्ष की थीं। सुश्री माहेश्वरी दूरदर्शन के साथ अपने लंबे जुड़ाव के लिए जानी जाती हैं। कई दशकों तक दूरदर्शन पर अपनी शांत, गंभीर आवाज और संतुलित समाचार प्रस्तुति के कारण उन्होंने अपनी विशिष्ट पहचान बनाई। परिवार के सूत्रों ने बताया कि उनका अंतिम संस्कार गुरुवार शाम 4 बजे दिल्ली के निगम बोध घाट पर किया गया। हिंदी में पीएचडी करने के बाद 1976 में समाचार प्रस्तोता के रूप में वह दूरदर्शन से जुड़ीं और दो साल की संक्षिप्त अवधि को छोड़कर, वह हमेशा राष्ट्रीय प्रसारक के साथ जुड़ी रहीं।

### 30 करोड़ श्रमिकों की हड़ताल का दिखा मिला-जुला असर

**नई दिल्ली।** सरकार पर कॉरपोरेट समर्थक नीतियों का आरोप लगाते हुए श्रमिक संगठनों के भारत बंद का गुरुवार को देशभर में मिला-जुला असर दिखा। इसका सामान्य जनजीवन पर ज्यादा असर नहीं पड़ा। बता दें कि मजदूर संगठनों ने सरकार पर मजदूर विरोधी, किसान विरोधी नीतियों का आरोप लगाते हुए भारत बंद का ऐलान किया था। इसमें 30 करोड़ मजदूरों के शामिल होने का दावा किया गया था। फाइट फॉर राइट के राष्ट्रीय कोआर्डिनेटर उमंग बंसल ने कहा कि यह पूरी ही राजनीतिक से प्रेरित हड़ताल है और इसका असर देश में नहीं पड़ने वाला है।

### दिल्ली की वायु गुणवत्ता सूचकांक में हुआ सुधार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में तेज दक्षिण-पश्चिमी हवाओं के चलने से गुरुवार सुबह वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) में सुधार दर्ज किया गया। समीर एप के आंकड़ों के अनुसार, गुरुवार सुबह नौ बजे राजधानी का एक्यूआई 194 दर्ज किया गया, जो 'मध्यम' श्रेणी में आता है। यह बुधवार के 305 (खराब) के स्तर से काफी बेहतर है।

# भारतीय वायुसेना को मिलेंगे 114 राफेल लड़ाकू विमान

**दो दशक से भी अधिक समय से लटकी पड़ी खरीद के प्रस्ताव को हरी झंडी दिखाई**

**रक्षा अधिग्रहण परिषद की बैठक में 3.60 लाख करोड़ के रक्षा सौदों को दी गई मंजूरी**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की अगले सप्ताह की भारत यात्रा से पहले सरकार ने वायुसेना के लिए फ्रांस से अतिरिक्त बहुउद्देशीय लड़ाकू विमान राफेल की दो दशक से भी अधिक समय से लटकी पड़ी खरीद के प्रस्ताव को गुरुवार को हरी झंडी दिखा दी।

रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में यहां हुई रक्षा अधिग्रहण परिषद की बैठक में 3.60 लाख करोड़ रुपये की लागत से राफेल लड़ाकू विमानों के साथ-साथ नौसेना के लिए आठ पी-8 आई टोही विमानों, मिसाइलों तथा स्यूडो सैटेलाइट की खरीद को भी मंजूरी दी गई। इन प्रस्तावों को आवश्यकता के आधार पर खरीद की मंजूरी दी गई है। इन खरीद सौदों के पूरा होने से सशस्त्र बलों की युद्धक तैयारी तथा मारक क्षमता कई गुना बढ़ जाएगी। उल्लेखनीय है कि रक्षा खरीद बोर्ड ने पिछले महीने ही करीब सवा तीन लाख करोड़ रुपये की लागत से फ्रांस से 114 राफेल लड़ाकू विमान की खरीद को मंजूरी दी थी। अभी वायुसेना के पास 36 राफेल लड़ाकू विमान हैं। मंत्रालय ने बताया कि परिषद की बैठक में सेना के लिए टैंक रोधी सुरंगों (वैभव) और टी -72 टैंकों तथा इंफेन्ट्री के लिए युद्धक वाहनों की खरीद को भी मंजूरी दी गई है। राफेल विमान की खरीद से संबंधित प्रस्ताव को अब केन्द्रीय मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों की समिति में भी मंजूरी दी जाएगी। सूत्रों के अनुसार इस सौदे में वायुसेना को 18 विमान पूरी तरह तैयार मिलेंगे, जबकि शेष 96 विमान भारत में ही बनाए जाएंगे और इनमें से कुछ विमान दो सीटों वाले भी होंगे जिनका इस्तेमाल पायलटों को प्रशिक्षण में किया जाएगा। फ्रांस की डसॉल्ट एविएशन द्वारा बनाया जाने वाला राफेल एक अत्याधुनिक बहुउद्देशीय लड़ाकू विमान है, जो हवा से हवा और हवा से जमीनी हमलों के साथ-साथ निगरानी मिशन चलाने तथा परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम है। इस विमान को अत्याधुनिक मिसाइलों मेटियोर तथा स्कैल्प क्रूज से लैस रहता है।



### तटरक्षक बल को 2312 करोड़ रुपये की लागत से मिलेंगे आठ डोर्नियर 228 विमान

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने भारतीय तटरक्षक बल के लिए आठ डोर्नियर 228 विमानों की खरीद के उद्देश्य से सार्वजनिक क्षेत्र के रक्षा उपक्रम हिन्दुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के साथ 2,312 करोड़ रुपये के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि यह अनुबंध 'बाय (इंडियन)' श्रेणी के अंतर्गत किया है और इसमें संचालन भूमिका संबंधी उपकरण की खरीद भी शामिल है। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिह की उपस्थिति में इस अनुबंध पर यहां एचएएल के ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट डिवीजन, कानपुर के साथ हस्ताक्षर किए गए। इस अनुबंध से एलएएल का उत्पादन तंत्र सुदृढ़ होगा तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों और सहायक उद्योगों के व्यापक नेटवर्क को समर्थन मिलेगा। इससे रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे और रखरखाव, मरम्मत तथा ओवरहॉल तंत्र बनाने में भी मदद मिलेगी। यह अनुबंध आत्मनिर्भर भारत और मेक-इन-इंडिया के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करता है तथा भारत की समुद्री सुरक्षा संरचना को भी मजबूत बनाता है।

# 'घूसखोर पंडित' के फिल्ममेकर को सुप्रीम कोर्ट की फटकार

## शीर्ष अदालत ने कहा: समाज के एक हिस्से को बदनाम नहीं कर सकते



**पहले बदला हुआ नाम बताएं तभी फिल्म रिलीज होगी, बेंच ने 'घूसखोर पंडित' की एक याचिका पर सूचना व प्रसारण मंत्रालय और सेंट्रल बोर्ड फॉर फिल्म सर्टिफिकेशन को भी नोटिस जारी किया**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को फिल्म घूसखोर पंडित के फिल्ममेकर नीरज पांडे को फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि ऐसे टाइटल का इस्तेमाल करके समाज के एक हिस्से को बदनाम नहीं कर सकते हैं।

मनोज बाजपेई स्टारर फिल्म 'घूसखोर पंडित' की रिलीज पर रोक लगाने वाली एक याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने फिल्म के नाम पर कड़ी आपत्ति जाहिर की। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली थी। जस्टिस बीवी नागरत्ना और उज्जल भुयान की बेंच ने फिल्म 'घूसखोर पंडित' की एक याचिका पर सूचना और प्रसारण मंत्रालय, सेंट्रल बोर्ड फॉर फिल्म सर्टिफिकेशन को भी नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने कहा कि आप ऐसे टाइटल का इस्तेमाल करके समाज के एक हिस्से को बदनाम क्यों कर रहे हैं? यह नैतिकता और पब्लिक ऑर्डर के खिलाफ है। जब तक आप हमें बदला हुआ नाम नहीं बताते हैं। हम आपको फिल्म रिलीज नहीं करने देंगे। कोर्ट ने फिल्म मेकर्स को एक एफिडेविट फाइल करने का निर्देश दिया कि घूसखोर पंडित समाज के किसी भी वर्ग को नीचा नहीं दिखाती है। मामले की अगली सुनवाई 19 फरवरी को होगी। 'घूसखोर पंडित' के खिलाफ दायर की गई याचिका में आरोप लगाया गया है कि यह जाति और धर्म पर आधरित स्टीरियोटाइप को बढ़ावा देती है। सांप्रदायिक सद्भाव और संवैधानिक मूल्यों के लिए खतरा पैदा करती है। यह याचिका भारतीय ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय संगठन सचिव अतुल मिश्रा द्वारा फाइल की गई। इस पीआईएल पर सुनवाई सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई की। इस याचिका में फिल्म 'घूसखोर पंडित' की रिलीज पर रोक लगाने की मांग की गई थी। इस फिल्म को लेकर देश के कई राज्यों में विरोध प्रदर्शन भी हुए। कई फिल्म संस्थाओं ने भी इनके नाम को लेकर आपत्ति जताई। आखिर में मेकर्स ने नाम बदलने की बात कही। फिल्म 'घूसखोर पंडित' में मनोज बाजपेई के अलावा नुसरत भरुचा, साकिब सलीम, अक्षय ओबेराय और दिव्या दत्ता जैसे कलाकार नजर आएंगे।

# राहुल गांधी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव नहीं आएगा

## निशिकांत दुबे ने राहुल की सदस्यता खत्म करने का दिया नोटिस

- कहा: वे गुमराह कर रहे
- संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने एक्स पर वीडियो पोस्ट किया, चार फरवरी को लोकसभा स्पीकर के चैंबर में हंगामे का जिक्र

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने गुरुवार को राहुल गांधी के खिलाफ लोकसभा में सब्सटेंसिव मोशन पेश किया है। राहुल गांधी पर देश को गुमराह करने का आरोप लगाया है। दुबे ने राहुल की संसद सदस्यता खत्म करने और चुनाव लड़ने पर लाइफटाइम बैन लगाने की मांग की है।

मीडिया सूत्रों के मुताबिक, सरकार राहुल के खिलाफ सदन में उनकी स्पीच के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस नहीं लाएगी। इस पर प्रियंका गांधी ने कहा कि मोदीजी ने छाती 56 इंच की नपवाई थी। उनके खिलाफ भी प्रस्ताव आना चाहिए। हालांकि, बीजेपी उनके (राहुल) भाषण से आपत्तिजनक हिस्से हटाने को लेकर अब भी अड़ी हुई है, क्योंकि उन्होंने अब तक अपने आरोपों को लेकर सबूत पेश नहीं किए हैं। बीजेपी के चीफ व्हिप संजय जायसवाल ने राहुल के बजट चर्चा के दौरान कहे गए कुछ अंशों को रिकॉर्ड से हटाने का औपचारिक नोटिस दिया है।

### मजदूर-किसान की लड़ाई में मजबूती से खड़ा रहूंगा : राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि सरकार की नीतियों के कारण देश के मजदूर और किसान अपने हक की लड़ाई के लिए सड़कों पर हैं और वह इस संघर्ष में मजबूती से उनके साथ खड़े रहेंगे। श्री गांधी ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि देश का मेहनतकश वर्ग अपने साथ हो रहे अन्याय से दुखी है और यही वजह है कि आज देशभर में लाखों मजदूर और किसान अपने हक़ की आवाज़ बुलंद करने सड़कों पर हैं। उन्होंने कहा कि मजदूरों को डर है कि चार श्रम संहिताएं उनके अधिकारों को कमजोर कर देंगी। इसी तरह किसानों को आशंका है कि व्यापार समझौता उनकी आजीविका पर चोट करेगा। और मनरेगा को कमजोर या खत्म करने से गांवों का आखिरी सहारा भी छिन सकता है।

# यूपी पंचायत चुनाव से पहले बनेगा पिछड़ा वर्ग आयोग

- सरकार ने हाईकोर्ट में दिया हलफनामा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उप्र सरकार ने हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच को सूचित किया है कि प्रदेश में आगामी पंचायत चुनाव से पहले एक समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग बनाया जाएगा।

जस्टिस राजन राय और जस्टिस अवधेश चौधरी की पीठ इस मामले की सुनवाई कर रही थी। दरअसल, हाईकोर्ट में एक याचिका दाखिल कर मौजूदा पिछड़ा वर्ग आयोग के अधिकारों को चुनौती दी गई थी। सरकार ने अब स्पष्ट किया है कि इसी समर्पित आयोग की रिपोर्ट के आधार पर सीटों का आरक्षण तय होगा। यह कदम सुप्रीम कोर्ट के उन निर्देशों के पालन में उठाया गया है, जिनमें स्थानीय निकाय चुनावों से पहले समर्पित आयोग का होना अनिवार्य बताया गया है।

# मुजफ्फरनगर: मुठभेड़ में 50 हजार का इनामी ढेर

- दो पुलिसकर्मी भी घायल, मारे गए बदमाश पर 40 जघन्य केस थे दर्ज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुजफ्फरनगर।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले में बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के विज्ञाना रोड पर बुधवार देर रात पुलिस ने एक सशस्त्र मुठभेड़ में 50 हजार रुपये के इनामी बदमाश अमजद को मार गिराया। मुठभेड़ के दौरान दो पुलिसकर्मी भी घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मारे गए बदमाश पर लूट, हत्या, डकैती समेत करीब 40 जघन्य मुकदमे दर्ज थे और वह अंतरराज्यीय गिरोह का सक्रिय सदस्य बताया जा रहा था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय वर्मा ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्रामीण इलाके के जंगल के समीप कुछ बदमाश हैं, जो लूट सहित कई मामलों में वांछित चल रहे हैं। सूचना के आधार पर थाना बुढ़ाना, थाना तितावी एवं थाना शाहपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने सूचना के आधार पर पुलिस ने नाकेबंदी कर सघन चेकिंग शुरू की। इस दौरान पुलिस ने बाइक सवार संदिग्ध बदमाशों को रोकने का प्रयास किया, लेकिन खुद को घिरा देख, उन्होंने पुलिस टीम पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। मुठभेड़ के दौरान आत्मरक्षार्थ फायरिंग में बदमाशों की गोलियां एसपी देहात आदित्य बंसल की गाड़ी पर लगीं। वहीं कई गोलियां पुलिसकर्मियों की बुलेटप्रूफ जैकेट पर भी लगीं। इस दौरान दरोगा संदीप और सिपाही अशफाक घायल हो गए, जिन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# भारतीय नौसेना ने पहली बार सीटीएफ की कमान संभाली

- सीटीएफ 154 विशेष रूप से सीएमएफ के सदस्य देशों के प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण पर केंद्रित

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना ने बहुराष्ट्रीय संयुक्त समुद्री बल (सीएमएफ) के अंतर्गत बहुराष्ट्रीय संयुक्त टास्क फोर्स (सीटीएफ) 154 की कमान संभाल ली है। नौसेना ने गुरुवार को बताया कि बहरीन के मनामा स्थित सीएमएफ के मुख्यालय में एक समारोह में भारतीय नौसेना ने बुधवार को टास्क फोर्स की कमान संभाली। समारोह की अध्यक्षता अमेरिकी नौसेना के वाइस एडमिरल कर्ट ए. रेनशॉ ने की।

इस अवसर पर भारतीय नौसेना के डिप्टी चीफ ऑफ नेवल स्टाफ वाइस एडमिरल तरुण सोबती तथा अन्य सदस्य देशों के वरिष्ठ सैन्य अधिकारी उपस्थित थे। भारतीय नौसेना के कमोडोर मिलिंद एम. मोकाशी, शौर्य चक्र, ने इतालवी नौसेना के निवर्तमान कमांडर से सीटीएफ 154 की कमान औपचारिक रूप से संभाली। सीटीएफ 154 विशेष रूप से सीएमएफ के सदस्य देशों के प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण पर केंद्रित है। यह क्षेत्र में भारत की पेशेवर विशेषज्ञता, संचालन अनुभव और 47 सदस्य देशों के बीच एक पसंदीदा सुरक्षा साझेदार के रूप में उसकी भूमिका पर बढ़ते विश्वास को दर्शाता है। सीटीएफ 154 की स्थापना मई 2023 में की गई थी और इसका उद्देश्य पश्चिम एशिया और आगे के क्षेत्र में बहुराष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से समुद्री सुरक्षा को सुदृढ़ करना है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम पांच मुख्य स्तंभों समुद्री क्षेत्र जागरूकता, समुद्री कानून , समुद्री अवरोधन अभियान, समुद्री बचाव और सहायता, तथा नेतृत्व विकास पर आधारित है। यह टास्क फोर्स नियमित समुद्री सुरक्षा उन्नयन प्रशिक्षण कार्यक्रम, कम्पास रोज और नॉर्दर्न/सदर्न रेडीनेस जैसे अभ्यास, तथा साझेदार देशों की परिचालन क्षमताओं को सुदृढ़ करने के लिए संपर्क कार्यक्रम आयोजित करती है, जिससे अवैध तस्करी, समुद्री डकैती और अनियमित प्रवासन जैसे साझा खतरों का मुकाबला किया जा सके। सीटीएफ 154 का संचालन सीएमएफ की अन्य टास्क फोर्स- सीटीएफ 150 (समुद्री सुरक्षा), सीटीएफ 151 (समुद्री डकैती निरोध), सीटीएफ 152 (अरब खाड़ी में समुद्री सुरक्षा) और सीटीएफ 153 (लाल सागर में समुद्री सुरक्षा)-के साथ किया जाता है।

# वंदे मातरम पर सरकार का आदेश आजादी पर हमला: मदनी

- जमीयत उलेमा-ए-हिंद के प्रमुख ने कहा: ये मनमाना और एकतरफा
- वंदे मातरम के सभी छंद गाने के विरोध में संगठन
- पंजाब में भी फैसले का विरोध, दल खालसा ने सिख पहचान के खिलाफ बताया, हिंदुत्व विचारधारा को सिख समुदाय पर थोपने का प्रयास



**नई दिल्ली।** मुस्लिम संगठन जमीयत उलेमा-ए-हिंद ने वंदे मातरम के सभी छंद गाने का विरोध किया है। संगठन ने कहा कि सरकार का ये आदेश हमारी धार्मिक आजादी पर हमला है। संगठन ने सरकार के आदेश को एकतरफा और मनमाना बताया। जमीयत के प्रेसिडेंट मौलाना अरशद मदनी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मुसलमान किसी को भी वंदे मातरम गाने या बजाने से नहीं रोकते, लेकिन गाने के कुछ छंद मातृभूमि को एक देवता के रूप में दिखाते हैं।

ये हमारी मान्यताओं के खिलाफ हैं। केंद्र सरकार ने बुधवार को एक आदेश जारी कर राष्ट्रगीत वंदे मातरम को राष्ट्रगान जन गण मन की तरह ही सम्मान देना अनिवार्य कर दिया है। आदेश के मुताबिक राष्ट्रगीत के सभी 6 अंतरे गाए जाएंगे, जिनकी कुल अवधि 3 मिनट 10 सेकंड है। अब तक मूल गीत के पहले दो अंतरे ही गाए जाते थे। मदनी ने कहा कि एक मुसलमान सिर्फ एक अल्लाह की इबादत करता है, इसलिए उसे यह गाना गाने के लिए मजबूर करना संविधान के आर्टिकल 25 और सुप्रीम कोर्ट के कई फैसलों का साफ उल्लंघन है। इस गाने को जरूरी बनाना और इसे नागरिकों पर थोपने की कोशिश देशभक्ति का इजहार नहीं है, बल्कि यह चुनावी राजनीति, एक सांप्रदायिक एजेंडा और बुनियादी मुद्दों से लोगों का ध्यान हटाने की कोशिश है। देश के लिए प्यार का असली पैमाना नारों में नहीं, बल्कि किरदार और कुर्बानी में है। इसकी शानदार मिसालें मुसलमानों और जमीयत उलेमा-ए-हिंद के ऐतिहासिक संघर्ष में खास तौर पर देखी जा सकती हैं। ऐसे फैसले देश की शांति, एकता और डेमोक्रेटिक मूल्यों को कमजोर करते हैं और संविधान की भावना को कमजोर करते हैं। वंदे मातरम को जरूरी बनाना संविधान, धार्मिक आजादी और डेमोक्रेटिक उसूलों पर साफ हमला है। वंदे मातरम अनिवार्य -शेष पृष्ठ दो पर

## संक्षिप्त समाचार

### महिला डाक्टर से अभद्र व्यवहार पर एडिशनल प्रोफेसर निलंबित

**लखनऊ।** लखनऊ के किग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) में एक बार फिर महिला रेजिडेंट डाक्टर से कथित अभद्रता का मामला सामने आया है। बाल रोग विभाग के एक एडिशनल प्रोफेसर पर जूनियर रेजिडेंट डाक्टर ने अनुचित व्यवहार और मोबाइल पर आपत्तिजनक संदेश भेजने के आरोप लगाए हैं। शिकायत मिलते ही विश्वविद्यालय प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी चिकित्सक को निलंबित कर दिया है। इस बाबत पीड़िता ने परिजनों के साथ संस्थान प्रशासन को लिखित शिकायत दी थी। इसके बाद 11 फरवरी को कुलपति डा. सोनिया नित्यानंद के निर्देश पर सात सदस्ईय आंतरिक शिकायत समिति (विशाखा कमेटी) का गठन किया गया। समिति ने पीड़िता और आरोपी दोनों के बयान दर्ज किए। प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में आरोप प्रथम दृष्टया सही पाए जाने पर आरोपी एडिशनल प्रोफेसर को निलंबित कर डीन मेडिसिन कार्यालय से संबद्ध कर दिया गया है।

### महर्षि दयानंद सरस्वती राष्ट्र-जागरण के अग्रदूत: योगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वैदिक चेतना के महान उद्घोषक, आध्यात्मिक चितक और आर्य समाज के संस्थापक महर्षि स्वामी दयानंद सरस्वती की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि असीम ज्ञान और उच्च गुणों से संपन्न स्वामी दयानंद सरस्वती का संपूर्ण जीवन समाज-उत्थान, राष्ट्र-जागरण और मानव-कल्याण के पावन कार्यों को समर्पित रहा। उन्होंने भारतीय समाज को कुरीतियों से मुक्त करने, वेदों की ओर लौटने और आत्मगौरव की भावना जगाने का आह्वान किया।

# चारु गुप्ता को मिला अंतर्राष्ट्रीय सम्मान कुमारस्वामी पुस्तक पुरस्कार

**नई दिल्ली, वार्ता**

■ सम्मान के साथ एक हजार डॉलर भी मिलेंगे

दिल्ली विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग की वरिष्ठ प्रोफेसर प्रोफेसर चारु गुप्ता को प्रतिष्ठित 'आनंद केंटिश कुमारस्वामी पुस्तक पुरस्कार' (दक्षिण एशिया) से सम्मानित किया गया है। इस सम्मान के साथ उन्हें एक हजार डॉलर (करीब 91 हजार रुपए) भी मिलेंगे।

प्रोफेसर गुप्ता को यह पुरस्कार उनकी नई पुस्तक 'हिंदी हिदू हिस्ट्रीज: कॉस्ट, आयुर्वेद, ट्रेवल एंड कम्युनिज्म इन अर्ली ट्वेटिन्थ सेंचुरी इंडिया' के लिए 'एसोसिएशन फॉर एशियन स्टडीज (एएएस) ने दिया है। आनंद केंटिश कुमारस्वामी पुरस्कार दक्षिण एशिया पर विशिष्ट और मौलिक विद्वतापूर्ण कार्यों के लिए दिया जाता है। कला इतिहासकार और सांस्कृतिक चितक आनंद के कुमारस्वामी के नाम पर स्थापित यह पुरस्कार उन पुस्तकों को दिया जाता है, जो दक्षिण एशिया के इतिहास, संस्कृति और समाज के अध्ययन में महत्वपूर्ण और स्थाई योगदान देता हैं। इसे दक्षिण एशियाई अध्ययन के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित मान्यता है। यह पुस्तक 20वीं सदी की शुरुआत में उत्तर भारत की उत्तर भारत में आत्मकथाओं और 'प्रिट' संस्कृति के जरिए हिदू जीवन के विभिन्न पहलुओं की पड़ताल करती है। इसमें जाति, आयुर्वेद, यात्रा वृत्तांत और साम्यवाद का ऐतिहासिक विश्लेषण किया गया है। यह दिखाती है कि उस परिवर्तनकारी दौर में जाति, लिग, राष्ट्र और हिंदू पहचान को लेकर विभिन्न लोकभाषाई दृष्टियां किस तरह से उभर रही थीं। चारु की अन्य चर्चित पुस्तकों में सेक्सुअलिटी, ऑब्सिनिटी, कम्युनिटी एंड द जेंडर ऑफ कॉस्ट तथा 'जाति और लिग: दलित, सवर्ण और हिदी प्रिट संस्कृति हैं। एएएस इस वर्ष की पुरस्कार प्रतियोगिताओं के विजेताओं की घोषणा करते हुए कहा कि सभी सम्मानित व्यक्तियों को बधाई।

# विधान परिषद में गूंजा शहरों में अतिक्रमण और जाम का मुद्दा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ लोक महत्व का अविलंबनीय विषय बताते हुए विपक्ष ने सरकार से कार्रवाई की मांग उठाई

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद में एमएलसी विजय बहादुर पाठक ने नियम 110 के अंतर्गत शहरों में बढ़ते अतिक्रमण और यातायात जाम की समस्या का मुद्दा उठाया। उन्होंने इसे लोक महत्व का अविलंबनीय विषय बताते हुए सरकार से प्रभावी कार्रवाई की मांग की।

सभापति ने विषय को गंभीर मानते हुए आवश्यक कार्यवाही के निर्देशों के साथ सरकार को भेज दिया। सदन में कहा गया कि सरकार की नीतियों के कारण प्रदेश में तेजी से शहरी विकास हो रहा है और स्वच्छता रैंकिग में भी कई जनपदों ने स्थान बनाया है। हालांकि बढ़ते शहरीकरण के साथ अतिक्रमण की समस्या भी विकराल होती जा रही है, जिससे शहरों में जाम की स्थिति आम हो गई है। इससे आम नागरिकों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सदस्य ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा शहरों को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए मॉडल वेंडिग जोन बनाने के निर्देश दिए गए हैं और कुछ स्थानों पर काम भी हुआ है, लेकिन अपेक्षित सफलता नहीं मिल सकी है। इसके लिए स्थानीय निकायों की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया गया। गाजियाबाद, मुरादाबाद, वाराणसी, गोरखपुर, कानपुर, बरेली, अलीगढ़ और मेरठ सहित अधिकांश नगर निगमों के प्रमुख चौराहों पर अतिक्रमण की समस्या बनी हुई है। राजधानी लखनऊ में भी विभूति खंड क्षेत्र को छोड़कर अन्य इलाकों में स्थिति चिंताजनक बताई गई। प्रदेश में नगर निगम अधिनियम के तहत गठित टाउन वेंडिग कमेटी (टीवीसी) की नियमित बैठकें नहीं होने पर भी सवाल उठाए गए। बताया गया कि लखनऊ नगर निगम में लगभग दस महीनों से टीवीसी की बैठक नहीं हुई है, जबकि नियमों के अनुसार हर माह बैठक होना अनिवार्य है। इस समिति में पार्षदों, रेहड़ी-पटरी दुकानदारों, बड़े प्रतिष्ठानों, पुलिस, ट्रैफिक पुलिस, लोक निर्माण विभाग, विकास प्राधिकरण, विद्युत विभाग, आवास विकास और डूडा के प्रतिनिधि शामिल होते हैं। सदन में मांग की गई कि टाउन वेंडिग कमेटियों को सक्रिय कर नियमित बैठकें सुनिश्चित की जाएं, ताकि शहरों को अतिक्रमण से मुक्त कर यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाया जा सके और नागरिकों को राहत मिल सके।

## उप्र विधानसभा में अतुल प्रधान ने नियम 300 के तहत मुद्दा उठाया

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के दुरुपयोग पर जताई चिंता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ सपा विधायक ने कहा-एआई एक खतरनाक तकनीक साबित हो सकती है, जिसका दुरुपयोग संभव

■ सपा सदस्य सचिन यादव ने विधानसभा में उठाया ट्रांसजेंडर समुदाय का मुद्दा, मंत्री ने दी सफाई

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के चौथे दिन गुरुवार को सदन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा हुई। शून्य प्रहर के दौरान समाजवादी पार्टी के सदस्य अतुल प्रधान ने नियम 300 के तहत यह मुद्दा उठाया और सरकार से संज्ञान लेने की मांग की।

अतुल प्रधान ने कहा कि एआई एक खतरनाक तकनीक साबित हो सकती है, जिसका दुरुपयोग संभव है। उन्होंने अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि एक एजेंसी के कुछ लोग उनके पास आए थे और दावा किया था कि वे उनके बिना मौजूद हुए ही उनकी आवाज और चेहरे का हूबहू इस्तेमाल कर जनता तक उनका भाषण पहुंचा सकते हैं। उन्होंने कहा कि यदि उनकी आवाज और चेहरा सकारात्मक संदर्भ में प्रसारित किए जा सकते हैं, तो उनका गलत इस्तेमाल भी संभव है। इस संबंध में उन्होंने अपने जिले के एसएसपी से शिकायत की, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने इस मुद्दे को गंभीर बताते हुए कहा कि एआई का प्रभाव विशेष रूप से राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े लोगों पर अधिक पड़ सकता है। उन्होंने संसदीय कार्य मंत्री से इस पर ध्यान देने का आग्रह किया और शिकायतों पर कठोर कार्रवाई की आवश्यकता जताई। इस पर संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि केंद्र सरकार ने एआई को लेकर कानून बनाया है। इस विषय पर विधि विशेषज्ञों से चर्चा करने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले प्रदेश सरकार के आईटी मंत्री सुनील शर्मा ने भी सरकार का पक्ष सदन में रखा। सदन में हुई इस चर्चा ने एआई जैसी उभरती तकनीक के दुरुपयोग और उससे जुड़े कानूनी पहलुओं पर गंभीर विमर्श की आवश्यकता को रेखांकित किया। वहीं राज्य विस में गुरुवार को समाजवादी पार्टी के विधायक सचिन यादव द्वारा ट्रांसजेंडर पर उठाए गए प्रश्न के जवाब में समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने कहा कि यह सदन का एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक क्षण है, जब सबसे पिछड़े और हाशिए पर रहने वाले समुदाय की समस्याओं पर गंभीर चर्चा हो रही है।

### सपा विधायक रागिनी के सवालों पर सदन में गरमाया माहौल, मंत्री के जवाब पर हंगामा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में गुरुवार को उस समय माहौल गरमा गया जब समाजवादी पार्टी की विधायक रागिनी सोनकर ने मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' से निवेश और डिफेंस कॉरिडोर को लेकर तीखे सवाल पूछे। रागिनी सोनकर ने पहला सवाल उठाते हुए कहा कि प्रदेश में लाखों करोड़ रुपए के एमओयू साइन किए गए, लेकिन धरातल पर सिर्फ 9 प्रतिशत ही परियोजनाएं क्यों दिख रही हैं? दूसरा सवाल डिफेंस कॉरिडोर को लेकर था। उन्होंने पूछा कि चित्रकूट, झांसी, अलीगढ़ और आगरा जैसे जिलों में अब तक प्रगति शून्य क्यों है। तीसरे सवाल में उन्होंने भाजपा के फंड को लेकर टिप्पणी करते हुए कहा कि वर्ष 2014 में पार्टी के खाते में 800 करोड़ रुपए थे, जो अब 16 हजार करोड़ रुपए कैसे हो गए, जबकि अर्थव्यवस्था कमजोर बताई जा रही है। रागिनी के सवालों के जवाब में मंत्री नंद गोपाल गुप्ता खड़े हुए और उनके सवालों को पढ़ने लगे। इस पर विधानसभा अध्यक्ष ने उन्हें टोका। इसके बाद मंत्री विपक्ष पर निशाना साधते हुए सपा सरकार के कार्यकाल का जिक्र करने लगे।

# विदेशी दबाव में आकर समझौते देशहित के खिलाफ: खड़गे

**नई दिल्ली, वार्ता**



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने केंद्र सरकार के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाते हुए कहा है कि विदेशी दबाव में आकर किए गए समझौते देशहित के खिलाफ हैं और सरकार की नीतियां करोड़ों मेहनतकश किसानों, मजदूरों और श्रमिकों के भविष्य को खतरे में डाल रही हैं।

खड़गे ने नए श्रम कानूनों और मनरेगा को कमजोर करने के आरोपों को लेकर मोदी सरकार की आलोचना करते हुए गुरुवार को कहा कि देशभर में ट्रेड यूनियन, किसान और मजदूर सरकार की नीतियों के खिलाफ सड़कों पर उतरकर विरोध कर रहे हैं। सरकार की नीतियां करोड़ों मेहनतकश किसानों, मजदूरों और श्रमिकों के भविष्य को खतरे में डाल रही हैं। उन्होंने कहा कि विदेशी दबाव में आकर किए गए समझौते देशहित के खिलाफ हैं और इससे आम नागरिकों के जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। छोटे व्यापारी, कामगार और आम जनमानस इस कथित जन-विरोधी डील का सबसे ज्यादा विरोध कर रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने यह भी कहा कि पार्टी इस मुद्दे पर सड़क से लेकर संसद तक संघर्ष जारी रखेगी। उन्होंने सरकार से किसानों और मजदूरों के हितों की रक्षा करने की मांग भी की।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 83674.92
निफ्टी 25807.20



सोना 157550
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




चांदी रु. 257567
प्रति किलो



# आईटी सेक्टर में जबरदस्त गिरावट, सेंसेक्स 559 अंक लुढ़का

**मुंबई, वार्ता**



सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों में जारी बिकवाली के दबाव में गुरुवार को घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट देखी गई जिससे बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 558.72 अंक (0.66 प्रतिशत) टूटकर 83,674.92 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 146.65 अंक नीचे 25,807.20 अंक पर रहा।

सेंसेक्स में शामिल चारों आईटी कंपनियों टेक महिंद्रा, इंफोसिस, टीसीएस और एचसीएल टेक्नोलॉजीज के शेयरों में पांच से छह प्रतिशत के आसपास गिरावट रही। चौतरफा गिरावट के बीच निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.45 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.64 प्रतिशत नीचे रहा। निफ्टी आईटी सूचकांक 5.51 प्रतिशत लुढ़क गया। तेल एवं गैस, रसायन, रियलटी, मीडिया, एफएमसीजी, बैंकिग, फार्मा और ऑटो में भी गिरावट रही। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूह में तेजी रही। एनएसई में शामिल 3,256 कंपनियों के शेयरों में से 2,007 के शेयर गिरावट में रहे जबकि 1.151 में तेजी रही। अन्य 98 कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 17 के शेयर लाल निशान में बंद हुए। टेक महिंद्रा का शेयर 5.99 प्रतिशत टूट गया। इंफोसिस में 5.79 प्रतिशत, टीसीएस में 5.41, एचसीएल टेक्नोलॉजीज में 4.84, महिंद्रा एंड महिंद्रा में 2.23, हिंदुस्तान यूनीलिवर में 2.13 और रिलायंस इंडस्ट्रीज में 1.27 प्रतिशत की गिरावट रही। इटरनल, कोटक महिंद्रा बैंक, एचडीएफसी बैंक, अडानी पोर्ट्स, मारुति सुजुकी, एक्सिस बैंक और इंडिगो के शेयर भी लाल निशान में रहे। बजाज फाइनेंस का शेयर 3.17 प्रतिशत चढ़ा। आईसीआईसीआई बैंक का शेयर 1.73 फीसदी, ट्रेंट का 1.52 और बीईएल का 1.43 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ।

# सर्राफा बाजार में दिखी गिरावट, चांदी 2000 तक टूटी, सोना 600 रुपये सस्ता

**नई दिल्ली।** सोना-चांदी की कीमतों में गुरुवार को गिरावट देखने को मिली। चांदी 2040 रुपये सस्ती होकर 2.61 लाख रुपये प्रति किलो पर आ गई। वहीं सोना 630 रुपये गिरकर 1.58 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। शुरुआती कारोबार में बुलियन की दरों के अनुसार सोना 660 रुपये सस्ता होकर 1.58 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। वहीं चांदी 1200 रुपये गिरकर 2.62 लाख प्रति किलो पर आ गई। एमसीएक्स पर गुरुवार को चांदी की कीमतें चार प्रतिशत की तेजी के साथ 2.62 लाख रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई। वहीं सोना की कीमतों में 1,957 रुपये का उछाल देखने को मिला। सोना 1.25 प्रतिशत चढ़कर 1.58 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। पिछले दिन बुधवार को चांदी की कीमतों में जोरदार तेजी दर्ज की गई और यह 4,000 रुपये उछलकर 2.68 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई थी। वहीं, सोने के भाव में भी मजबूती रही और यह 1.61 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के पार निकल गया। स्पाट गोल्ड की कीमत मामूली गिरावट के साथ 5,080 डालर प्रति औंस पर आ गई, जबकि स्पाट सिल्वर 2 प्रतिशत लुढ़ककर 82.2 डालर प्रति औंस पर पहुंच गया। अमेरिकी श्रम बाजार के मजबूत आंकड़ों के बाद गुरुवार को एशियाई कारोबार के दौरान सोना और चांदी की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई।

# चावल, गेहूं, दालें नरम, चीनी मजबूत, खाद्य तेलों में घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**



घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को चावल के औसत भाव घट गए। चावल के साथ गेहूं और दालों में भी गिरावट रही। चीनी के दाम बढ़ गए, जबकि खाद्य तेलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 14 रुपये घटकर 3,836 रुपये प्रति क्विंटल पर रही। गेहूं की कीमत 18 रुपये फिसलकर 2,847 रुपये प्रति क्विंटल पर आ गई। आटा भी छह रुपये महंगा हुआ।

दाल-दलहनों में नरमी रही। उड़द दाल औसतन 20 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। चना दाल की कीमत 15 रुपये और मूंग दाल की दो रुपये प्रति क्विंटल घट गई। तुअर दाल और मसूर दाल में टिकाव रहा। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अप्रैल वायदा 24 रिंगिट टूटकर 4,037 रिंगिट प्रति टन रह गया। अमेरिकी सोया तेल का मार्च वायदा 0.63 प्रतिशत की मजबूती के साथ 57.41 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल की औसत कीमत 33 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। सरसों तेल 99 रुपये और सूरजमुखी तेल 77 रुपये सस्ता हुआ। पाम ऑयल की कीमत 60 रुपये और वनस्पति की 51 रुपये घट गई। सोया तेल में 34 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव 17 रुपये प्रति क्विंटल उतर गए। वहीं, चीनी तीन रुपये महंगी हुई।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
- HEALTH WITH CARE -
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# रामपुर में वकील की हत्या के विरोध में साथी वकीलों ने किया कार्य बहिष्कार

**लखनऊ।** रामपुर में बुधवार को एक अधिवक्ता की गोली मारकर हत्या करने के विरोध में उत्तर प्रदेश के विभिन्न शहरों में गुरुवार को वकीलों ने कार्य बहिष्कार किया। देवरिया में हत्या के विरोध में दिवानी और कलेक्ट्रेट कचहरी के दर्जनों अधिवक्ता कार्य बहिष्कार कर परिसर में शासन-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किए। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज मिश्रा और कलेक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रीतम मिश्रा बताया कि रामपुर एक अधिवक्ता फारूख अहमद खान की निर्मम हत्या के विरोध में यह प्रदर्शन किया गया है।

बार एसोसिएशन के दोनों अध्यक्षों ने मांग किया है कि वकील के हत्यारों तत्काल गिरफ्तार कर मामले को एफटीसी कोर्ट में लगाकर तत्काल फांसी दिया जाय। रायबरेली की विभिन्न बार एसोसिएशन ने अधिवक्ता की गोली मारकर की गई हत्या का विरोध करते हुए प्रस्ताव पारित कर न्यायिक कार्यो से विरक्त रहने की घोषणा करते हुए घटना की कड़े शब्दों में निदा की और अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को सरकार द्वारा लागू कराने की भी मांग की। गौरतलब है कि रामपुर में बुधवार दोपहर अधिवक्ता फारूक अहमद खां (50) की एक लिपिक ने दिनदहाड़े अपनी लाइसेंसी रिवाल्वर गोली मारकर हत्या कर दी थी।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**वंदे मातरम...** किए जाने पर ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने कहा कि सरकार का यह फैसला गैर कानूनी है। धार्मिक आजादी, सेक्युलर मूल्यों के खिलाफ है। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने मांग कि है कि सरकार इस नोटिफिकेशन को वापस ले। वापस नहीं लिया, तो पर्सनल लॉ बोर्ड इस फैसले को कोर्ट में चुनौती देगा। सिख संगठन दल खालसा ने वंदे मातरम अनिवार्य किए जाने के फैसले पर कड़ा ऐतराज जताया है। उन्होंने इसे सिख पहचान व धार्मिक भावनाओं के खिलाफ बताया है। दल खालसा के नेता कंवरपाल सिंह बिट्टू ने बयान जारी करते हुए कहा कि यह फैसला भारतीयता के नाम पर हिंदुत्व विचारधारा को सिख समुदाय पर थोपने का प्रयास है। सिख होने के नाते हम इसे स्वीकार नहीं करेंगे। यह निर्णय सिख समुदाय की भावनाओं और उनकी धार्मिक पहचान के विपरीत है।

# गुरुकुल छात्रा ने 5,555 भिन्न ॐ लिखकर बनाया विश्व रिकॉर्ड

**वाराणसी।** धर्म और अध्यात्म की नगरी काशी के तुलसीपुर महमूरगंज स्थित पाणिनि कन्या महाविद्यालय की कक्षा 10वीं की छात्रा कुमारी स्वर्णा निगम ने कला और आध्यात्मिक क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। कुमारी स्वर्णा ने 5,555 अलग-अलग प्रकार के 'ॐ' (ओंकार) की विशिष्ट पेंटिंग्स बनाकर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। उनकी इस अद्वितीय कला-साधना को 'यूरेशिया वर्ल्ड रिकॉर्ड' में आधिकारिक रूप से दर्ज किया गया है। यह उपलब्धि न केवल महाविद्यालय, बल्कि पूरी काशी और देश के लिए गौरव का विषय है। गुरुवार को पाणिनि कन्या महाविद्यालय परिसर में भव्य प्रदर्शनी एवं विमोचन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्र उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में वाराणसी संसदीय कार्यालय के समन्वयक शिव शरण पाठक, विश्व वैदिक न्यास के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष सिंह, वरिष्ठ पर्यावरणविद् अनिल कुमार सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# नए श्रमिक कानून कामगार विरोधी हैं: विपक्ष

**नई दिल्ली, वार्ता**

■ कहा: 2020 में तीन श्रम संहिताएं जल्दबाजी में पारित की करने के बाद श्रमिकों के हितों की तिलांजलि दी गई थी

लोकसभा में गुरुवार को विपक्षी सदस्यों ने औद्योगिक संबंध संहिता (संशोधन) विधेयक, 2026 को श्रमिकों के हितों के विरुद्ध करार देते हुए कहा कि इस कानून के लागू होने से कामगारों के अधिकारों में और ह्रास होगा।

विधेयक को विचार करने तथा पारित किए जाने के लिए सदन में प्रस्तुत किए जाने के बाद इस पर चर्चा की शुरुआत करते हुए कांग्रेस के के. सुरेश ने कहा कि देश भर के श्रमिक अपने अधिकारों की रक्षा के लिए जब गुरुवार को देशव्यापी हड़ताल कर रहे हैं, तब यह संशोधन विधेयक लाया गया है। उन्होंने कहा कि 2020 में पारित की गई तीन श्रम संहिताएं जल्दबाजी में पारित की गई थीं, जिनमें श्रमिकों के हितों की तिलांजलि दी गई थी। अब इस विधेयक के जरिए श्रमिकों के अधिकारों को और कम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 300 तक श्रमिकों-कर्मचारियों वाली कंपनियां, फैक्ट्री और कारखाने सरकार की अनुमति के बगैर बंद किए जा सकेंगे।

सुरेश ने कहा कि 90 प्रतिशत कार्यबल असंगठित क्षेत्र में काम करता है, उसकी पेंशन, रोजगार, स्वास्थ्य सुरक्षा का ध्यान कौन रखेगा। महिलाओं की भागीदारी कार्यबल में कम हो रही है। आज कारपोरेट सेक्टर को काफी बढ़ावा दिया जा रहा है। कारपोरेट की मांगें मान ली जाती हैं। श्रमिकों की मांगें ठुकरा दी जा रही हैं। मोदी सरकार श्रमिकों की असुरक्षा को संस्थागत रूप दे रही है। उन्होंने कहा कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार श्रमिकों के हितों में काम करती थी। तत्कालीन सरकार महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून (मनरेगा) लाई थी। संप्रग सरकार सामाजिक न्याय के लिए काम करती थी। आज सार्वजनिक उपक्रम कमजोर हो रहे हैं, उनका निजीकरण किया जा रहा है।

अनुबंध पर अधिक कर्मचारी लाए जा रहे हैं। यह विधेयक रोजगार सुरक्षा को क्षति पहुंचाता है। भारतीय जनता पार्टी के दर्शन सिंह चौधरी ने कहा कि इस विधेयक में पहले के श्रमिकों के जुड़े कानूनों को समेकित करके नई श्रम संहिताएंलाई गई हैं। इस विधेयक को प्रगतिशील सुधार के रूप में जाना जाना चाहिए। सरकार की मंशा श्रमिक-मालिक के बीच तालमेल के जरिए उद्योगों में तरक्की लाना है। सरकार गैरकानूनी तालाबंदी पर रोक लगाना चाहती है। सरकार के इन कदमों से अर्थव्यवस्था में सुधार लाना है। इस सरकार की ओर से लाई गई श्रमिक संहिताएंपूरे देश में लागू होंगी। इनके लागू होने से औद्योगिक विवाद सुलझाना जयादा सरल हो जाएगा। समाजवादी पार्टी के सांसद अफजल अंसारी ने कहा कि 2020 में जब श्रम संहिताएंलागू की गई थीं, तो बड़े-बड़े दावे किए गए थे और अब उनमें संशोधन करना पड़ रहा है। सरकार जब एक मजबूत कानून नहीं बना सकती तो यह श्रमिकों के हितों की बात करेगी, ऐसा सोचना निरर्थक है। उन्होंने कहा कि अब श्रमिकों की छंटनी को आसान कर दिया गया है। ऐसी स्थिति में सरकार के प्रति श्रमिकों में घोर निराशा है। उद्योगों को ढील दी जा रही है। तीन सौ कर्मचारियों वाली कंपनियों- कारखानों में जब चाहे तब कामगारों को नौकरी से निकाला जा सकता है। सरकार को मजदूरों के हितों के बारे में सोचना चाहिए।

# सीएम ने 85 करोड़ की 146 परियोजनाओं को दी मंजूरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने तिमारपुर के मलकागंज चौक पर एक कार्यक्रम में एससी/एसटी बस्तियों के सुधार योजना के तहत कई विकास कार्यों का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मूल मंत्र पर चलते हुए आज सरकार ने एससी/एसटी बस्तियों के लिए करीब 85 करोड़ रुपये की 146 परियोजनाओं को स्वीकृति दी है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि दिल्ली सिर्फ बड़ी-बड़ी इमारतों से नहीं बनती, बल्कि उन बस्तियों से बनती है जहां मेहनत करने वाले परिवार रहते हैं। कार्यक्रम में दिल्ली के कैबिनेट मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह, तिमारपुर से विधायक सूर्य प्रकाश खत्री और मॉडल टाउन के विधायक अशोक गोयल सहित कई गणमान्य उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शेष लंबित कार्यों के लिए औपचारिकताओं को जल्द पूरा कर काम शुरू किया जाए। मुख्यमंत्री ने बताया कि 4.12 करोड़ रुपये की लागत वाली 9 परियोजनाएं पूरी होकर तैयार हो चुकी हैं, जिनका आज लोकार्पण किया गया। इसके अलावा, 38.63 करोड़ रुपये की लागत वाली 64 नई परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया, जिनका कार्य जल्द शुरू होगा। इन परियोजनाओं में मुख्य रूप से चौपालों का नवीनीकरण, सड़कों का निर्माण, पार्कों का विकास, सीवर लाइनों का निर्माण और पेयजल आपूर्ति जैसी स्थानीय आवश्यकताओं से जुड़े कार्य शामिल हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार के 357 दिनों के कार्यकाल में वर्षों से 'अटके, लटके और भटके' पड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया गया है। अब विकास भ्रष्टाचार-मुक्त है और जो धन पहले 'शीश महलों' और भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाता था, वह अब सीधा जनता के हित में खर्च हो रहा है। वर्तमान में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 100-100 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं को स्वीकृति दी जा रही है।

## पुरानी दुश्मनी के चलते चाकू से हुई हत्या, सात आरोपी पकड़े

**नई दिल्ली।** दिल्ली के बाहरी उत्तरी जिला पुलिस के नरेला इंडस्ट्रियल एरिया थाने के स्टाफ ने नाबालिग की हत्या के सनसनीखेज मामले को सुलझाकर नाबालिगों सहित सात आरोपियो को पकड़ा है।पुलिस ने उनके पास से वारदात में हथियार के तौर पर इस्तेमाल किए गए चार चाकू बरामद किए है।

दिल्ली के बाहरी उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त हरेश्वर स्वामी ने बताया कि 11 फरवरी की रात को, लगभग 09:36 बजे, झंडा चौक, जे जे कॉलोनी, बवाना के पास चाकूबाजी की एक घटना की जानकारी मिली। सूचना मिलने पर, पुलिस वाले तुरंत मौके पर पहुंचे और बाद में पूठ खुर्द के एमवी हॉस्पिटल गए।पीड़ित की पहचान नाबालिग के तौर पर हुई जिसे डॉक्टरों ने "मरा हुआ" घोषित कर दिया। एमएलसी रिपोर्ट में छाती और शरीर के दूसरे हिस्सों पर चाकू के कई जानलेवा घाव मिले।शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि रात करीब 08:30 बजे, आरोपियों ने "पीड़ित को रोका। कुछ लोगों के उकसाने पर, ग्रुप ने बेरहमी से हमला किया। कुछ साथियों ने मारपीट (मुक्के और लात) की, जबकि दूसरों ने पीड़ित पर चाकुओं से हमला किया। शिकायतकर्ता के बयान के आधार पर,पता चला कि वे एक-दूसरे को जानते थे और पिछले किसी मामले को लेकर दुश्मनी थी। इसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर एसीपी नरेला राकेश कुमार की देखरेख में एसएचओ नरेला इंडस्ट्रियल एरिया मनोज कुमार के नेतृत्व में टीम ने जांच शुरू की। जांच के दौरान टीम ने टेक्निकल सर्विलांस और लोकल इंटेलिजेंस के आधार पर आरोपी सलीम (18), साहिल (20),फहद उर्फ मोनू (18) और चार नाबालिगों को पकड़ लिया। पुलिस ने उनके पास से अपराध में इस्तेमाल किए गए चार चाकू भी बरामद किए गए।पुलिस ने बताया कि आरोपी मो. फारुख नाम के एक व्यक्ति की भूमिका अभी कथित साजिश और उकसाने के लिए जांच के दायरे में है।

# प्रॉपर्टी हड़पने को गैंगस्टर हिमाशुं भाऊ का सदस्य बताया, पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अशोक विहार इलाके में कारोबारी को इंटरनेशनल नंबर से गैंगस्टर हिमाशुं भाऊ का सदस्य बताकर धमकी देने वाले विकास उर्फ विक्की को नॉर्थ वेस्ट जिला की एएटीएस पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी विकास उर्फ विक्की ने डर पैदा करने के लिए खुद को हिमांशु भाऊ गैंग का झूठा मेंबर बताया था। उसका और उसके साथियों का इरादा पीडिघ्त को सेक्टर 23, रोहिणी में मौजूद लगभग 10 करोड़ की प्रॉपर्टी अपने नाम करने के लिए मजबूर करना था। आरोपी के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल आई फोन बरामद किया है। पिछले साल 25 नवम्बर को अशोक विहार में रहने वाले रजत गुप्ता से पता चला था कि एक अनजान आदमी, जो खुद को बदनाम हिमांशु भाऊ गैंग का सदस्य बता रहा था, लगातार अलग-अलग इंटरनेशनल व्हट्सएप कॉल के जरिए क्रिमिनल धमकी और जबरन वसूली की धमकियां दे रहा था, ताकि वह लगभग 10 करोड़ की प्रॉपर्टी अपने नाम करने के लिए मजबूर हो सके। पता चला कि

यह प्रॉपर्टी जून 2022 में शिकायत करने वाले की पत्नी मेघा गोयल और साली निधि ने परवीन कुमार नाम के एक आदमी से खरीदी थी। शिकायत करने वाले ने क्रिमिनल धमकी और जबरन वसूली के आरोपों को साबित करने के लिए डिजिटल ऑडियो रिकॉर्डिंग और दूसरे इलेक्ट्रॉनिक सबूत भी दिए। पुलिस ने मामला दर्ज कर एसीपी रंजीत ढाका की देखरेख में इंस्पेक्टर जितेन्द्र तिवारी के निर्देशन में सब इंस्पेकटर रवि सैनी ने जांच शुरू की। पता चला कि बेग. मपुर थाने में यमुना नगर, हरियाणा के रहने वाले नवनीत गर्ग ने भी प्रॉपर्टी पर अपना दावा पेश किया है। यह शिकायतकर्ता की पत्नी, साली और दूसरे लोगों के खिलाफ उसी प्रॉपर्टी के मालिकाना हक के विवाद से जुड़ा है। इससे पता चलता है कि एक अंदरूनी विवाद था जिसका इस्तेमाल क्रिमिनल धमकी और जबरन वसूली के लिए किया जा रहा था। टेक्निकल एनालिसिस, फील्ड इंटेलिजेंस और सिस्टमैटिक वेरिफिकेशन के कारण, विकास उर्फ विक्की को एक पुख्ता जानकारी के बाद विलेज बैंकर, नरेला इलाके से गिरफ्तार किया। आरोपी से पूछताछ करने पर पता च 2022 में, उसके साथियों धर्मपाल और नरेंद्र ने उसे सेक्टर 23, रोहिणी में मौजूद एक प्लॉट से जुड़ा मामला ऑफर किया था, जो बाद में शिकायतकर्ता के परिवार वालों के नाम पर रजिस्टर हो गया।

# एम्स में एडवांस मशीन से किया जाएगा मरीजों का डायलिसिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में एडवांस मशीन से मरीजों का डायलिसिस किया जाएगा। इसको लेकर सस्टेंड लो-एफिशिएंसी डायलिसिस (एसएलईडी) मशीन खरीदने की प्रक्रिया तेज हो गई। जिसकी मदद से गंभीर मरीजों का आसानी से डायलिसिस किया जा सकेगा।

मरीजों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए एम्स ने यह कदम उठाया है। इस संबंध में एक एडवांस डायलिसिस मशीन की खरीद को लेकर एम्स ने निविदा भी जारी कर दी है। एडवांस डायलिसिस मशीन गंभीर रूप से बीमार मरीजों के लिए एक आधुनिक तकनीक हैं। यह पारंपरिक हेमोडायलिसिस और निरंतर उपचार (सीआरआरटी) का एक हाइब्रिड रूप है। एसएलईडी एक हाइब्रिड थेरेपी है जिसमें धीमी रफ्तार से खून को साफ किया जाता है। एम्स ने ट्रॉमा सेंटर के लिए बोन ग्राफ्ट की खरीद का भी निर्णय लिया है। बोन ग्राफ्ट के लिए 232 आइटम की खरीद की जाएगी। इस संबंध में एम्स ने निविदा जारी की है। बोन ग्राफ्ट का इस्तेमाल हड्डी को जोड़ने के लिए किया जाता है।

## प्रिया सचदेवा ने दायर किया मानहानि केस

**नई दिल्ली।** प्रिया सचदेवा कपूर ने अब अपनी ननद मंदीरा कपूर स्मिथ और एक पॉडकास्टर के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट में 20 करोड़ रुपये का सिविल मानहानि का मुकदमा दायर किया है। आरोप है कि पॉडकास्ट, इंटरव्यू और सोशल मीडिया पर दिए गए बयानों से उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा है। प्रिया सचदेवा कपूर इससे पहले भी इन्हीं कथित बयानों को लेकर मंदीरा कपूर स्मिथ के खिलाफ आपराधिक मानहानि की शिकायत दर्ज करा चुकी हैं। यह कानूनी लड़ाई आरके फैमिली ट्रस्ट और संपत्ति से जुड़े चल रहे पारिवारिक विवाद के बीच सामने आई है।



**दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता तिमारपुर के मलकागंज चौक पर एक कार्यक्रम में शामिल हुईं साथ में हैं कैबिनेट मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह व तिमारपुर से विधायक सूर्य प्रकाश खत्री।**

## एक नजर

### रमजान में करें सफाई का विशेष प्रबन्ध: एहसान कुरैशी

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** दिल्ली की रमजान-उल-मुबारक इन्तेजामिया कमेटी के चेयरमैन हाजी मौहम्मद एहसान कुरैशी ने दिल्ली नगर निगम से मांग की है कि 18 फरवरी 2026 से शुरू हो रहें पवित्र रमजान मुबारक के महीने में दिल्ली नगर निगम की तरफ से दिल्ली के सभी मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में सफाई का विशेष प्रबन्ध किया जायें हाजी मौहम्मद एहसान कुरैशी ने बताया कि कमेटी की तरफ से दिल्ली के मेयर राजा इकबाल सिंह को एक पत्र भेजकर उनसे रमजान मुबारक के दिनों में सफाई का विशेष प्रबन्ध कराने का आग्रह किया गया है हाजी मौहम्मद एहसान कुरैशी का कहना है कि दिल्ली नगर निगम रमजान मुबारक के दिनों में सुबह तथा शाम के समय सफाई का विशेष प्रबन्ध कराने के साथ साथ मस्जिदों और मदरसों के आस पास पड़े मलबे को भी साफ कराएं तथा खराब पड़ी सड़कों व गलियों की रिपेयरिंग कराके बन्द व खराब पड़ी स्ट्रीट लाईटों को भी ठीक कराएं।

### कलाकार बताएंगे प्यार का मतलब

**नई दिल्ली।** वैलेंटाइन डे को अक्सर रोमांस के उत्सव के रूप में देखा जाता है, लेकिन प्यार कई सरल और स्थायी रूपों में मौजूद होता है। यह रोजमर्रा के पलों में, सार्थक रिश्तों में और उन शांत भावनाओं में मिलता है जो जीवन में सुकून, संतुलन और गर्माहट लाती हैं। बाहर व्यक्त होने से बहुत पहले, प्यार छोटे-छोटे तरीकों से महसूस किया जाता है जो दिल के करीब रहते हैं। इस वैलेंटाइन डे पर, सोनी सब के कलाकार सुम्बुल तौकीर खान, नितिन बाबू, अक्षया हिंदालकर, ऋषि सक्सेना और दीक्षा जोशी अपने विचार साझा कर रहे हैं, हमें याद दिलाते हुए कि प्यार अक्सर उन सरल अनुभवों और पलों में मिलता है जो वास्तव में मायने रखते हैं। इत्ती सी खुशी में अन्विता की भूमिका निभा रहीं सुम्बुल तौकीर खान ने साझा किया, मेरे लिए वैलेंटाइन डे बड़े-बड़े इशारों या सिर्फ रोमांटिक प्यार के बारे में नहीं है, बल्कि यह भावनात्मक ईमानदारी और सचमुच समझे जाने की भावना के बारे में है। प्यार उन लोगों में मिलता है जो आपके सबसे कठिन समय में आपके साथ खड़े रहते हैं, जो आपकी छोटी-छोटी जीत का जश्न मनाते हैं और जो आपको बिल्कुल वैसे ही स्वीकार करते हैं जैसे आप हैं।

### आर्य समाज की महर्षि दयानंद को हरित श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** महर्षि दयानंद सरस्वती की 202वीं जयंती के उपलक्ष्य में, आर्य समाज ने दिल्ली में व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण और पर्यावरण जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया है। आर्य समाज के संस्थापक, महान विचारक और समाज सुधारक महर्षि दयानंद की प्रेरणा से आरंभ यह पहल अगले तीन महीनों में पूरे नगर क्षेत्र में 2.5 लाख से अधिक पेड़ लगाने और उनका संरक्षण करने का लक्ष्य रखती है। यह अभियान शिक्षा, सामूहिक प्रयास और प्रकृति के साथ संतुलन जैसे महर्षि के सिद्धांतों को सशक्त रूप में प्रतिपादित करता है। यह अभियान रघुमल आर्य गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल कनॉट प्लेस से आरंभ किया गया, जिसमें धर्मपाल आर्य, अध्यक्ष, विनय आर्य, महासचिव, दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा तथा आर्य समाज की वरिष्ठ टीम के सदस्यों की उपस्थिति रही।'कृण्वन्तो विश्वमार्यम्' अर्थात् "विश्व को श्रेष्ठ बनाओ" इस प्रेरणासूत्र से प्रेरित होकर, इस अभियान में दिल्ली के आर्य समाज विद्यालयों, गुरुकुलों और युवा शाखाओं के 50,000 से अधिक विद्यार्थी और शिक्षक भाग लेंगे।

### मैनुफैक्चरिंग युनिट का किया भूमि-पूजन

**नई दिल्ली।** डाबर इंडिया ने नई विश्वस्तरीय एफएमसीजी मैनुफैक्चरिंग युनिट का भूमि पूजन किया। टिंडीवनम का यह प्लांट दक्षिण भारत में डाबर का पहला मैनुफैक्चरिंग प्लांट होगा। डॉबर इंडिया के सीईओ मोहित मल्होत्रा ने कहा हमें गर्व है कि हम दक्षिण भारत में डाबर की पहली मैनुफैक्चरिंग युनिट स्थापित करने जा रहे हैं, जो मेड इन तमिलनाडु को बढ़ावा देकर क्षेत्र में सप्लाई को मजबूत बनाएगी। यह भूमि पूजन डाबर के लिए मैनुफैक्चरिंग को फास्ट स्मार्ट एवं ग्रीन बनाने तथा उपभोक्ताओं के साथ करीब से जुडने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### विनिर्माण संयंत्रों का उद्घाटन किया

**नई दिल्ली।** ऑटोमोटिव कंपोनेंट निर्माता टाटा ऑटोकॉम्प सिस्टम्स ने गुजरात के सानंद में अपने दो नए विनिर्माण संयंत्रों का उद्घाटन किया। ये संयंत्र कंपनी की दो व्यावसायिक इकाइयों: टीएम ऑटोमोटिव सीटिंग सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड और टैको एयर इंटरनेशनल थर्मल सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए स्थापित किए गए हैं।उद्घाटन पर टिप्पणी करते हुए, टाटा ऑटोकॉम्प सिस्टम्स लिमिटेड के वाइस चेयरमैन अरविंद गोयल ने कहा, "ये नए संयंत्र टाटा ऑटोकॉम्प की रणनीतिक विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर हैं । उद्घाटन पर अपने विचार साझा करते हुए, 'टाटा ऑटोकॉम्प सिस्टम्स लिमिटेड के एमडी एवं सीईओ मनोज कोल्हटकर 'ने कहा, "ये भविष्य-तैयार संयंत्र सततता को बढ़ावा देने और भारत में अगली पीढ़ी के मोबिलिटी प्लेटफॉर्म के अनुरूप ऑटो कंपोनेंट समाधान प्रदान करने के लिए डिजाइन किए गए हैं ।

## समावेशी शिक्षा पर राष्ट्रीय सम्मेलन

**नई दिल्ली।** श्री अरबिंदो सोसाइटी ने समावेशी शिक्षा पर राष्ट्रीय सम्मेलन 2026 का सफलतापूर्वक आयोजन किया, जिसका विषय सभी के लिए शिक्षा: समानता, सहानुभूति और नवाच. ारश था। इस सम्मेलन में सोसाइटी की प्रमुख पहल प्रोजेक्ट इंक्लूजन के दस साल पूरे होने का जश्न मनाया गया, जो स्कूलों, शिक्षकों, परिवारों, समुदायों और शिक्षा प्रणालियों के साथ लगातार जुड़ाव के माध्यम से समावेशी शिक्षा को लागू करने के लिए काम करता है। पिछले एक दशक में प्रोजेक्ट इंक्लूजन भारत भर में 3.5 लाख से अधिक शिक्षा से जुड़े हितधारकों तक पहुंचा है, ऑन- ग्राउंड और डिजिटल कार्यक्रमों के माध्यम से शिक्षकों की क्षमता निर्माण में सहायता की है, सीखने और विकासात्मक जोखिम वाले 90,000 से अधिक बच्चों की शुरुआती पहचान को सक्षम बनाया है, और स्कूल-आधारित और समुदाय-आधारित सपोर्ट सिस्टम को मजबूत किया है।

# दिल्ली यूनिवर्सिटी के पहले लिटरेचर फेस्टिवल का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विवि के पहले साहित्य महोत्सव "दिल्ली यूनिवर्सिटी लिटरेचर फेस्टिवल" का शुभारंभ विश्वविद्यालय के मल्टी पर्पज स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में हुआ। फेस्टिवल के उद्घाटन अवसर पर डीयूएलएफ के पैट्रन इन चीफ डीयू कुलपति प्रो. योगेश सिंह बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे।

इस अवसर पर कुलपति ने अपने संबोधन में कहा कि साहित्य सोचना, समझना और बोलना सिखाता है। साहित्य व्यक्ति को अपनी जड़ों से जोड़ने के साथ मिट्टी से जोड़ने का भी काम करता है। उद्घाटन समारोह के पश्चात अनेक वक्ताओं के चर्चा सत्र हुए और विद्यार्थियों ने वक्ताओं से सवाल भी पूछे। खुले मैदान में लगे अने. कों प्रकाशकों के बुक स्टालों पर जहां भारी भीड़ रही तो वहीं रग्बी स्टेडियम में डीयू कल्चर काउंसिल के ओर से सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने भी दर्शकों का खूब मन मोहा। कुलपति ने साहित्य महोत्सव के ध्येय वाक्य "राष्ट्र प्रथम-एकता में अनेकता" पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज भारत आगे बढ़ रहा है।

हमारे प्रधानमंत्री ने 2047 तक विकसित भारत का संकल्प लिया है, ऐसे में भारत की एकता को भी मजबूत करने की जरूरत है। शहीद भगत सिंह की जेल डायरी का उदाहरण देते हुए कुलपति ने बताया कि वह फांसी से पहले तक भी किताबें पढ़ते थे और लेख लिखते थे; इससे विद्यार्थियों को प्रेरणा लेनी चाहिए। प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि आज के बच्चे रील्स और शॉर्ट वीडियो देखते हैं। अब 30 सेकंड की राय, 15 सेकंड का गुस्सा और डेढ़-दो मिनट का ध्यान रह गया है। ऐसे में साहित्य हमें ठहरना, सोचना, समझना और फिर बोलना सिखाता है।

कुलपति ने कहा कि यदि समाज की सोचने की क्षमता कमजोर हो गई तो लोकतंत्र भी ज्यादा समय तक मजबूत नहीं रह पाएगा। उन्होंने कहा कि गमलों में उगाने वाले लोग बरगद बनने की बात करते हैं, जबकि गमलों में बरगद के पेड़ नहीं उगा करते। अगर आपको बड़े बनना है तो अपने गमले तोड़ने होंगे, ये गमले हैं छोटी सोच और नेगेटिविटी के। उन्होंने कहा कि पुस्तकें जीवन में जीने का सलीका और प्रेरणा, दोनों देने में सहायता करती हैं।

# अपर आयुक्त ने की वेस्ट जोन में नागरिक सुविधाओं की समीक्षा

**नई दिल्ली।** नगर निगम दिल्ली (एमसीडी) के अपर आयुक्त श्री संतोष राय ने वेस्ट जोन में नागरिक सुविधाओं और सफाई व्यवस्था की समीक्षा के लिए एक व्यापक निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ जोन के उपायुक्त श्री विनोद अत्री भी उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान श्री राय ने विभिन्न स्थानों पर स्थानीय निवासियों से संवाद किया और स्वच्छता, पार्कों के रखरखाव, कचरा प्रबंधन, सार्वजनिक शौचालयों और अन्य निगम संबंधी मुद्दों पर उनके सुझाव भी लिए।

निरीक्षण के तहत श्री राय ने राजौरी गार्डन स्थित माधव पार्क में बागवानी एवं पार्क रखरखाव कार्यों की समीक्षा की और स्थानीय निवा. सियों से बातचीत की। उन्होंने लैंडस्केपिंग, लॉन की स्थिति, स्वच्छता और पाथवे का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को नियमित छंटाई, हरित क्षेत्रों के समुचित रखरखाव और सतत निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, उन्होंने राजौरी गार्डन क्षेत्र में स्थित कई सामुदायिक शौचालयों (सीटी) और सार्वजनिक शौचालयों (पीटी) का भी निरीक्षण किया और साफ-सफाई, जल आपूर्ति, प्रकाश व्यवस्था तथा रखरखाव की समीक्षा करते हुए दैनिक सफाई और बेहतर पर्यवेक्षण के सख्त निर्देश दिए। पंजाबी बाग में अपर आयुक्त ने फिक्स्ड कॉम्पैक्टर ट्रांसफर स्टेशन (एफसीटीएस) और ढलावों का निरीक्षण कर ठोस कचरा प्रबंधन व्यवस्था की समीक्षा की।





**दिल्ली विवि के पहले साहित्य महोत्सव "दिल्ली यूनिवर्सिटी लिटरेचर फेस्टिवल" के शुभारंभ अवसर परडीयूएलएफ के पैट्रन इन चीफ डीयू कुलपति प्रो. योगेश सिंह व अन्य।**

# ज्वेलरी कलेक्शन लांच किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** इस वैलेंटाइन डे पर लाजपत नगर के धीरसन्स ज्वेलर्स, धीरज धीर ग्रुप ने 'हार्टबीट्स एंड हेयरलूम्स' नाम से नया ज्वेलरी कलेक्शन पेश किया है। यह कलेक्शन प्यार को सिर्फ एक दिन का एहसास नहीं, बल्कि जिंदगीभर की याद के रूप में संजोने की सोच के साथ तैयार किया गया है।

इस कलेक्शन में आधुनिक डिजाइन और पारंपरिक कारीगरी का बेहतरीन मेल है। प्यार, खुशी और रिश्तों की भावनाओं से प्रेरित ये आभूषण ऐसे बनाए गए हैं जिन्हें आज भी पहना जा सके और आने वाले वर्षों तक संभालकर रखा जा सके।कलेक्शन के बारे में क्रिएटिव डायरेक्टर रीवा धीर ने कहा, "हमारा मानना है कि आभूषण केवल उपहार नहीं, बल्कि यादों का हिस्सा होते हैं। ये डिजाइन पहले प्यार की निशानी बनते हैं और समय के साथ आपकी अपनी कहानी का हिस्सा हो जाते हैं।"

धीरसन्स ज्वेलर्स की परंपरा के अनुसार यह कलेक्शन बेहतरीन कारीगरी और सरल, सुरुचिपूर्ण डिजाइनों का संतुलन प्रस्तुत करता है। वैलेंटाइन डे पर लॉन्च हुआ यह कलेक्शन ऐसे आभूषणों का है जिन्हें एक बार चुना जाए, बार-बार पहना जाए और हमेशा याद रखा जाए


## लापता भाई बहन को परिवार से मिलवाया

**नई दिल्ली।** अमर कॉलोनी पुलिस ने ऑपरेशन मिलाप के तहत एक ही परिवार के लापता दो बच्चों को उनके परिवार से मिलवाया है। परिवार ने पुलिस का शुक्रियादा किया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बुधवार रात साढ़े आठ बजे अमर कॉलोनी पुलिस को गढ़ी गांव में रहने वाली संगीता ने बताया कि घर के बाहर उसकी तीन साल की बेटी और छह साल का बेटा खेल रहा था। अचानक से दोनों लापता हो गए हैं। जिनको तलाशने की काफी को. शिश भी की,मगर दोनों नहीं मिले। उनको आशंका है कि उनको किसी ने किडनैप कर लिया है। पुलिस ने तुरंत दोनों की गुमशुदगी दर्ज की। इंस्पेक्टर लोकेन्द्र सिंह के निर्देशन में सब इंस्पेक्टर विक्रांत कांस्टेबल बिजू,अमित,महिला कांस्टेबल मीनाक्षी और कमल को दोनों बच्चों को तलाशने का जिम्मा सौंपा गया। पुलिस टीम ने शिकायतकर्ता के घर की तरफ आने जाने वाले दर्जनों सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली,बीट अफसर और मार्किट एसोसिएशन के व्हटसएप ग्रुप पर दोनों बच्चों के फोटो अपलोड किये।

## नशे में धुत विदेशी युवक ने खुद को मारा चाकू

**नई दिल्ली।** पहाड़गंज इलाके में बिना पैसे के होटल में ठहरने नहीं देने पर एक विदेशी युवक ने खुद को चाकू मारकर घायल कर लिया। उसकी पहचान तुर्कमेनिस्तान निवासी 29 साल के जेहुन के रूप में हुई है। घटना के समय वह नशे में धुत था। होटल कर्मियों और मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मी ने उसे पास के अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा है। मध्य जिला पुलिस उपायुक्त अनंत मित्तल ने बताया कि अभी तक कि जांच में पता चला है कि 11 फरवरी को वह किसी नशीली चीज के नशे में खराब हालत में होटल लौटा। इस दौरान कमरे की मांग की और कहा कि उसके पास पैसे नहीं हैं और वह फ्री में रहना चाहते हैं। होटल स्टाफ ने उसकी मांग ठुकरा दी और कहा कि कोई कमरा खाली नहीं है।

## शैक्षणिक पाठ्यक्रम निर्माण पर केंद्रित व्याख्यान प्रस्तुत किया



**नई दिल्ली।** यह भारत को एक विशाल वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त प्रदान करता है। इस ज्ञानकोश का उपयोग भारत की शिक्षण एवं शैक्षिक प्रणालियों में करना इसका पहला तात्कालिक लाभ है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए, नेविल तुली ने 9 फरवरी 2026 को भारतीय आधुनिक और समकालीन कला बाजार पर शैक्षणिक पाठ्यक्रम निर्माण पर केंद्रित पहला व्याख्यान प्रस्तुत किया। यह व्याख्यान तुली रिसर्च सेंटर फॉर इंडिया स्टडीज के 7वें "सेल्फ- डिस्कवरी वाया रीडिस्कवरिंग इंडिया" फेस्टिवल का हिस्सा है और भारतीय कला, संस्कृति तथा बाजारों के अध्ययन हेतु अनुसंधान-आधारित विद्वत्ता, अभिलेखीय कठोरता और ज्ञान-ढाँचों के व्यवस्थित निर्माण के प्रति केंद्र की प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित करता है। विश्व में पहली बार, किसी राष्ट्रीय कला बाजार पर एक विशाल, सत्यापित और निरंतर विस्तारशील अभिलेखागार को वैश्विक जनसामान्य के लिए नि:शुल्क सुलभ बनाया जा रहा है। यह खुला दृश्य-पाठ्य अभिलेखागार कला-बाजार संबंधी ज्ञान को सीधे कला समुदाय, विद्यार्थियों, शोधकर्ताओं, संग्राहकों, कलाकारों, बैंकिंग एवं वैधानिक प्राधिकरणों, मीडिया तथा व्यापक जनसामान्य तक पहुँचने की सुविधा प्रदान करता है, बजाय इसके कि वह बंद, सशुल्क या अपारदर्शी मंचों तक ही सीमित रहे।

## यूजीसी के हैं दो पहलू: के.के. शर्मा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रिय नरायणवादी विकास पार्टी के सलाहकार मंडल सदस्य के. के. शर्मा ने यूजीसी पर बोलते हुए कहा कि यूजीसी के दो पक्ष है एक सकारात्मक और दूसरा नकारात्मक, अगर किसी दलित छात्र को वास्तव में शिक्षण संस्थान में परेशान या उसका उत्पीड़न किया जाता है तो उसे सजा मिलनी चाहिए, दूसरा इसकी आड़ में बेकसूर छात्रो को भी फंसाया जा सकता है जो इस बिल का नकारात्मक पहलू है। यूजीसी 2026 (उच्च शिक्षण संस्थानों में समानता को बढ़ावा देने के नियम), जो 15 जनवरी 2026 से लागू हुआ है, उच्च शिक्षा संस्थानों में जातिगत भेदभाव को रोकने के लिए ओबीसी को एससी/एसटी के साथ शामिल करता है। इसका मुख्य उद्देश्य भेदभाव की शिकायतों के लिए इक्विटी कमेटी (समानता समिति) बनाना है। इस नए नियम का विरोध मुख्य रूप से सामान्य वर्ग के छात्र और संगठन कर रहे हैं, जो इसे एकतरफा और दुरुपयोग योग्य मानते हैं।

# ग्लोबल करियर बनाना हो रहा आसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** वीजा नियमों में बढ़ती सख्ती के कारण विदेश जाकर करियर बनाना पहले जितना आसान नहीं रहा। ऐसे में भारतीय प्रोफेशनल्स ग्लोबल करियर के लिए अपने तरीके बदल रहे हैं। एक नई रिपोर्ट के मुताबिक, अब विदेश जाकर काम करने की बजाय कौशल, अंतर्राष्ट्रीय प्रोजेक्ट्स और रिमोट वर्क के जरिये वैश्विक अवसर हासिल किए जा रहे हैं।

भारत ग्लोबल टैलेंट फ्लो में अहम भूमिका निभाता है। दुनिया की सबसे बड़ी ओवरसीज आबादी भारतीयों की है और वैश्विक टेक व प्रोफेशनल वर्कफोर्स में उनकी भागीदारी लगातार बढ़ रही है। रिपोर्ट के लिए भारत और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में 552 नियोक्ताओं और 1,019 कर्मचारियों का सर्वे किया गया। सर्वे में सामने आया कि 61 प्रतिशत भारतीय प्रोफेशनल ग्लोबल करियर के लिए विदेश जाकर काम करने की बजाय रिमोट वर्क को प्राथमिकता देते हैं। वहीं 49 प्रतिशत का कहना है कि अगर वीजा नहीं मिलता, तो वे भारत से ही अंतर्राष्ट्रीय काम जारी रखेंगे। महत्वाकांक्षा में कमी नहीं आई हैख्र 44 प्रतिशत प्रोफेशनल अभी भी अंतर्राष्ट्रीय करियर चाहते हैं, लेकिन रणनीति अब ज्यादा व्यावहारिक हो गई है।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी
भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# एडीसीपी केशव कुमार चौधरी ने किया थाना टीला मोड़ का निरीक्षण



**गाजियाबाद।** कानून व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के क्रम में एडीसीपी केशव कुमार चौधरी ने थाना टीलामोड़ का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लम्बित विवेचनाओं के समयबद्ध निस्तारण के लिए सहायक पुलिस आयुक्त शालीमार गार्डन एवं प्रभारी निरीक्षक टीलामोड़ तथा सम्बन्धित थानों के विवेचक से वार्ता की। इसके एडीसीपी ने थाना टीलामोड़ परिसर की साफ सफाई कार्यालय, पत्रावलियों, रजिस्टरों आदि को चेक किया गया और आगामी त्योहारों के दृष्टिगत शान्ति एवं कानून व्यवस्था अक्षुण्ण बनाये रखने के लिए थाना स्तर की तैयारियों का जायजा लिया गया। इसके बाद श्री चौधरी ने थाना परिसर व कार्यालयों का निरीक्षण कर साफ सफाई, कार्यालय थाना परिसर में बने मिशन शक्ति केन्द्र, महिला हेल्प डेस्क, साइबर हेल्प डेस्क, सीसीटीएनएन कक्ष, मालखाना आदि को भी चेक किया गया। उन्होंने महिला उत्पीड़न रजिस्टर सहित अन्य अभिलेखों/ पत्रावलियों का अवलोकन कर अभिलेखों को अपडेट रखने के निर्देश दिये। 6 माह से अधिक लम्बित विवेचनाओं की साक्ष्य संकलन की कार्यवाही पूर्ण कर यथाशीघ्र कार्यवाही पूर्ण करने एवं विवेचनाओं के समयबद्ध निस्तारण के लिए वांछित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी सम्मन/वारण्टों का अधिक से अधिक तामीला कराये जाने के निर्देश दिये गए है। उन्होंने गम्भीर अपराधों के अभियुक्त जैसे हत्या, लूट, डकैती, गैंगरेप, गौ तस्करी, वाहन चोरों, मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध गैंगस्टर की कार्यवाही करने तथा गैंगस्टर के अभियुक्तों के विरूद्ध धारा 14 प्रतिशत 1 के तहत संपत्ति जब्तीकरण की कार्यवाही के निर्देश भी दिए। इस मौके पर एसीपी शालीमार गार्डन और शालीमार गार्डन एसएचओ भी शामिल रहे।

## मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा विभाग गाजियाबाद की मासिक समीक्षा बैठक



**गाजियाबाद।** मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा विभाग की मासिक समीक्षा बैठक आहूत हुई। बैठक के दौरान अध्यक्ष ने सबसे पहले जनवरी माह की समीक्षा बैठक के बिंदुओ पर अब तक हुई प्रगति को पटल पर रखा गया। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि शिक्षक संपर्क एप से शिक्षण कराएं, डाटा को नियमित रूप से सिंक कराएं। अब जनपद के 100 प्रतिशत विद्यालय संपर्क टीवी से आच्छादित हो गए हैं। चिंपल ऐप का अभी केवल 60 प्रतिशत डाउनलोड हुआ है। इसे 100 प्रतिशत किया जाए, शिक्षक बच्चों को कार्य जरूर असाइन करें।

उन्होंने कहा शिक्षक वीकली असेसमेंट ट्रैकर को भरें। निपुण प्लस ऐप्स से नियमित आकलन कराएं। एसआईआर में ज्यादातर शिक्षको की ड्यूटी लग जाने से बच्चों का अध्ययन प्रभावित न हो इसके लिए विद्यालय स्तर पर योजना बनाई जाए। मार्च में मेगा पीटीएम को करने और पीटीएम को सफल बनाने के लिए एआरपी, एसआरजी, डीसी मिलकर योजना बनाएं और उसे क्रियान्वित करें। डीटीएफ/ बीटीएफ के निरीक्षण जनवरी मे पूरा हुआ है फरवरी मे भी पूरा किया जाए। संघर्षशील स्कूलों पर अधिक ध्यान दें। किचन गार्डन का बेहतर उपयोग किया जाए, इसके लिए मालियों से सहयोग लेने पर विचार किया गया।

### जेंडर इक्विटी को लेकर दो दिन में से कार्यशाला का शुभारंभ

**गाजियाबाद।** खंड शिक्षा अधिकारी रजापुर की अध्यक्षता में स्पेशल प्रोजेक्ट फॉर इक्विटी के अंतर्गत पावर एंजेल एवं नेतृत्व क्षमता के लिए सुगमकर्ता की दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, रजापुर में आयोजित कार्यक्रम में रजापुर की 34 एवं नगरक्षेत्र से 36 सुगमकर्ताओ ने प्रतिभाग किया।

कार्यशाला की शुरूआत खण्ड शिक्षा अधिकारी मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया। उन्होंने अपने ऊजार्वान संबोधन मे कहा कि इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य पावर एंजेल एवं प्रत्येक बालिका को सशक्त करना है। जनपद जेंडर नोडल पूनम शर्मा ने जेंडर इक्विटी एवं चुप्पी तोड़ो जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर बात की। ब्लॉक जेंडर नोडल अंजू सैनी ने परिचय सत्र के साथ रोचक गतिविधि कराई।

# एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के लिए गर्व का क्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**




**गाजियाबाद।** एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के प्रो चां. सलर (एडमिन) पीयूष श्रीवास्तव ने IWLF नेशनल (यूथ/जूनियर/सीनियर) वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप 2026 में मुख्य अतिथि (Guest of Honour) के रूप में अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। भारतीय भारोत्तोलन महासंघ (Indian Weightlifting Federation) के तत्वावधान में आयोजित यह प्रतिष्ठित चैंपियनशिप यादव फार्म हाउस मोदीनगर, उत्तर प्रदेश में आयोजित की गई।


इस अवसर पर श्रीवास्तव ने उत्साहपूर्ण खेल समुदाय की उपस्थिति में 77 किग्रा महिला वर्ग की विजेताओं को पदक एवं नकद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।

इस भव्य राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शामिल रहे लगभग 900 खिलाड़ी (पुरुष एवं महिला) देशभर से लगभग 200 तकनीकी एवं टीम अधिकारी प्रतिष्ठित खिलाड़ियों की उपस्थिति जिनमें ओलंपिक पदक विजेता एवं खेल रत्न सम्मान प्राप्त सैखोम मीराबाई चानू सहित कई अंत. रराष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ी शामिल रहे।

ऐसी प्रतिष्ठित राष्ट्रीय चैंपियनशिप का आयोजन उत्तर प्रदेश के लिए गर्व का विषय है, जो राज्य की खेल अवसंरचना एवं खेल प्रशासन में बढ़ती उपलब्धियों को दर्शाता है।

इस प्रकार के भव्य खेल आयोजन न केवल प्रतिस्पर्धात्मक उत्कृष्टता को बढ़ावा देते हैं, बल्कि युवाओं को खेलों के प्रति समर्पण, अनुशासन और जुनून के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित भी करते हैं।

## भाजपा नेता के घर में लगी आग लगाया साजिश की जताई आशंका



**गाजियाबाद।** शालीमार गार्डन स्थित डीएलएफ कॉलोनी में भाजपा नेता मानसिंह गोस्वामी के घर में आग लग गई। आग लगते ही तेज धमाके सुनाई दिए और देखते ही देखते आग पूरे घर में फैल गई। घर के अंदर मौजूद परिवार के सदस्य धुएं और लपटों के बीच ऊपर की मंजिल की ओर भागकर पड़ोस की इमारत से सुरक्षित बाहर निकले। सूचना पर दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं।

गली में खड़ी गाड़ियों के कारण दमकल कर्मियों को घर तक पहुंचने में परेशानी हुई। फायर टीम ने दूर से पाइप डालकर आग बुझाने का काम शुरू किया और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। भाजपा नेता मानसिंह गोस्वामी ने आग लगने के पीछे साजिश की आशंका जताई। उनका कहना है कि आग शॉर्ट सर्किट से नहीं लगी बल्कि किसी ने केमिकल डालकर आग लगाई, जिससे तेज धमाके हुए और आग तेजी से फैली। उन्होंने बताया कि दो दिन पहले उन्होंने दो चोरों को पकड़कर पुलिस के हवाले किया था, इसलिए इस घटना में साजिश का शक है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने आग लगने के कारणों की जांच की पुष्टि की। शालीमार गार्डन थाना पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि घटना के संबंध में सुराग मिल सके।





**मोदीनगर। मोदीनगर में चल रही राष्ट्रीय भारोत्तोलन चैंपियनशिप में विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते आईआईए के चेयरमैन राज ढींगरा व आईआईए के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं समा. जसेवी मुकेश गर्ग।**

**( छाया: शाह टाइम्स )**

# चौधरी अजीत सिंह जी की 87वीं जयंती पर गोष्ठी आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय लोकदल के जिला कार्यालय पर राष्ट्रीय लोकदल के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व भारत सरकार के केबिनेट मंत्री किसानों के मसीहा चौधरी चौ अजीत सिंह जी की सत्तासी वी जयंती धूमधाम से मनाई गई। सबसे पहले जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी के नेतृत्व में सभी नेताओं और कार्यकर्ताओ ने हवन किया और चौधरी अजीत सिंह के चित्र पर माला अर्पण किया। और चौधरी अजीत सिंह के जीवन के संघर्ष और पुनित कार्यों पर गोष्ठी की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी ने की। संचालन विनोद गौतम जिला उपाध्यक्ष ने किया।

वरिष्ठ उपस्थित गणमान्य नेतागणो ने चौधरी अजीत सिंह जी के संस्मरण साँझा किये। और उनके जीवन पर प्रकाश डाला। चौधरी अजीत सिंह जी की जयंती पर कृतज्ञता व्यक्त करते हुए जिला अध्यक्ष रामपाल चौ व चेयरमैन अमरजीत सिंह बिट्ठी ने कहा कि आज एक ऐसे महान नेता को याद करने का समय जिन्होंने किसानों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए निरंतर संघर्ष किया और हमें सशक्तिकरण और सामा. जिक परिवर्तन की दिशा में काम करने के लिए प्रेरित किया। हमें उनके भाईचारे की नीति को आगे बढ़ाना चाहिए।

इस मौके पर राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य चौधरी तेजपाल सिंह, सहकारिता के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व चेयरमैन अमरजीत सिंह बिट्ठी, ओ.डी. त्यागी प्रदेश सचिव, चौधरी अजयवीर सिंह एडवोकेट, अयूब अली एडवोकेट, पूर्व जिला अध्यक्ष अजय प्रमुख क्षेत्रीय अध्यक्ष अरुण दहिया एडवोकेट, जयदीप जिला अध्यक्ष युवा, डॉ पूनम गर्ग, सुमन चौधरी, राखी सिंधु महानगर अध्यक्ष महिला, राशि उपाध्यक्ष महानगर सचिव, सरोज अरोड़ा नगर अध्यक्ष महिला, अंकुर त्यागी जिला अध्यक्ष सहकारिता, नरेन्द्र जाटव जिला अध्यक्ष अनुसूचित प्रकोष्ठ, वरिष्ठ नेता, तेजवीर सिंह डबाना जिला अध्यक्ष किसान प्रकोष्ठ, सतेन्द्र तोमर, सतपाल सिंह सलेमबाद जिला सचिव, विनोद चौधरी क्षेत्रीय महासचिव, पप्पू मिलक चकारपुर, वीर सिंह सलेमाबाद, प्रदीप मुखिया, रवि वाल्मीकि, ललित सैन महासं. चव, अलोक चौधरी विधानसभा अध्यक्ष, अरुण शर्मा विधानसभा अध्यक्ष, रामभरोसेलाल मौर्य, प्रदीप त्यागी, दीपू शर्माश अभय बालियानश इंद्रपाल कसानाश सुजीत सोनी, गौरव करोतिया, हाजी तोहिद, जुनैद चौधरी नगर अध्यक्ष, रहीश कुरैशी, गुड्डू चौधरी जिला महासचिव किसान प्रकोष्ठ, मतीन भाई, फइम कुरैशी नगर अध्यक्ष, आदिट सैंकड़ो लोगो ने चौधरी अजीत सिंह के जन्मदिन पर माला अर्पण किया, और अंत में प्रसाद वितरण किया।

# ऑनलाइन ठगी का शिकार हुई महिला को वापस कराए 83770 रुपये




**गाजियाबाद।** साइबर सेल थाना कौशाम्बी ने ऑनलाइन ठगी का शिकार हुई एक महिला की रकम वापस कराने में सफलता हासिल की है।

बता दें कि महिला ने थाना कौशाम्बी पर लिखित तहरीर देते हुए बताया था कि अज्ञात ने कस्टमर केयर नंबर से कॉल कर उनसे 83 हजार 770 रुपए की ठगी कर ली। तहरीर के आधार पर थाना कौशाम्बी पर मामला दर्ज किया था। मामले पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए गुरुवार को साइबर सेल थाना कौशाम्बी ने आवेदिका के साथ हुए कस्टमर केयर नंबर से कॉल कर हुए साइबर फ्रॉड में ठगी गई कुल धनराशि वापस करवा दी।

साइबर सेल थाना कौशाम्बी कमिश्नरेट गाजियाबाद की टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए महिला के साथ हुई ऑनलाइन ठगी की धनराशि को बैंक से पत्राचार कर होल्ड कराया गया और अथक प्रयासों के बाद साइबर फ्रॉड की धनराशि 83,770 रुपये को वापस कराया गया। ठगी गई रकम वापस मिलने पर महिला ने साइबर पुलिस टीम का आभार जताया।

### नशे की हालत में एस्केलेटर से गिरी महिला, वीडियो वायरल

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम स्थित हैबिटेट सेंटर मॉल में बुधवार देर रात एक महिला एस्केलेटर से गिर गई। घटना में महिला को गंभीर चोटें नहीं आईं। मॉल के कर्मचारियों और वहां मौजूद लोगों ने तुरंत मदद कर उसे प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने जांच के बाद महिला को घर भेज दिया। मॉल का सीसीटीवी वीडियो सामने आया है। वीडियो में महिला एस्केलेटर के पास असंतुलित खड़ी दिखाई देती है। उसके साथ मौजूद युवक बार-बार उसे संभालने की को. शिश करता है। महिला बार-बार अपनी जैकेट फेंकती हुई भी दिखाई देती है।

# सुरेविन इन्टरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने जीते पदक

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**मोदीनगर।** इंटरनेशनल ओ. लिंपियाड फाउंडेशन तथा द इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया (भारतीय कंपनी सचिव संस्थान – ICSI) के तत्वाधान में आयोजित प्रतिष्ठित इंटरनेशनल ओलिंपियाड में सुरे. विन इन्टरनेशनल विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट सफलता अर्जित कर संस्थान का नाम राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। जिसमें कक्षा ग्यारहवीं की खुशी ने स्वर्ण पदक, नकुल ने रजत पदक तथा इशिका पूनिया ने कांस्य पदक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। देश-विद. ेश के अनेक प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के मध्य प्रतिस्पर्धा करते हुए हमारे विद्यार्थियों ने श्रेष्ठ स्थान प्राप्त किए, जो उनकी मेहनत, लगन और उच्च स्तरीय तैयारी का प्रमाण है।

इस प्रतिष्ठित ओलिंपियाड का उद्देश्य विद्यार्थियों में तार्किक क्षमता, विश्लेषणात्मक कौशल, व्यावसायिक जागरूकता एवं बौद्धिक दक्षता का विकास करना है। यह प्रतियोगिता विद्यार्थियों को वैश्विक मंच पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का सशक्त अवसर प्रदान करती है। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. सरिता सिंधु ने विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा," यह उपलब्धि हमारे विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है। ऐसे प्रतियोगी मंच विद्यार्थियों को वैश्विक स्तर पर अपनी क्षमता प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करते हैं। भारतीय कंपनी सचिव संस्थान एवं इंटरनेशनल ओलिंपियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित यह प्रतियोगिता विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास में अत्यंत सहायक सिद्ध होती है। हमें गर्व है कि हमारे विद्यार्थियों ने इस अवसर का पूर्ण लाभ उठाते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।"इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक तुषार गुप्ता एवं डॉ. शिखा दरबा. री ने भी सभी विजेताओं एवं प्रतिभागियों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धात्मक भावना को सुदृढ़ करती हैं। विद्यालय प्रबंधक ने सभी विजेताओं एवं प्रतिभागियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ प्रदान कीं।

साथ ही कॉमर्स विभाग के अध्यापकों डॉ. प्रांजल एवं प्रशांत शर्मा को उनके समर्पित मार्गदर्शन हेतु विशेष बधाई दी तथा भविष्य में भी ऐसे शैक्षिक आयोजनों में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया। यह उपलब्धि न केवल विद्यार्थियों के परिश्रम का प्रतिफल है, बल्कि संपूर्ण विद्यालय परिवार के सामूहिक प्रयास, उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण एवं गुणवत्ता पूर्ण मार्गदर्शन का भी प्रमाण है।

## युवक ने लगाया मारपीट व करंट लगाने का आरोप, पुलिस पर भी धमकाने का आरोप

**गाजियाबाद।** मधुबन बापूधाम थाना क्षेत्र के सदरपुर में एक 22 वर्षीय युवक के साथ मारपीट की गई। इतना ही नहीं दो युवकों ने उसे करंट भी लगाया। पीड़ित के निजी अंग पर चाकू से वार कर घायल किया गया। पीड़ित का आरोप है कि उसके एक दोस्त के साथ एक युवती कही चली गई, जिससे नाराज होकर उसके साथ मारपीट की गई है। युवक के पिता और अधिवक्ता ने मधुबन बापूधाम थानाध्यक्ष समेत पांच पुलिसकर्मियों पर धमकाने का आरोप लगाया है। सदरपुर निवासी पेंटर बिट्टू का कहना है कि सोमवार की सुबह करीब नौ बजे वह काम पर जा रहा था। रास्ते में उसे बालकिशन और करण मिले। दोनों आरोपी बिट्टू को अपने साथ बालकिशन के मधुबन बापूधाम स्थित कमरे पर ले गए। पीड़ित का कहना है कि कमरे की बाहर से कुंडी एक सिपाही ने लगा दी। इसके बाद बिट्टू को बंधक बनाकर करीब 10 घंटे तक बुरी तरह पीटा गया। उसके करंट लगाया गया। हाथ, बाजू, पैर में कई जगह डंडे से हमला किया गया। युवक के निजी अंग पर चाकू से वार कर घायल कर दिया। बिट्टू के मुताबिक, उसके मोबाइल में सिम डालकर किसी अन्य नंबर पर भी बात की गई। शाम करीब सात बजे आरोपी उसे घर के पास छोड़कर फरार हो गए। युवक के पिता का आरोप है कि शिकायत पर पुलिस ने मंगलवार देर रात हल्की धाराओं में केस दर्ज किया और करण को पकड़ लिया। लेकिन अब मुकदमे में फैसले के लिए दबाव डाला जा रहा है।

### उपायुक्त उद्योग आशुतोष सिंह के पदभार ग्रहण करने पर

# उद्योगपति संजीव कुमार गुप्ता एवं उपेन्द्र गोयल ने दी शुभकामनाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**गाजियाबाद।** जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र में उपायुक्त उद्योग आशुतोष सिंह के पदभार ग्रहण करने पर समरकूल ग्रुप के चेयरमैन और प्रसिद्ध उद्योगपति संजीव कुमार गुप्ता एवं एआईएमओ के अध्यक्ष उपेन्द्र गोयल ने पुष्पगुच्छ भेंट करते हुए शुभकामनाएँ दी।

इस अवसर पर संजीव कुमार गुप्ता ने बताया कि वह उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल (उद्योग मंच) के प्रदेश अध्यक्ष होने के नाते, उद्यमियों की चिंता करना अपना दायित्व मानते हैं तथा जिला औद्योगिक केन्द्र हम उद्यमियों के हितों की रक्षा करने तथा हमारे औधोगिक क्षेत्र के विकास की चिंता करने के साथ सरकार की योजनाओं को मजबूती के साथ धरातल पर क्रियान्वित करने में सबसे बड़ी भूमिका निभाते हैं।

इन सभी आशाओं के साथ हमने अपने उद्योग जगत की ओर से आज अपने जीएम साहब का गाजियाबाद पदासीन होने पर स्वागत करने के साथ उनके उज्जवल भविष्य और उत्तम स्वास्थ्य की कामना भी की है।

इस अवसर पर एआईएमओ के अध्यक्ष उपेन्द्र गोयल ने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि निश्चित रूप से आशुतोष सिंह जी के बहतरीन मार्गदर्शन से औधोगिक क्षेत्र के विकास में और अधिक तेजी आयेगी।

**नाम-परिवर्तन**

मेरी पुत्री छवि कश्यप (CHAVI KASHYAP) की कक्षा- 10, सी.बी.एस. ई बोर्ड वर्ष- 2023 की अंकता. लिका में उसका नाम चवी कश्यप (CHAVI KASHYAP) व मेरा नाम पन्नालाल कश्यप (PANANLAL KASHYAP) त्रुटिवश दर्ज हो गया है। जबकि मेरी पुत्री का सही नाम छवि कश्यप (CHHAVI KASHYAP) व मेरा नाम पन्नालाल कश्यप (PANNALAL KASHYAP) हैं। पन्नालाल कश्यप पुत्र स्व. गजे सिंह कश्यप निवासी- गली नं- 2, गढ़ी राजनगर एक्सटेंशन मेरठ रोड गाजियाबाद।

**सार्वजनिक सूचना**

सूचित किया जाता है कि फ्लैट सं- जी- 3, ग्राउंड फ्लोर प्लाट नं- 4/272, सेक्टर- 4, वैशाली गाजियाबाद उ.प्र जो कि स्व. श्री रमेश कुमार के नाम है। जिसके वारिस मुन्नी देवी (पत्नी), मंजू कुमारी, बबिता (पुत्री) व शिवकुमार, नवीन कुमार (पुत्र) है। उक्त फ्लैट को हम विक्रय कर रहे हैं। अगर किसी को कोई आपत्ति है तो 15 दिन के अंदर संपर्क करे। उसके बाद कोई विचार नही किया जाएगा।

**मुन्नी देवी पत्नी स्व. शिवकुमार निवासी- फ्लैट सं- जी- 3, ग्राउंड फ्लोर प्लाट नं- 4/272, सेक्टर- 4, वैशाली गाजियाबाद उ.प्र।**

# 'मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना' को दी मंजूरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने 'मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना' को हरी झंडी दे दी गई। यह योजना दिल्ली के हजारों कारीगरों की जिंदगी बदलने का माध्यम बनेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली के कारीगर हमारी सांस्कृतिक विरासत की असली ताकत हैं। वर्षों से वे अपने हुनर से समाज को समृद्ध करते आए हैं, लेकिन बदलते दौर में उन्हें आधुनिक प्रशिक्षण और बाजार से सीधा जुड़ाव भी चाहिए। यह योजना यह सुनिश्चित करेगी कि वे आधुनिक कौशल और डिजिटल बाजार तक पहुंच के साथ इस नए दौर में न केवल टिकें, बल्कि तरक्की भी करें। बीते दिनों मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में इस योजना को मंजूरी दी गई। मुख्यमंत्री ने बताया कि हाल ही में 'विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2026' के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कौशल विकास को राष्ट्र निर्माण का प्रमुख आधार बताया था।

मुख्यमंत्री ने बताया कि योजना में 'रिकॉग्निशन ऑफ प्रायर लर्निंग (आरपीएल)' के माध्यम से पहले से काम कर रहे पारंपरिक कारीगरों के अनुभव और हुनर को प्रमाणित किया जाएगा। इससे उन्हें बेहतर आजीविका के अवसर मिलेंगे और वे औपचारिक आर्थिक ढांचे से जुड़ सकेंगे। लाभार्थियों को मुख्यमंत्री प्रमाणपत्र और पहचान पत्र भी दिया जाएगा। साथ ही, उद्यम (एमएसएमई) पंजीकरण, ब्रांडिंग और ऋण संबंधी जानकारी में सहायता दी जाएगी।

योजना की शुरुआत ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत लगभग 18,000 दर्जियों से की जाएगी और आगे चलकर अन्य पारंपरिक व्यवसायों तक इसे विस्तारित किया जाएगा। दिल्ली के उद्योग मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि यह सिर्फ कौशल सिखाने की पहल नहीं है, बल्कि हजारों परिवारों को सम्मान और आत्मनिर्भर बनने का मौका देने की कोशिश है। इससे मर्चेंडाइजर, लॉजिस्टिक्स एग्जीक्यूटिव, आईटी एग्जीक्यूटिव और फैशन प्रोडक्शन जैसे कोर्स कारीगरों के लिए नौकरी और खुद का काम शुरू करने के नए रास्ते खोलेंगे।

## कल्याणपुरी में मिला नवजात शिशु का शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** कल्याणपुरी इलाके में एक ढलाव घर में नवजात शिशु का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया है घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर जमा हो गए, सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है स इंदिरा कैंप स्थित ढलाव घर में नवजात के पड़े होने की सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी स मौके पर पहुंचे निगम पार्षद धीरेंद्र बंटी गौतम ने बताया कि जैसे ही उन्हें घटना की सूचना मिली, वह तुरंत स्थल पर पहुंचे और पुलिस को सूचित किया गया, पुलिस ने पहुंचकर नवजात की जांच की,जिसमें उसे मृत पाया गया। इसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि नवजात को किसने वहां फेंका और उसे फेंकने से पहले वह जीवित था या मृत. इस संबंध में पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है स पुलिस अधिकारियों के अनुसार घटनास्थल का निरीक्षण क्राइम टीम और फॉरेंसिक टीम से कराया गया है. आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि शिशु को वहां कौन छोड़कर गया.घटना की खबर फैलते ही इलाके में आक्रोश और दुख का माहौल बन गया, स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह की घटनाएं समाज के लिए बेहद चिंताजनक हैं और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। एडिशनल सीपी अभिषेक धानिया का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि शिशु की मौत कैसे हुई. फिलहाल अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच जारी है. साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे है. अधिकारियों का दावा है कि जल्द ही मामले का खुलासा कर जिम्मेदार व्यक्ति को गिरफ्तार किया जाएगा।

# कपड़े की दुकान से बाहर खींचकर युवक पर चाकू से किया वार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आदर्श नगर थाने से सौ मीटर की दूरी पर और पुलिस पोस्ट से पचास मीटर की दूरी पर वीरवार दोपहर दिनदहाड़े मार्किट में दुकान से बाहर खींचकर बाइक सवार और उनके साथियों ने किसी बात पर हुई बहसबाजी के बाद एक युवक पर तीन से चार चाकू से आधा दर्जन से ज्यादा वार किये। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके पर से फरार हो गए।

पुलिस ने घायल युवक के बयान पर हत्या की कोशिश कर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने वारदात वाली जगह के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर आरो. पियों की तलाश कर रही है। जानक. ारी के मुताबिक घायल युवक की पहचान भलस्वा डेयरी के रहने वाल रिहान (25) के रूप में हुई है। आदर्श नगर पुलिस को दोपहर एक बजकर चालीस मिनट पर शांति भवन,नानीवाला कॉम्पलेक्स स्थित एक कपड़े की दुकान के बाहर युवक को चाकू मारने की पीसीआर कॉल मिली थी।

पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से रिहान को तुरंत नजदीक के बाबू जगजीवन राम अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद रिहान की हालत गंभीर बताई। रिहान के कमर में चाकू से वार किया गया था। उसके दो दोस्तों ने बताया कि रिहान के साथ वह कपड़े खरीदने आए थे। उसी वक्त बिना नंबर प्लेट की बाइक पर आए दो युवकों ने आते ही रिहान पर चाकू से वार करने की कोशिश की। दोनों जान बचाकर किसी तरह से दुकानों के पीछे जाकर छिप गए। रिहान जब कपड़े की दुकान में भागा। उसको दुकान के अंदर से खींचकर बाहर लाए और कमरे में चाकू मारकर बाइक से भाग गए। वारदात के वक्त काफी लोग मौजूद थे। मगर किसी ने हमलावरों को पकडने की कोशिश नहीं की। आरोपी हवा में चाकू लहराते हुए फरार हो गए। रिहान के दोस्तों ने वारदात की जानकारी उसके परिवार वालों को दी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरो. पियों को पकडने के लिये सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। उनके रूट को पता करके उनको पकडने की कोशिश की जा रही है। उसके दोस्तों सभी हमलावरों के बारे में जानकारी लेने की कोशिश की जा रही है। दुकान कर्मचारी नीतेश ने बताया कि दो युवक दुकान में कपड़े लेने आए थे। कपड़े देखे और वो आधे घंटे बाद आने की बात कहकर दुकान से बाहर आ गए थे।

# गाजीपुर एनएच-9 पर कार-ट्रक की टक्कर, दो की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** गाजीपुर थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह एनएच-9 पर भीषण सड़क हादसा हो गया। टोल बूथ के पास किआ सेल्टोस कार और कंटेनर ट्रक की टक्कर में कार सवार दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चालक समेत दो मासूम बच्चे घायल हो गए। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

सुबह करीब 6:43 बजे थाना गाजीपुर में एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई, जिसमें एमसीडी टोल, एनएच-9, विनोद नगर डिपो के सामने सड़क दुर्घटना की सूचना दी गई। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि गाजियाबाद की ओर से आ रही किआ सेल्टोस कार टोल बूथ के पास एक कंटेनर ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे में कार सवार दो महिलाएं दीपांजली (38 वर्ष) और नीलम गर्ग (55 वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गई। इनमें से एक महिला वाहन के बाहर पड़ी मिली, जबकि दूसरी आगे बाईं सीट पर फंसी हुई थी, जिसे काफी मशक्कत के बाद निकाला गया। कार चालक दीपांशु गर्ग और दो नाबालिग बच्चे विवान (5 वर्ष) और वाशु (3 वर्ष) घायल हो गए। तीनों घायलों को तत्काल उपचार के लिए मैक्स अस्पताल भेजा गया, जहां उनका इलाज जारी है।



विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता दिल्ली विवि द्वारा स्पोर्ट्स मल्टीपर्पस हॉल में आयोजित 'डीयू लिटरेचर फेस्टिवल' में विधानसभा के बुक स्टॉल का उद्घाटन करते हुए।

# विजेंद्र गुप्ता ने विधानसभा बुक स्टॉल का किया उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** विट्ठलभाई पटेल न केवल केंद्रीय विधानसभा की अध्यक्षता करने वाले पहले भारतीय थे, बल्कि वे इसकी गरिमा और स्वतंत्रता के संरक्षक भी थे। श्शताब्दी-यात्रा: विट्ठलभाई की गौरव गाथाश उनके साहस, संवैधानिक दूरदर्शिता और संसदीय स्वायत्तता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को एक श्रद्धांजलि है। हमारा प्रयास है कि उनकी विरासत आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेष यह विचार दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा 12 से 14 फरवरी 2026 तक स्पोर्ट्स मल्टीपर्पस हॉल में आयोजित श्डीयू लिटरेचर फेस्टिवलश में विधानसभा के बुक स्टॉल का उद्घाटन करते हुए व्यक्त किए।विधानसभा के इस स्टॉल पर छात्रों, संकाय सदस्यों और आगंत. ुकों की भारी भीड़ देखी गई, जिन्होंने गहरी उत्सुकता और उत्साह के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। अनेक युवाओं ने विट्ठलभाई पटेल के जीवन, उनके योगदान, संसदीय परंपराओं के विकास और इस स्मारक पुस्तक के शोध से संबंधित विचारोत्तेजक प्रश्न पूछे। आगंतुकों की सुविधा के लिए एक समर्पित क्यूआर कोड उपलब्ध कराया गया, जिसके माध्यम से कॉफी टेबल बुक की प्री-बुकिंग की जा रही है, जिससे इसके प्रति लोगों का रुझान दुख रहा है।

## ग्लोबल साइबरपीस समिट में मूनशॉट्स. टीवी लांच किया

**नई दिल्ली।** नॉलेज नेटवर्क्स ने आज ग्लोबल साइबरपीस समिट 2.0 के दौरान मूनशॉट्स.टीवी नाम से एक अनोखा 24/7 ग्लोबल ओटीटी प्लेटफॉर्म लॉन्च किया। यह प्लेटफॉर्म खास तौर पर स्टार्टअप्स की पिच और उनकी कहानियों को दुनिया तक पहुंचाने के लिए बनाया गया है। यह कार्यक्रम मेटी द्वारा आयोजित एक प्रमुख एआई और टेक्नोलॉजी इवेंट था। नॉलेज नेटवर्कस के फाउंडर संजय पुरी ने बताया कि भारत में आज 1.25 लाख से अधिक स्टार्टअप्स मौजूद हैं, लेकिन अधिकतर स्टार्टअप्स की पिच कुछ ही मिनटों तक सीमित रह जाती है और उसके बाद वे लोगों की नजरों से ओझल हो जाती हैं। आज के समय में अधिकतर बिजनेस निर्णय लेने वाले लोग डिजिटल और ऑन-डिमांड कंटेंट देखना पसंद करते हैं।

## स्वीकृत किए गए मेट्रो फेज-V(ए) के तीनों कॉरिडोर महत्वपूर्ण

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार द्वारा स्वीकृत किए गए मेट्रो फेज-V(ए) के तीन कॉरिडोर में आरके आश्रम से इंद्रप्रस्थ (सेंट्रल विस्टा के रास्ते), तुगलकाबाद से कालिंदी कुंज और एरोसिटी से इंदिरा गांधी डोमेस्टिक टर्मिनल-1 (आईजीडी टी-1) शामिल हैं। इन तीनों कॉरिडोर की बात करे तो मेट्रो फेज-V(ए) का सबसे महत्वपूर्ण कॉरिडोर आर. के. आश्रम मार्ग से इंद्रप्रस्थ तक प्रस्तावित है, जिसकी कुल लंबाई 9.913 किलोमीटर है। इस लाइन पर 9 स्टेशन प्रस्तावित हैं। यह कॉरिडोर सेंट्रल विस्टा क्षेत्र से होकर गुजरेगा और दिल्ली के प्रशासनिक, सांस्कृतिक और ऐतिहा. सिक क्षेत्रों को सीधे मेट्रो नेटवर्क से जोड़ेगा।

## दुर्लभ दर्शन ने भक्ति को दिया नया रूप

**नई दिल्ली।** भारत के प्रमुख मंदिरों में हर साल 150 करोड़ से अधिक श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुँचते हैं। भारी भीड़ के कारण, अक्सर भक्तों को गर्भगृह के सामने केवल एक सेकंड का समय मिल पाता है, जिससे उनकी आध्यात्मिक इच्छा अधूरी रह जाती है। यह प्लेटफॉर्म भक्तों को बिना भीड़भाड़ के एक शांत, व्यक्तिगत और तकनीक से लैस दिव्य अनुभव प्रदान कर रहा है। दुर्लभ दर्शन के संस्थापक प्रशांत मिश्रा ने कहा, ष्भीड़भाड़ वाले तीर्थस्थलों में अक्सर भक्त भगवान से गहरा जुड़ाव महसूस नहीं कर पाते। जिस तरह हेडफोन हमें बाहरी शोर से बचाते हैं, हमारी वीआर तकनीक भक्तों को श्विजुअल शोरश (भीड़भाड़) से मुक्त कर सीधे ईश्वर से जोड़ती है।

# दुश्मनी के चलते किशोर की हत्या 4 नाबालिग समेत सात गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** एक बार फिर नाबा. लिगों ने अपने साथियों के साथ मिलकर 17 वर्षीय किशोर की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। बवाना की जेजे कॉलोनी में बुधवार रात आधा दर्जन से अधिक हमलावरों ने 17 वर्षीय किशोर को झंडा चौक पर घेरकर पहले पीटा और फिर चाकू से ताबड़तोड़ वार किए। अस्पताल में किशोर को मृत घोषित कर दिया गया।

पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए चार नाबालिग समेत सात युवकों को पकड़ लिया है। पुलिस हत्या में प्रयुक्त चार चाकू भी बरामद किए हैं। पुलिस का कहना है कि मृतक किशोर और हमलावर आपस में जानते थे, किसी बात को लेकर दोनों पक्षों में दुश्मनी चल रही थी, इसी को लेकर यह हत्या हुई है। एमएलसी रिपोर्ट में मृतक की छाती और शरीर के दूसरे हिस्सों पर चाकू के कई जानलेवा घावों का जिक्र है।

यह सनसनीखेज वारदात बाहरी-उत्तरी दिल्ली जिले के बवाना स्थित जेजे कॉलोनी के ईई-ब्लॉक में बुधवार रात नौ बजे के आसपास हुई। पुलिस को वारदात की सूचना रात 9:36 मिनट पर मिली। पुलिस पूठखुर्द के महर्षि वाल्मीकि अस्पताल पहुंची तो किशोर की मौत हो चुकी थी। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि कल रात लगभग साढ़े आठ बजे आरोपित ने किशोर को रोका। इसके बाद कुछ लोगों के उकसाने पर युवकों के समूह ने उस बेरहमी से हमला किया। कुछ ने लात-मुक्के मारे की। चार आरोपित ने चाकू से हमला किया। बाहरी-उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त हरेश्वर स्वामी ने बताया कि आरोपित की निशानदेही पर अपराध में प्रयुक्त चार चाकू बरामद किए हैं। साजिश की पूरी चेन का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है। घटना में मोहम्मद फारुख नाम के एक व्यक्ति की भूमिका की भी जांच की जा रही है। अपराध की गंभीरता को देखते हुए टेक्निकल सर्विलांस और लोकल इंटेलिजेंस टीम को तुरंत संदिग्ध हमलावरों की तलाश में लगाया गया। टीमों से मिले टेक्नीकल इनपुट और लोकल इंटेलिजेंस के आधार पर सात आरोपित को पकड़ लिया, इनमें चार नाबालिग हैं।

## दिल्ली पुलिस ने दूसरे ऑल इंडिया पुलिस T20 क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब जीता

**नई दिल्ली।** हरियाणा के करनाल में हुए फाइनल में आरपीएफ टीम को हराकर दिल्ली पुलिस क्रिकेट टीम दूसरे ऑल इंडिया पुलिस ज्20 क्रिकेट टूर्नामेंट (नॉर्थ जोन) की चौंपियन बनी। टीम ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार और लगातार अच्छा प्रदर्शन किया। पूल ए में चार दूसरी टीमों के साथ मुकाबला करते हुए, दिल्ली पुलिस पूल ए में अपने सभी लीग मैच जीतकर सेमीफाइनल में पहुँच गई।

टीम ने हिमाचल प्रदेश पुलिस, आरपीएफ, बीएसएफ और हरियाणा पुलिस के खिलाफ शानदार जीत दर्ज करके नॉर्थ जोन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया। टीम ने सेमीफाइनल मैच में पंजाब पुलिस को हराकर फाइनल में जगह बनाई।

# क्षेत्र की समस्याओं को लेकर की थानाध्यक्ष से मुलाकात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मानवाधिकार और समाज कल्याण समिति के पदाधिकारियों ने इलाके की समस्याओं को लेकर मान सरोवर पार्क थानाध्यक्ष से मुलाकात की, इस मुलकात में समिति के सदस्यों ने सुरक्षा की दृष्टि से अपने सुझाव सांझा किए और थानाध्यक्ष ने उनको क्षेत्र में सुरक्षा को लेकर आश्वासन दिए कि क्षेत्र में कोई आसमाजिक तत्व को बर्दास्त नहीं किया जाएगा और सुरक्षा को लेकर पर्याप्त बंदोबस्त किए जाएंगे। समिति के सदस्यों ने नवनियुक्त थानाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा से मुलाकात की, और इलाके की सुरक्षा को लेकर वार्ता की, इसी दौरान समिति के सदस्यों ने बताया की इलाके के काफी लोग सुरक्षा और आसामजिक तत्वों से जुडी शिकायत लेकर समिति के पास है जिनका निवारण पुलिस की सहायता से ही हो सकते है, राजेश कुमार मिश्रा ने समिति के सदस्यों को आश्वासन दिया कि आपने पास जो लोग सुरक्षा या आसमाजिक तत्वों की शिकायत लेकर आते है आप हमे बताईये हम उनका हल निकालेंगे और क्षेत्र में किसी शरारती या असामाजिक तत्व को माहौल नहीं बिगाड़ने देने। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष कपिल सोनी ने बताया कि जब भी क्षेत्र में नए थानाध्यक्ष आते है तो समिति के सदस्य उनसे भेंट करके क्षेत्र की समस्याओं से अवगत करवाते हैं।




महर्षि दयानंद सरस्वती की 202वीं जयंती के उपलक्ष्य में आर्य समाज दिल्ली में वृक्षारोपण और पर्यावरणजागरूकता अभियान का शुभारंभ किया गया।

# आर्य समाज ने पर्यावरण जागरूकता अभियान का किया शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** महर्षि दयानंद सरस्वती की 202वीं जयंती के उपलक्ष्य में आर्य समाज ने दिल्ली में व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण और पर्यावरणजागरूकता अभियान का शुभारंभ किया है। आर्य समाज के संस्थापक, महान विचारक और समाज सुधारक महर्षि दयानंद की प्रेरणा से आरंभ यह पहल अगले तीन महीनों में पूरे नगर क्षेत्र में 2.5 लाख से अधिक पेड़ लगाने और उनका संरक्षण करने का लक्ष्य रखती है। यह अभियान शिक्षा, सामूहिक प्रयास और प्रकृति के साथ संतुलन जैसे महर्षि के सिद्धांतों को सशक्त रूप में प्रतिपादित करता है। यह अभियान रघुमल आर्य गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल (कनॉट प्लेस) से आरंभ किया गया, जिसमें धर्मपाल आर्य, अध्यक्ष, विनय आर्य, महासचिव, दिल्ली आर्य प्रति. निधि सभा तथा आर्य समाज की वरिष्ठ टीम के सदस्यों की उपस्थिति रही।

कृण्वन्तो विश्वमार्यम्' (अर्थात् "विश्व को श्रेष्ठ बनाओ") इस प्रेरणासूत्र से प्रेरित होकर, इस अभियान में दिल्ली के आर्य समाज विद्यालयों, गुरुकुलों और युवा शाखाओं के 50,000 से अधिक विद्यार्थी और शिक्षक भाग लेंगे। वृक्षारोपण कार्यक्रम महर्षि दयानंद पब्लिक स्कूल (शादीपुर), तथा शिव विहार, मयापुरी, जनकपुरी, सागरपुर, मॉडल टाउन, कालकाजी, गोविंदपुरी, दयाल सिंह कैम्प, सेवा बस्ती, पंजाबी बाग, मोती नगर और अन्य अनेक क्षेत्रों में आयोजित किए जाएंगे।

# मनी लॉन्ड्रिंग केस में राउज एवेन्यू कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राउज एवेन्यू कोर्ट ने लारा प्रोजेक्ट्स मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोप तय करने के मुद्दे पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया है। यह मामला लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी, तेजस्वी प्रसाद यादव समेत 16 आरोपियों के खिलाफ है। अदालत के तीन मार्च को आदेश सुनाने की संभावना है।

लारा परियोजना मनी लॉन्ड्रिंग केस में कोर्ट ने बृहस्पतिवार को लारा परियोजना मनी लॉन्ड्रिंग केस में आरोप तय करने पर अपना ऑर्डर सुरक्षित रख लिया है। यह केस लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी, तेजस्वी प्रसाद यादव और दूसरे 16 आरोपियों के खिलाफ है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले, आआरसीटीसी घोटाले के मामले में बुधवार (11 फरवरी) को आरोप तय करने के ट्रायल कोर्ट के निर्णय के खिलाफ पूर्व रेल मंत्री नेता लालू प्रसाद यादव, उनकी पत्नी राबड़ी देवी और बेटे तेजस्वी यादव की याचिका का सीबीआई ने दिल्ली हाई कोर्ट में विरोध किया।

सीबीआई ने तर्क दिया था कि लालू सहित अन्य यह तर्क देकर मुक. दमें से बच नहीं सकते कि जब ट्रायल कोर्ट ने मामले का संज्ञान लिया था तब उनके खिलाफ अभियोजन की मंजूरी नहीं थी। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा के समक्ष सीबीआई की तरफ से पेश हुए अतिरिक्त सालिसिटर जनरल डी पी सिंह ने कहा था कि याचिकाकर्ताओं पर मुकदमा चलाने के लिए भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 19 के तहत मंजूरी लेना अनिवार्य नहीं था। उन्होंने अदालत को बताया कि इस संबंध में मार्च 2020 में तत्कालीन अटॉर्नी जनरल केके वेणुगोपाल ने भी राय दी थी। डीपी सिंह ने आगे कहा था कि चूंकि मामला लंबा खिंच रहा था, इसलिए बाद में कानून के अनुसार मंजूरी ली गई थी। डीपी सिंह ने कहा था कि मंजूरी की आवश्यकता नहीं थी, लेकिन मंजूरी ले ली गई। मंजूरी उस समय ली गई जब धारा 207 (सीआरपीसी) के तहत कार्यवाही चल रही थी।

## दुर्लभ दर्शन ने भक्ति को दिया नया रूप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारत के प्रमुख मंदिरों में हर साल 150 करोड़ से अधिक श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुँचते हैं। भारी भीड़ के कारण, अक्सर भक्तों को गर्भगृह के सामने केवल एक सेकंड का समय मिल पाता है, जिससे उनकी आध्यात्मिक इच्छा अधूरी रह जाती है। यह प्लेटफॉर्म भक्तों को बिना भीड़भाड़ के एक शांत, व्यक्तिगत और तकनीक से लैस दिव्य अनुभव प्रदान कर रहा है। दुर्लभ दर्शन के संस्थापक प्रशांत मिश्रा ने कहा, ष्भीड़भाड़ वाले तीर्थस्थलों में अक्सर भक्त भगवान से गहरा जुड़ाव महसूस नहीं कर पाते। जिस तरह हेडफोन हमें बाहरी शोर से बचाते हैं, हमारी वीआर तकनीक भक्तों को श्विजुअल शोरश (भीड़भाड़) से मुक्त कर सीधे ईश्वर से जोड़ती है।

# भाई के थप्पड़ का बदला था नाबालिग की चाकू गोदकर हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नरेला औद्योगिक क्षेत्र इलाके में बीती रात फरहान उर्फ सुक्का (17) नामक नाबालिग की चाकू गोदकर हत्या इसलिये कर दी थी,क्योंकि फरहान के बड़े भाई ने कुछ दिन पहले किसी बात पर एक नाबालिग के भाई को थप्पड़ मार दिया था। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज करके वारदात में शामिल सलीम,साहिल,फहद उर्फ मोनू और चार नाबालिगों को पकड़ा है,जिनके कब्जे से वारदात में इस्तेमाल चार चाकू भी जब्त किये हैं। पकड़े गए एक नाबा. लिग हत्या की कोशिश में पहले भी शामिल रहा है। पुलिस को इलाके में रहने वाले मो. फारूख की तलाश है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नरेला औद्योगिक क्षेत्र पुलिस को बीती रात नौ बजकर 36 मिनट पर झंडा चौक ई ब्लॉक जे जे कॉलोनी बवाना में युवक को चाकू मारने की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। पता चला कि फरहान नामक नाबालिग को पूठखुर्द स्थित महर्षि वाल्मिकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस अस्पताल पहुंची। डॉक्टरों ने फरहान को मृत घोषित कर दिया। उसके छाती और शरीर के दूसरे हिस्सों पर चाकू के कई जानलेवा घाव मिले। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया। वारदात वाली जगह से क्रॉइम और फॉरेंसिक टीम की मदद से सबूत इक्ट्ठा किये। अज्ञात के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया।

एसीपी राकेश कुमार की देखरेख में एसएचओ मनोज कुमार के निर्देशन में पुलिस टीम को आरोपियों को पकडने का जिम्मा सौंपा गया। शुरूआती जांच में पता चला कि फरहान अपनी मां और भाई व अन्य सदस्यों के साथ ई ब्लॉक में ही रहता था। उसके पिता का देहांत हो चुका है। शिकायतकर्ता सलीम ने आरोप लगाया कि रात करीब साढ़े आठ बजे, आरोपियों ने फरहान को रोका। कुछ लोगों के उकसाने पर, ग्रुप ने बेरहमी से चाकू से हमला किया। जब वह गली में खून से लथपथ हालत में गिर गया। उसपर आरोपियों ने मुक्के और लातें भी मारी और गाली दी थी। यह पता चला कि वे एक-दूसरे को जानते थे और पिछले मुद्दे पर दुश्मनी थी। परिवार वालों से पता चला कि फरहान के बड़े भाई ने एक नाबालिग आरोपी के भाई को किसी बात पर थप्पड़ मार दिया था। जिसका नाबालिग बदला लेना चाहता था।

फरहान जब अकेला मिला तो वारदात को अंजाम दिया गया। वहीं फरहान की दादी बानो ने बताया कि मेरा पौता तो कैरमबोर्ड खेल रहा था,उसने अपने दोस्त को बुलाया,बोल रहा था कि चाची के साथ पार्टी में जाऊंगा। बाद में किसी ने बताया कि तुम्हारे पौते पर खींचकर बाहर ले गए थे। जब मौके पर पहुंचे,उसके पीछे से कुल्हाड़ी से वार किया हुआ था,उसके चाकू पहले ही पेट पर मार चुके थे। उसकी कोई दुश्मनी नहीं थी। अगर भाई से झगड़ा हुआ था। तो मारना सही बात है। पुलिस ने वारदात वाली जगह के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और ह्यूमैन सॉर्स की सहायता ली। फरहान की हत्या में शामिल सभी के ठिकानों पर छापेमारी की और उनको वारदात के कुछ ही घंटे बाद पकड़ लिया। बीएनएस और आईपीसी के तहत जहां वर्ष 2024 में 2999 नाबालिग पकड़े गए थे, वहीं वर्ष 2025 में पकड़े गए नाबालिगों की संख्या 3649 हो गई। कुल अपराध में वर्ष 2024 में 3270 नाबालिग पकड़े गए थे, जबकि वर्ष 2025 में ये आंकड़ा 3833 तक पहुंच गया।

इंटरनेट और सोशल मीडिया ने कम उम्र के बच्चों को एक ऐसी दुनिया दे दी है, जहां लोकप्रियता और स्टाइल की होड़ चलती रहती है। हथियार दिखाने वाले वीडियो, गैंगस्टर जैसे रील, और 'हीरो' बनने की चाह उन्हें गलत दिशा में धकेलने लगी है।बच्चों को यह समझ ही नहीं आता कि मनोरंजन के नाम पर देखा गया कंटेंट वास्तविक दुनिया में क्या असर डाल सकता है। दिल्ली में सक्रिय कई अपराधी गिरोह अब नाबालिगों को अपने साथ जोडने लगे हैं। उन्हें पैसों या नशे का लालच दिया जाता है और फिर छोटे-बड़े अपराध करवाए जाते हैं। गैंगस्टर जानते हैं कि नाबालिगों को कानून के तहत कम सजा मिलती है, इसलिए वे जोखिम भरे काम इन्हीं से करवाते हैं। बाइक चलाने वाले किशोर इन गिरोहों के सबसे आसान शिकार बन जाते हैं।

ये गैंग खास तौर पर उन युवाओं को निशाना बनाते हैं जो बाइक चलाते हैं, एक्टिव रहते हैं, परेशान परिवार से आते हैं या आर्थिक तंगी झेल रहे होते हैं। गैंग जानते हैं कि अगर ये नाबालिग पकड़े भी गए तो जल्दी छूट जाएंगे। इस में सोशल मीडिया की लत भी बड़ी भूमिका निभा रही है। कुछ नाबालिग अपने इलाके में दबदबा दिखाने के लिए पिस्टल और चाकू के साथ फोटो-वीडियो पोस्ट करते हैं.' इसके अलावा भी संयुक्त परिवारों के बिखरने से बच्चों का भावनात्मक संतुलन कमजोर हुआ है। बड़े-बुजुर्गों की सीख, भाई-बहनों का सहारा और परिवार की सामूहिक देखभाल ने बच्चों को हमेशा सुरक्षित रखा था।

## केजरीवाल को बरी करने के ट्रायल कोर्ट के फैसले को चुनौती देगी ईडी

**नई दिल्ली।** आबकारी घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जांच एजेंसी द्वारा जारी समन का पालन नहीं करने के मामले में बरी करने के ट्रायल कोर्ट के आदेश को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) दिल्ली हाई कोर्ट में चुनौती देगा। ईडी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दिल्ली हाई कोर्ट के समक्ष दी। ईडी ने यह जानकारी तब दी जब अरविंद केजरीवाल के वकील ने ईडी द्वारा आप नेता को जारी समन को चुनौती देने वाली याचिका वापस लेने की मांग की। उन्होंने कहा कि ईडी के सामने पेश न होने के कारण दर्ज मामलों में उन्हें बरी कर दिया गया है। इसके बाद कोर्ट ने याचिका वापस लेने की अनुमति दे दी। इससे पहले, 22 जनवरी को अरविंद केजरीवाल को ट्रायल कोर्ट ने ईडी द्वारा दायर मामलों में बरी कर दिया था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि उन्होंने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में उन्हें जारी समन का पालन नहीं किया।

# डीएम व एसएसपी ने किसानों से मिलने से किया मना!

## भाकियू की दो टूक, जब चाहे तब मिले किसानों से डीएम, डीएम ऑफिस पर रात में चढ़ाई भट्टी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** किसानोंकी समस्या को लेकर कलेक्ट्रेट में लगातार जनपद के डीएम और एसएसपी वार्ता करने के लिए आते हैं और सभी समस्या के निस्तारण की बात करते हैं। वहीं भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष का दावा है कि जनपद के डीएम और एसएसपी ने किसानों से मिलने से इनकार कर दिया है और कहा कि उनके पास 24 तारीख तक किसानों से बात करने का समय नहीं है। इसके विरोध में भारतीय किसान यूनियन ने बड़ा प्रदर्शन किया। वहीं डीएम को साफ संदेश दिया कि जब चाहे किसानों से तब वार्ता करने आए फिलहाल किसानों ने कलक्ट्रेट पर देर रात डेरा डाला और अपनी भट्टियां भी चढ़ा दी और किसानों की बात को अनसुना करने वाले डीएम को यह बता दिया कि किसान किसी से डरने व दबने वाला नहीं है।

भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष अनुराग चौधरी ने कहा कि हम भी 24 तक अब यही हैं और

**जिला अध्यक्ष अनुराग बोले, किसानों की नहीं हो रही सुनवाई**

मोदी जी के आने पर उनसे मिलकर ही जायेंगे। उन्होंने कहा कि पूर्व में तीनों तहसीलों (सदर, सरधना, मवाना) में लिखित दी गई समस्याओं का निस्तारण नहीं हुआ, साथ ही सीओ चकबंदी के द्वारा अनाप शनाप दुर्व्यवहार किया जाता है, यह शिकायत हुई थीं। इसी के साथ कई मुद्दों पर डीएम ने समस्या के निस्तारण का वादा किया लेकिन कुछ समाधान नहीं हुआ इसलिए किसान परेशान होकर धरने में आए हैं और जब तक समस्या का हल नहीं होता तब तक डीएम साहब जब चाहे तब किसानों से मिलने आ सकते हैं। धरने पैदल मार्च में जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी, मेजर , सत्यवीर, देशपाल, हर्ष चहल, मोनू, सत्येंद्र, बबलू, सनी, विनेश प्रधान, सुभाष, वीरेंद्र, विनोद, बंटू, सोनू, सुरेन्द्र, नरेश मवाना, सुनील, परविंदर, मनोज आदि मौजूद रहे।



**बिजली बिल राहत योजना 2025-26**

# उपभोक्ताओं के लिए सुनहरा अवसर, ब्याज पर 100 प्रतिशत तक की छूट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** प्रबंध निदेशक रवीश गुप्ता (आईएएस) के निर्देशन में पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि. (पीवीवीएनएल) द्वारा 'बिजली बिल राहत योजना 2025-26' के तृतीय चरण को उपभोक्ताओं से व्यापक समर्थन मिल रहा है। योजना का तृतीय चरण 06 फरवरी से प्रारम्भ हो गया है। योजना का उद्देश्य लंबित विद्युत बकाया एवं विद्युत चोरी प्रकरणों के त्वरित एवं सरल निस्तारण हेतु उपभोक्ताओं को विशेष राहत प्रदान करना है। दिनांक 11 फरवरी 2026 तक पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि. के 14 जनपदों में कुल 611036 उपभोक्ताओं ने पंजीकरण कराया है इनमें से विद्युत चोरी श्रेणी के अन्तर्गत कुल 48863 उपभोक्ताओं ने योजना में पंजीकरण कराया है। योजना के अन्तर्गत उपभोक्ताओं को अब तक 547.97 करोड़ रू. की छूट प्रदान की गई है और 390878 उपभोक्ताओं ने पूर्ण भुगतान कर लाभ प्राप्त किया है।

विद्युत चोरी प्रकरणों में 26925 उपभोक्ताओं ने पूर्ण भुगतान कर लाभ प्राप्त किया है जो पंजीकृत उपभोक्ताओं का 55.10 प्रतिशत है जो योजना के प्रति उपभोक्ताओं के बढते विश्वास को दर्शाता है। इस चरण के अन्तर्गत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के घरेलू (02 किलोवाट तक) और वाणिज्यिक (01 किलोवाट तक) श्रेणी व भार के नेवर पेड एवं लॉन्ग अनपेड तथा विद्युत चोरी के समस्त प्रकरणों में राजस्व निर्धारण में छूट हेतू सभी पात्र उपभोक्ताओं को बकाया राशि के व्याज पर, 100 प्रतिशत की छूट प्रदान की जा रही है साथ ही मूल बकाया धनराशि पर, 15 प्रतिशत तक की छूट का लाभ भी उपलब्ध है इसके अतिरिक्त विद्युत चोरी से संबंधित प्रकरणों में 40 प्रतिशत तक की छूट प्रदान कर, मामलों में त्वरित निस्तारण का अवसर दिया जा रहा है। यह योजना उपभोक्ताओं को अपने लंबित बकाया का निपटान कर, नियमित उपभोक्ता बनने का सुनहारा अवसर प्रदान करती है। निगम द्वारा सभी पात्र उपभोक्ताओं से अपील की गई है की वे इस विशेष राहत योजना का लाभ उठाते हुए, समय से अपना बकाया जमा करें, योजना का लाभ लेने के लिए उपभोक्ता अपने निकटतम एसडीओ कार्यालय, विभागीय कलेक्शन सेंटर, जन सुविधा केन्द्र, फिनटेक प्रतिनिधि, विद्युत सखी, मीटर रीडर (बिलिंग एजेंसी) अथवा वेबसाईट पर पंजीकरण करा सकते हैं। योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए उपभोक्ता 1912 हैल्पलाईन नं. पर संपर्क कर सकते हैं।

**मैनापुठी में 'विकास' पर उठे गंभीर सवाल**

# जिम मशीनों की संख्या में अंतर से बढ़ा घोटाले का शक, शिकायत पर दोबारा जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** विकास कार्यों में पारदर्शिता को लेकर सरकार भले ही सख्त रुख अपनाए हुए हो, लेकिन मैनापुठी गांव में सरकारी धन के उपयोग को लेकर उठे सवालों ने प्रशासन को फिर से जांच के लिए मजबूर कर दिया है। गांव निवासी ठाकुर दीपक चौहान पुत्र कुंवरपाल सिंह द्वारा ग्राम प्रधान और उनके पति पर लगाए गए घोटाले के आरोपों ने एक बार फिर तूल पकड़ लिया है।

शिकायतकर्ता ने 18 दिसंबर 2023 को जिलाधिकारी को विस्तृत लिखित शिकायत देकर आरोप लगाया था कि गांव में स्थापित सरकारी जिम और अन्य विकास कार्यों में वित्तीय अनियमितताएं की गई हैं। शिकायत के बाद कई बार जांच कमेटी गांव पहुंचकर निरीक्षण कर चुकी है, लेकिन अब गुरुवार को हुई जांच में सामने आए तथ्यों ने मामले को और गंभीर बना दिया है।

### जिम मशीनों की संख्या पर बड़ा सवाल

गुरुवार को जिला विकास अधिकारी श्वेतांक सिंह के नेतृत्व में जांच टीम शिकायतकर्ता की मौजूदगी में जिम स्थल पर पहुंची। निरीक्षण के दौरान मौके पर कुल 8 मशीनें लगी मिलीं। हालांकि शिकायतकर्ता का दावा है कि पूर्व में हुई जांचों के समय वहां केवल 5 मशीनें ही मौजूद थीं। उनका कहना है कि पहले दी गई जांच आख्या (रिपोर्ट) में भी अधिकारियों ने 5 मशीनों की पुष्टि की थी। दीपक चौहान का आरोप है कि कागजों में अधिक मशीनें दिखाकर सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया। उन्होंने कहा कि नकली बिलों के आधार पर




मशीनों की खरीद दर्शाई गई है और इस संबंध में उनके पास दस्तावेजी प्रमाण मौजूद हैं, जिन्हें वह जांच अधिकारियों को सौंप चुके हैं।

### प्रधान की गैरमौजूदगी पर भी उठे सवाल

जांच के दौरान ग्राम प्रधान स्वयं उपस्थित नहीं हुईं। उनकी ओर से उनके पति को मौके पर भेजा गया। शिकायतकर्ता ने इसे भी गंभीर विषय बताते हुए कहा कि जब इतने बड़े आरोप लगे हों तो प्रधान को स्वयं सामने आकर स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए थी।

### पहले भी लग चुका है जुर्माना

मामले को और संवेदनशील इसलिए भी माना जा रहा है क्योंकि प्रधान पति कुंवरपाल पुत्र मंगू के खिलाफ पूर्व में सरकारी चकरोड से मिटी खनन के आरोप में 16 हजार रुपये का जुर्माना लगाया जा चुका है। ऐसे में शिकायतकर्ता का कहना है कि विकास कार्यों में भी गड़बड़ी की आशंका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

### अन्य कार्यों की भी जांच की मांग

दीपक चौहान ने आरोप लगाया कि गांव में कराए गए अन्य विकास कार्यों में भी बड़े स्तर पर अनियमितताएं हो सकती हैं। उन्होंने मांग की है कि जिम प्रकरण के साथ-साथ समस्त विकास कार्यों की उच्च स्तरीय और निष्पक्ष जांच कराई जाए, ताकि यदि कहीं सरकारी धन का दुरुपयोग हुआ है तो जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई हो सके।

### प्रशासन का रुख

जिला विकास अधिकारी श्वेतांक सिंह ने मौके पर निरीक्षण के बाद कहा कि सभी तथ्यों को संक. लित कर विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाएगी और उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। फिलहाल मैनापुठी गांव में यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। ग्रामीणों की निगाहें अब प्रशासनिक कार्रवाई पर टिकी हैं कि जांच के बाद सच्चाई क्या सामने आती है और क्या दोषियों पर कोई ठोस कदम उठाया जाता है या नहीं।

### अमेजन प्राइम ने 2025 में ग्राहकों के लिए बचत के साथ दी सबसे तेज डिलीवरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** अमेजन ने गुरुवार को घोषणा की कि 2025 प्राइम सदस्यों के लिए अब तक का सबसे तेज डिलीवरी वाला साल रहा। इस दौरान 55 करोड़ से अधिक प्रोडक्ट्स की डिलीवरी उसी दिन या अगले दिन की गई, जो साल-दर-साल आधार पर 40 प्रतिशत की बढ़ोतरी है। अमेजन इंडिया में प्राइम के डायरेक्टर और हेड, अभिनव अग्रवाल ने कहा कि हमारे ग्राहक हमारे हर काम के केंद्र में हैं और यह देखना हमारे लिए गर्व की बात है कि प्राइम उनके रोजमर्रा के जीवन का एक अहम हिस्सा बन गया है। चाहे आखिरी समय की जरूरत हो, पहले से प्लान की गई खरीदारी हो या पूरे परिवार के लिए मनोरंजन प्राइम को स्पीड, बेहतरीन वैल्यू और सुविधा देने के लिए बनाया गया है। हम अपने ग्राहकों के लिए लगातार नए इनोवेशन करते रहने और देशभर में तेज डिलीवरी, बेहतरीन डील्स व सबसे बड़े चयन तक पहुंच, ज्यादा कंटेंट और मनोरंजन विकल्पों के साथ ऐसे एक्सक्लूसिव फायदे देने को लेकर उत्साहित हैं, जो प्राइम सदस्यों की रोजमर्रा की जिंदगी को और भी आसान बनाते हैं।

# कर्नल जसवंत सिंह नेहरा की श्रद्धांजलि सभा में शिरकत करने पहुंचे चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा

## कहा अंतरराष्ट्रीय व्यापार समझौतों में किसानों, छोटे उद्योगों और मध्यम वर्ग के हितों की रक्षा सर्वोपरि होनी चाहिए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा बृहस्पतिवार को गंगानगर स्थित डिफेंस कॉलोनी में कर्नल जसवंत सिंह नेहरा की श्रद्धांजलि सभा में अपने परिवार के साथ शिरकत करने पहुंचे। और दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक संतप्त परिजनों को सांत्वना दी। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष अवनीश काजला, महानगर अध्यक्ष रंजन शर्मा, जाहिद अंसारी, धूम सिंह गुर्जर, बबीता गुर्जर, रीना शर्मा, अजीम, जगदीश माथुर सहित कांग्रेस के अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। जिन्होंने श्रद्धांजलि सभा में शामिल होने से पहले कंकरखेड़ा में चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा का स्वागत किया। इस दौरान पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने अमेरिका के साथ प्रस्तावित ट्रेड डील और देश की वर्तमान



आर्थिक स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय व्यापार समझौतों में देश के किसानों, छोटे उद्योगों और मध्यम वर्ग के हितों की रक्षा सर्वोपरि होनी चाहिए। यदि आर्थिक नीतियां संतुलित और जनहितकारी नहीं होंगी तो इसका प्रतिकूल प्रभाव देश की अर्थव्यवस्था और रोजगार पर पड़ सकता है।

# अगर असमाजिक तत्वों ने त्योहारों में गड़बड़ी की तो खानी पड़ेगी जेल की हवा: सीओ मवाना

## बहसूमा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का हुआ आयोजन, गणमान्य लोग रहे मौजूद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** गुरूवार को थाना परिसर में आयोजित हुई शांति समिति की बैठक में सीओ ने कहा कि आने वाली फाल्गुन मास के कावड़ मेले व आगामी माह-ए-रमजान एवं ईद-उल-फितर के मौके पर सामा. जिक तत्व गड़बड़ी करते हुए पाए गए तो उन्हें जेल की हवा खानी पड़ेगी। उन्होंने गणमान्य नागरिकों से आगामी त्यौहारों को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराये जाने की अपील की। गुरुवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित हुई जिसमें क्षेत्राधिकारी मवाना पंकज लवानिया ने नागरिकों से कहा कि आगामी फाल्गुन मास के कावड़ मेले को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करायें। उन्होंने कहा कि आगामी माहे रमजान होली एवं ईद उल फितर आ रहा है जिसमें आपसी भाईचारा कायम करते हुए संपन्न कराये। यदि त्योहारों में



असामाजिक तत्व गड़बड़ी करते हुए पाए गए तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि यदि कोई असामाजिक तत्व गड़बड़ी करता पाया गया तो इसकी सूचना थाने के नंबर पर सूचना दे ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। इस मौके पर जितेंद्र राठी, प्रधान दीपक कुमार, भूरा सैफी, प्रमोद कुमार, मनोज कुमार, दीपेंद्र, मूलचंद भाटी, सभासद पति सूरजपाल, सभासद वीरेंद्र नागर, इकबाल, गिरिराज सिंह, छत्रापाल सिंह, मोबीन सलमानी आदि लोग मौजूद रहे।

### दहेज हत्या में महिला सहित तीन वांछित गिरफ्तार

**मथुरा।** राया थाना राया पुलिस ने दहेज हत्या के गंभीर मामले में वांछित चल रहे दो पुरुष अभियुक्तों तथा एक महिला अभियुक्ता को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने तीनों को गुरुवार सुबह नया नगला स्थित उनके आवास से दबिश देकर पकड़ा। पुलिस के अनुसार, 29 दिसंबर 2025 को वादी द्वारा अपनी पुत्री की ससुराल पक्ष पर दहेज की मांग पूरी न होने पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए थाना राया में मुकदमा दर्ज कराया गया था। इस संबंध में दहेज प्रतिषेध अधिनियम व संबंधित धाराओं में मामला पंजीकृत किया गया था। विवेचना के दौरान पुलिस ने सीडीआर, लो. केशन ट्रेसिंग और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की तलाश की। थाना प्रभारी निरीक्षक कर्मवीर सिंह ने बताया मुखबिर की सूचना पर गुरुवार सुबह पुलिस टीम ने नया नगला में दबिश देकर संदीप, राजेंद्र तथा एक महिला अभियुक्ता को गिरफ्तार कर लिया।

### ऋषभ एकेडमी में वार्षिक परीक्षा से पूर्व शिक्षक अभिभावक बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कैंट स्थित ऋषभ एकेडमी में गुरुवार को वार्षिक परीक्षा से पूर्व शिक्षक-अभिभावक सभा का आयोजन किया गया। बैठक का उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षिक प्रगति की समीक्षा करना तथा आगामी परीक्षाओं की तैयारी को लेकर अभिभावकों से संवाद स्थापित करना रहा। विद्यालय प्रबंधन ने अभिभावकों को विद्यार्थियों के प्रदर्शन, उपस्थिति और आचरण से अवगत कराया। कक्षा 10 एवं 12 के विद्यार्थियों को इस अवसर पर एडमिट कार्ड भी वितरित किए गए और उन्हें परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया गया। प्रधानाचार्य ने संबोधन में कहा कि वार्षिक परीक्षा विद्यार्थियों के भविष्य की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने अभिभावकों से अनुरोध किया कि वे घर पर पढ़ाई का अनुकूल वातावरण बनाएं और बच्चों का मनोबल बढ़ाएं। विषय शिक्षकों ने प्रत्येक छात्र की प्रगति रिपोर्ट साझा करते हुए कमजोर विषयों पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी। साथ ही समय प्रबंधन, पाठयक्रम पुनरावृत्ति और अनुशासन संबंधी आवश्यक निर्देश भी दिए गए। अभिभावकों ने विद्यालय के प्रयासों की सराहना करते हुए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

# नए श्रम कानूनों के विरोध में बैंक रहे बंद




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** केंद्र सरकार द्वारा थोपे गए चारों लेबर कोड सार्वजनिक उपक्रमों के निजीकरण और कॉरपोरेटपरस्त नीतियों के खिलाफ आज देशव्यापी आम हड़ताल के तहत मथुरा में बैंककर्मियों का जबरदस्त आक्रोश देखने को मिला होली गेट स्थित सिंडिकेट बैंक मुख्य शाखा पर बड़ी संख्या में एकत्र होकर बैंक कर्मचारियों और अधिकारियों ने जोरदार प्रदर्शन किया और स्पष्ट संदेश दिया कि श्रमिक अधिकारों पर कुठाराघात किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जाएगा यूपी बैंक इम्प्लाइज यूनियन मथुरा इकाई जिला मंत्री ने कहा कि चारों लेबर कोड मजदूर वर्ग के अधिकारों पर सीधा युद्ध हैं। यह कानून नहीं बल्कि दशकों के संघर्ष त्याग और बलिदान पर प्रहार हैं आठ घंटे कार्यदिवस नौकरी की सुरक्षा सामाजिक सुरक्षा और ट्रेड यूनियन के अधिकारों को खत्म करने की साजिश रची जा रही है। उन्होंने दो टूक कहा कि बैंककर्मी अपने अधिकारों की बलि नहीं चढ़ने देंगे और हर अन्याय का मुंहतोड़ जवाब देंगे उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार कॉरपोरेट घरानों को लाभ पहुंचाने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र को कमजोर कर रही है और देश की आर्थिक रीढ सार्वजनिक बैंको को निजी हाथों में सौंपने की तैयारी कर रही है। यह केवल कर्मचारियों का प्रश्न नहीं बल्कि देश की आर्थिक संप्रभुता और आम जनता की गाढ़ी कमाई की सुरक्षा का मुद्दा है, यदि मजदूरों की आवाज दबाने का प्रयास किया गया तो आंदोलन और अधिक व्यापक उग्र और निर्णायक रूप लेगा यूपी बैंक इम्प्लाइज यूनियन मथुरा इकाई के अधिकारियों ने कहा कि यह संघर्ष समझौते का नहीं अधिकारों की पुनर्स्थापना का है हम झुकेंगे नहीं रुकेंगे नहीं अधिकार लेकर रहेंगे सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को कमजोर करना देश की आत्मनिर्भरता पर सीधा हमला है। बैंककर्मी निजीकरण की हर को. शिश का सड़क से संसद तक विरोध करेंगे लेबर कोड के माध्यम से आठ घंटे कार्यदिवस ओवरटाइम अधिकार और सामूहिक सौदेबाजी की ताकत को समाप्त करने की कोशिश की जा रही है।

# अमेरिका से ट्रेड डील की खिलाफत में सड़क पर उतरे किसान संगठन

**मथुरा।** अमेरिका के साथ हुई भारत की ट्रेड डील का किसान संगठन विरोध कर रहे हैं। गुरुवार को संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान किसान संगठनों ने सड़क पर उतर कर विरोध दर्ज कराया। भारतीय किसान यूनियन टिकैत जिला अध्यक्ष चौधरी मीरा सिंह के नेतृत्व में संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर भारत सरकार के द्वारा अमे. रिका से किये गये समझौते के विरोध में गुरूवार को कलेक्ट्रेट पर किया गया। कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय उप जिला अधिकारी मथुरा को भारत के राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया। कड़े शब्दों में चेतावनी दी कि भारत सरकार ने अमेरिका के साथ कृषि और किसानों को लेकर जो समझौता किया है वह जल्द से जल्द वापस लिया जाए अन्यथा की स्थिति में सडक पर



उतरकर बहुत बड़े आंदोलन को मजबूर होंगे। इस मौके पर महानगर अध्यक्ष सलीम खान, जिला सचिव निजाम खान, तहसील गोवर्धन अध्यक्ष राज. कुमार, तहसील सदर अध्यक्ष राजू निषाद, बॉबी तोमर, दयाराम चौधरी, प्रदीप झरेलिया, राज. कुमार, जिला महासचिव धीरी सिंह, जिला प्रवक्ता मलखान सिंह, शिक्षक प्रकोष्ठ महानगर अध्यक्ष चौधरी आदि मौजूद रहे। वहीं दूसरी ओर भारतीय किसान यूनियन सुनील के कार्यकर्ताओं ने किसान विरोधी अमेरिका भारत व्यापार समझौते के विरोध में मथुरा महानगर के होली गेट चौराहे पर केन्द्र सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। भारत अमेरिका ट्रेड डील वापस लो किसान विरोधी सरकार मुर्दाबाद नरेंद्र मोदी इस्तीफा दो के गगनभेदी नारे लगाकर जोरदार प्रदर्शन किया। भारतीय किसान यूनियन सुनील के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन चतुर्वेदी ने कहा यह समझौता अमेरिका के दबाव में किया जा रहा भारतदृअमेरिका व्यापार समझौता भारतीय किसान को तबाह करने की साजिश है। जहां अमेरिकी किसान को भारी सब्सिडी और सुविधाएँ मिलती हैं। वहीं भारत का किसान महंगे बीज, खाद, डीजल, कर्ज और बिना एमएसपी गारंटी के जूझ रहा है। वर्तमान केंद्र सरकार किसान विरोधी सरकार है यह सरकार ने किसान हित के लिए कुछ नहीं किया सिर्फ किसानों को जुमले दिए हैं। प्रदर्शन में प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष थान सिंह पहलवान, महिला जिला अध्यक्ष मीना ठाकुर, महानगर अध्यक्ष भरत अग्रवाल, उत्तर प्रदेश महासचिव नरोत्तम लाल पाराशर, जीतेन्द्र चौधरी, भगवान दास, वृंदावन नगर अध्यक्ष विनोद राजपूत, प्रयागनाथ चतुर्वेदी आदि रहे।

# योगी ने अधिकारियों के साथ की बैठक



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को नोएडा के सेक्टर-38 में जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन एवं प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। बैठक में जनपद की कानून व्यवस्था की स्थिति और विकास परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी की।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनपद में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के साथ-साथ सभी विकास परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए और योजना संचालन में पारदर्शिता बनी रहे।

4000 करोड़ से लगेगा सेमीकंडक्टर पार्क यमुना विकास प्राधिकरण क्षेत्र के सेक्टर 28, ई-01 में फॉक्सकॉन (Hon Hai Precision Industry Co., Ltd-) द्वारा 48 एकड़ में लगभग 4000 करोड़ की लागत से बनाए जा रहे विकसित उत्तर प्रदेश के पहले सेमीकंडक्टर पार्क के प्रस्तावित कार्यक्रम की भी समीक्षा की।

इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस परियोजना को आधुनिक तकनीक और वैश्विक मानकों के अनुरूप विकसित किया जाए।

3000 लोगों को रोजगार मिलेगा जिससे राज्य में निवेश आकर्षित हो और रोजगार सृजन में वृद्धि हो। इस सेमीकंडक्टर पार्क के बनने से लगभग 3000 लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। इसके अलावा, उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि परियोजना के संचालन में पर्यावरणीय मानकों का पालन किया जाए और स्थानीय लोगों को इससे अधिकतम लाभ मिले।

## छत से गिरकर मासूम की मौत

**ग्रेटर नोएडा।** कस्बे के मोहल्ला आंबेडकर नगर में छत पर खेल रहा ढाई वर्षीय मासूम तीन मंजिला मकान की रेलिंग से नीचे आ गिरा। हादसे में उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा गया। गुरुवार शाम उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक कस्बे के मोहल्ला आंबेडकर नगर निवासी पंकज की पत्नी खुशबू गुरुवार की दोपहर अपने तीन मंजिला मकान की छत पर कपड़े सुखा रही थी। उनका ढाई वर्षीय बेटा शिवम छत पर ही खेल रहा था। खेल-खेल में शिवम मकान की छत पर लगी रेलिंग पर चढ़ गया और अचानक संतुलन बिगड़ने से वह तीन मंजिला मकान से नीचे आ गिरा। शोर होने पर बच्चे की मां खुशबू को हादसे की जानकारी हुई। घटना के बाद परिजनों में चीख पुकार मच गई। परिजन गंभीर हालत में घायल बच्चे को स्थानीय डॉक्टर के पास लेकर पहुंचे, लेकिन इससे पहले ही उसकी मौत हो गई।

# महुआ मोइत्रा के वायरल चैट्स पर हाईवोल्टेज ड्रामा, नोएडा में बंगाल-यूपी पुलिस भिड़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-110 स्थित लोटस पनास सोसायटी में उस समय हड़कंप मच गया, जब तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा और चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर की कथित चैट्स वायरल करने के आरोपी सुरजीत दास गुप्ता के फ्लैट पर नोएडा पुलिस पहुंची।

बताया जा रहा है कि पुलिस कोर्ट से जारी वारंट के आधार पर कार्रवाई करने पहुंची थी। इसी दौरान घटनाक्रम ने नया मोड़ ले लिया। सूत्रों के मुताबिक, जब पुलिस टीम फ्लैट पर पहुंची तो सुरजीत दास ने एक पुलिसकर्मी के मोबाइल पर किसी व्यक्ति से बात करवाई, जिसे उसने एक नेता बताया। कथित तौर पर उस व्यक्ति ने पुलिस से कहा कि वे कोई कार्रवाई न करें और इंस्ट्रक्शन का इंतजार करें। इसके बाद पुलिस टीम मौके से लौट आई। बाद में पुलिस दस्तावेजों में उल्लेख किया गया कि आरोपी फ्लैट पर मौजूद नहीं मिला। इस पूरे घटनाक्रम से जुड़ा एक वीडियो टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने सोशल मीडिया पर साझा किया है, जिससे मामला और गरमा गया है। यह मामला उस समय और गंभीर हो गया, जब पश्चिम बंगाल के कृष्णनगर से एक पुलिस टीम सोमवार सुबह नोएडा पहुंची। बंगाल पुलिस का कहना है कि उनके पास सुरजीत दास के खिलाफ गैर-जमानती वारंट था और वे उसे गिरफ्तार करने आए थे। बंगाल पुलिस का दावा है कि उन्होंने आरोपी को ढूंढ लिया था और हिरासत में भी ले लिया था, लेकिन तभी नोएडा पुलिस की 10-15 जवानों की टीम मौके पर पहुंची और गिरफ्तारी की कार्रवाई रोक दी। बंगाल पुलिस का आरोप है कि स्थानीय पुलिस ने सहयोग नहीं किया, जिसके कारण उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ा। वहीं, नोएडा सेंट्रल पुलिस ने इन आरोपों को सिरे से खारिज किया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, पश्चिम बंगाल पुलिस ने थाना फेस-2 को विधिवत नॉन-बेलेबल वारंट सौंपा था। आरोपी की लोकेशन सेक्टर-110 स्थित लोटस पनास सोसायटी में बताई गई थी। इसके बाद स्थानीय चौकी प्रभारी सहित पुलिस टीम बंगाल पुलिस के साथ मौके पर पहुंची। फ्लैट और टावर की जानकारी जुटाई गई और दबिश भी दी गई, लेकिन आरोपी मौके पर नहीं मिला।

पुलिस का कहना है कि आरोपी की पत्नी को आवश्यक सूचना दे दी गई। घटना के दौरान सोसायटी में बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए थे, जिसे देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया। डीसीपी सेंट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी ने स्पष्ट किया कि स्थानीय पुलिस ने बंगाल पुलिस को पूरा सहयोग दिया है और सहयोग न करने के आरोप निराधार हैं। इस पूरे मामले ने दो राज्यों की पुलिस के बीच समन्वय और राजनीतिक संवेदनशीलता को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

## बाजारों और मॉल पर चढ़ा प्यार का रंग

**नोएडा।** वेलेंटाइन डे से पहले बाजारों और मॉल पर प्यार खुमार चढ़ गया है। हर तरफ लाल रंग की चमक, दिल के आकार की सजावट और रोमांटिक थीम लोगों को आकर्षित कर रही है। कुछ मॉल को लाल गुब्बारों, दिल के कटआउट और गुलाबों से सजाया गया है। कुछ मॉल में हार्ट थीम डेकोरेशन और सेल्फी प्वाइंट बनाए गए हैं जहां युवा जोड़े तस्वीरें खिंचवाते नजर आए। कुछ जगहों लव इन द एयर थीम पर आकर्षक प्रदर्शनी लगाई गई है। किस डे पर बृहस्पतिवार को बाजारों में खरीदारी तेज हो गई। सबसे ज्यादा भीड़ लाल रंग के गिफ्ट की दुकानों पर रही। गुलाब, टेडी बियर, चॉकलेट, हार्ट शेप कुशन और लाल रंग की ड्रेस की मांग अधिक रही। गिफ्ट शॉप संचालकों का कहना है कि इस बार युवाओं में खास उत्साह देखने को मिल रहा है। शहर के फूल विक्रेताओं के अनुसार, लाल गुलाब की मांग सबसे अधिक है और कीमतों में भी हल्की बढ़ोतरी हुई है।

# ठगी करने वाले गिरोह के तीन शातिर गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** भारतीय रेलवे में विभिन्न पदों पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर ठगी करने वाले एक गिरोह के तीन शातिर बदमाशों को थाना बिसरख पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार अभियुक्तों ने एक युवक को रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर 8 लाख रुपये की वसूली कर ली। पीड़ित की शिकायत पर अभियुक्तों की गिरफ्तारी हुई है। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से कूटरचित दस्तावेज, फर्जी ज्वाइनिंग लेटर व अन्य फर्जी दस्तावेज व दस्तावेज तैयार करने के उपकरण बरामद किया है।

डीसीपी सेन्ट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि अभियुक्तगण अश्वनी व पवन चौधरी के द्वारा एक युवक से रेलवे में नौकरी दिलाने की नाम पर धोखाधडी से करीब 8 लाख रुपये लिये गए थे। बाद में युवक को एक फर्जी ज्वाइनिंग लेटर दे दिया गया था। जिसके संबंध में वादी द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर थाना बिसरख पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। उन्होंने बताया कि इस मामले की जांच कर रही थाना पुलिस ने एक सूचना के आधार पर आज अभियुक्त अश्वनी सारस्वत पुत्र विनोद सारस्वत व पवन चौधरी पुत्र हरवीर चौधरी को रेलवे फाटक चिपियाना बुजुर्ग के पास से गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि अश्वनी सारस्वत, पवन चौधरी की निशादेही पर उनके साथी आकिल उर्फ अयान पुत्र जमशेद को शाहबेरी से गिरफ्तार किया गया है

उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया है कि सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर वे लोगों के साथ ठगी की घटनाओं को अंजाम देते हैं। उन्होंने बताया कि अभियुक्तों से फर्जी कूटरचित रेलवे के ज्वाइनिंग लेटर, भारत सरकार द्वारा जारी फर्जी चरित्र प्रमाण-पत्र व कूटरचित रेलवे के रबर की मोहरें, अन्य फर्जी दस्तावेज, कम्प्यूटर, प्रिंटर आदि सामान व एक स्कूटी बरामद हुई । उन्होंने बताया कि अभियुक्तों के अन्य आपराधिक इतिहास के बारे में विस्तार से जानकारी की जा रही है।

## एक नजर

### सोसाइटी में क्रेडल का तार टूटा, तीन तार के सहारे फंसा मजदूर

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** नोएडा के सेक्टर-78 स्थित सिक्का कार्मिक ग्रींस सोसायटी के एस्पायर टावर की मरम्मत कर रहा एक मजदूर बाल-बाल बच गया। इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो एक मिनट से अधिक का है। जिसमें तीन तारों पर क्रैडल लटका दिख रहा है। उस पर एक मजदूर भी है। जिसे पास वाले फ्लैट से एक अन्य व्यक्ति रस्सी के जरिए बचाने का प्रयास कर रहा है।

क्रैडल तीन तारों पर लटका रहा। गनीमत रही कि तार टूटने के दौरान क्रैडल से मजदूर नीचे नहीं गिरा। पास के फ्लैट की बालकनी की ग्रिल से रस्सी बांधकर उसे ऊपर की ओर खींचा गया। बता दें सिक्का कार्मिक ग्रींस सोसायटी में रखरखाव के लिए मरम्मत कार्य चल रहा है। एस्पायर टावर पर मरम्मत के लिए प्लास्टर का काम हो रहा है। इसके लिए क्रैडल लगाया गया था। इसी दौरान क्रैडल का एक ओर से तार टूट गया। तीन तारों पर क्रैडल लटका रहा। घबराया मजदूर ने खुद को बचाने की गुहार लगाई। इसके बाद पड़ोस के एक फ्लैट की बालकनी में ग्रिल से दूसरी रस्सी बांधकर उसको ऊपर खींचा गया। फिलहाल मजदूर पूरी तरह से सुरक्षित है।

### नोएडा प्राधिकरण का अतिक्रमण हटाओ अभियान तेज, 18 स्थानों पर कार्रवाई

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** नोएडा प्राधिकरणने शहर में सड़कों और सार्वजनिक स्थलों को अतिक्रमण मुक्त रखने के लिए अभियान तेज कर दिया है। प्राधिकरण टीम ने वर्क सर्किल-1 से 10 के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में अतिक्रमण उन्मूलन दल ने व्यापक कार्रवाई की।

प्राधिकरण ने बताया कि सड़कों, सार्वजनिक स्थलों और फुटपाथों पर अवैध रूप से लगाए गए ठेले, पटरी दुकानों और अन्य अस्थायी कब्जों को हटाया गया, ताकि यातायात सुगम रहे और आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। गुरुवार को जिन प्रमुख क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाया गया, उनमें सेक्टर-44, 45, 62, 66, 67, 68, 70, 121, एमपी-3 मार्ग, एफएनजी मार्ग, फेस-2, सेक्टर-80, 81, नगला चरणदास टी-पॉइंट, सेक्टर-87 (केंट रोड), सेक्टर-108 वाणिज्यिक भूखंड, सेक्टर-135 और सेक्टर-150 शामिल हैं। प्राधिकरण के अनुसार, विभिन्न माध्यमोंख्र जनसुनवाई, आईजीआरएस, फोन कॉल और अन्य शिकायत प्लेटफॉर्मख्र के जरिए अवैध वेंडर्स और अतिक्रमण की शिकायतें लगातार मिल रही थीं। इन्हीं शिकायतों के आधार पर नियमित रूप से अतिक्रमण उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है। नोएडा प्राधिकरण ने स्पष्ट किया है कि यह कार्रवाई आगे भी प्रतिदिन जारी रहेगी और शहर को व्यवस्थित एवं यातायात सुचारु बनाए रखने के लिए सख्ती बरती जाएगी।

### बच्चा चोर के शक में बुजुर्ग महिला को पीटा

**ग्रेटर नोएडा (शाह टाइम्स)।** ग्रेटर नोएडा के जेवर कोतवाली क्षेत्र स्थित नगला जहानु गांव में एक बुजुर्ग महिला की पिटाई का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने महिला पर बच्चा चोर होने का शक जताते हुए उसके साथ मारपीट की। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि कुछ ग्रामीण एक बुजुर्ग महिला को घेरकर पीट रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि महिला गांव के पास जंगल में छिपी हुई थी, जिसके कारण उन्हें उस पर बच्चा चोर होने का संदेह हुआ। इसी शक के आधार पर ग्रामीणों ने महिला को पकड़कर उसके साथ मारपीट की। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने बुजुर्ग महिला को ग्रामीणों के चंगुल से छुड़ाकर अपने संरक्षण में लिया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, महिला की मानसिक स्थिति ठीक नहीं लग रही थी और वह मानसिक रूप से अस्वस्थ प्रतीत हो रही थी। स्थानीय लोगों द्वारा बिना पुष्टि किए कानून अपने हाथ में लेने की इस घटना ने कई सवाल खड़े किए हैं। पुलिस का कहना है कि यदि किसी पर संदेह हो तो तत्काल पुलिस को सूचित करना चाहिए। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और वायरल वीडियो के आधार पर मारपीट करने वाले लोगों की पहचान की जा रही है।

# अपनी संस्कृति-संस्कार न छोड़ें : साध्वी प्राची

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नगर पंचायत कार्यालय के पीछे मैदान पर बृहस्पतिवार को आयोजित हिंदू महासम्मेलन में साध्वी डॉ. प्राची ने कहा कि अब हिंदुओं के एकजुट होने का समय आ गया है। आरएसएस के शताब्दी वर्ष पूरे होने पर आयोजित सम्मेलन में 1500 से अधिक लोग पहुंचे। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान साध्वी डॉ. प्राची की अचानक तबियत खराब हो गई जिसके चलते उन्होंने आगे के सभी कार्यक्रम रद्द कर दिए।

साध्वी ने कहा कि लोग जब-जब शांत बैठे हैं तब-तब हिंदू समाज का नुकसान हुआ है। हिंदू समाज को एकत्रित और समय-समय पर जगाने में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की बड़ी भूमिका रही है। उन्होंने लोगों से एकजुटता का आह्वान करते हुए संस्कृति व संस्कारों से जुड़े रहने की भी अपील की। मुख्य वक्ता आनंद सहप्रांत प्रचारक मेरठ प्रांत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने बताया संघ के पाकिस्तान और चीन के आक्रमण के समय में भी स्वयंसेवकों ने कंधा से कंधा मिलाकर देश के लिए काम किया था। सम्मेलन में नगर पंचायत अध्यक्ष लता चौधरी, भाजपा नेता संजय चेची, राधाकृष्ण, अनुपम तायल, कोमल शर्मा, गौरव संघी, रवि चेची, राकेश शर्मा, अंकित भाटी आदि उपस्थित रहे।

## रामपुर में वकील की गोली मारकर हत्या

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के रामपुर में अधिवक्ता फारूक अहमद की गोली मारकर हत्या के विरोध में वकीलों में भारी रोष है। गुरुवार को ग्रेटर नोएडा में भी वकीलों ने प्रदर्शन किया। जिला बार एसोसिएशन के नेतृत्व में अधिवक्ता जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे और उन्होंने घटना की निंदा करते हुए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। जिला बार एसोसिएशन गौतमबुद्ध नगर के अध्यक्ष मनोज भाटी ने बताया कि रामपुर में एक अधिवक्ता की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसी घटना को लेकर जिला बार एसोसिएशन गौतमबुद्ध नगर ने अपना रोष व्यक्त किया। उन्होंने इसे एक गंभीर घटना बताया और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग की कि इसमें शामिल आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

# औद्योगिक सेक्टर इकोटेक-16 में पहुंचना आसान होगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के नए औद्योगिक सेक्टर इकोटेक-16 में पहुंचना आसान होगा। यहां 80, 60 और 24 मीटर चौड़ी सड़क बनाई जाएगी। इस सेक्टर को 130 मीटर चौड़ी सड़क से जोड़ने का काम जल्द शुरू होगा। इसके लिए सर्वेक्षण का काम चल रहा है। एजेंसी को कार्य आदेश जारी कर दिया गया है। प्राधिकरण के अधिकारी के मुताबिक इकोटेक-16 को दादरी जीटी रोड से जोड़ा जाएगा। इसका फायदा आसपास के गांवों के लोगों को होगा। यह सेक्टर सुनपुरा, खेड़ी और धूममानिकपुर गांव की जमीन पर बसाया जा रहा है।

यहां सोलर कंपनी अवाडा इलेक्ट्रो प्राइवेट लिमिटेड को 25-25 एकड़ के दो भूखंड आवंटित किए जा चुके हैं। अन्य भूखंडों के आवंटन की प्रक्रिया चल रही है। लोगों को सेक्टर तक पहुंचने में किसी तरह की दिक्कत न हो, इसके लिए मुख्य सड़कों से जोड़ने की कार्ययोजना पर काम शुरू कर दिया गया है। अन्य मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराए जाने पर भी काम चल रहा है। अधिकारी के मुताबिक सेक्टर के चारों तरफ 80 मीटर और 60 मीटर चौड़ी सड़क बनाई जाएगी।

80 मीटर और 60 मीटर चौड़ी सड़क चार लेन की होगी। हरित क्षेत्र भी विकसित किया जाएगा। वहीं, सेक्टर के अंदर की मुख्य सड़क 24 मीटर चौड़ी होगी। वरिष्ठ प्रबंधक नरोत्तम सिंह ने बताया कि इकोटेक-16 को 130 मीटर चौड़ी सड़क को जोड़ने के लिए सर्वेक्षण का काम चल रहा है। अगले एक सप्ताह में सड़क बनाने का काम शुरू हो जाएगा। इस सेक्टर को 130 मीटर सड़क से जोड़ने के लिए लगभग तीन किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण किया जाएगा,जो भनौता गांव के पास जुड़ेगी।

**वाहन जाम में नहीं फंसेंगे:** 130 मीटर चौड़ी सड़क सीधे ग्रेटर नोएडा और ग्रेटर नोएडा वेस्ट को जोड़ती है। इसका विस्तार यमुना प्राधिकरण क्षेत्र तक किया जाना प्रस्तावित है। यह सेक्टर दादरी जीटी रोड से भी जुड़ जाएगा। ऐसे में औद्योगिक सेक्टर में आने वाले माल वाहक वाहनों के जाम में फंसने की समस्या नहीं पैदा होगी।

**औद्योगिक इकाइयां स्थापित होंगी:** प्राधिकरण ने 130 मीटर चौड़ी सड़क के किनारे औद्योगिक इकाइयां स्थापित करने की योजना बनाई है। उद्यमी भी इसके आसपास निवेश करने को इच्छुक हैं। इसके लिए औद्योगिक सेक्टरों में जमीन की खरीदारी के साथ जरूरी विकास कार्य कराए जा रहे हैं। सेक्टर इकोटेक-आठ और नौ 130 मीटर सड़क के किनारे ही स्थित है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के चलते ग्रेटर नोएडा में निवेश की संभावनाएं बढ़ गई हैं।

# परीक्षा में लगाए गए समस्त अधिकारीगण समय से अपनी ड्यूटी पर पहुंचकर अपने दायित्वों का करें निर्वहन: डीएम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** 18 फरवरी से 12 मार्च 2026 तक आयोजित होने वाली बोर्ड परीक्षा-2026 को मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम जनपद में नकल विहीन, शांतिपूर्ण एवं सुचिता के साथ संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी ने आज आईआईएमटी कॉलेज ग्रेटर नोएडा के ऑडिटोरियम हॉल में प्रशासन एवं पुलिस के संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। बैठक में 60 परीक्षा केंद्रों के केंद्र व्यवस्थापक, बाह्य केंद्र व्यवस्थापक, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा जोनल मजिस्ट्रेट द्वारा प्रतिभाग किया गया।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि बोर्ड परीक्षाएं पूर्णतः नकलविहीन, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो। परीक्षा से पूर्व सभी परीक्षा केंद्रों का शत-प्रतिशत निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए और जहां कहीं भी कमियां हों, उन्हें समय रहते दुरुस्त कराया जाए। सभी परीक्षा केंद्रों पर स्ट्रांग रूम की स्थापना कर 24 घंटे सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी सुनिश्चित करने को कहा गया। साथ ही सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे सक्रिय अवस्था में रहें। जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा ड्यूटी में लगाए गए सभी अधिकारीगण समय से उपस्थित होकर अपने दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करें। परीक्षा केंद्रों के आसपास साफ-सफाई, परीक्षा कक्ष में प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, शौचालय एवं प्राथमिक उपचार की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए एवं शासनादेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने निर्देशित किया गया कि परीक्षा केंद्र के स्ट्रांग रूम तथा स्ट्रांग रूम में रखी चार डबल लॉक अलमारियों का खोलना, चाबीयों का रख रखाव नियमानुसार किया जाए, परीक्षा दिवस पर प्रश्न पत्र खोलने से पहले दिनांक वार विषय, पाली आदि को भली भांति देखकर खोलें, किसी भी तरह का विचलन किसी भी दशा न हो, निर्देशों आदेशों का भली भांति अध्ययन कर लें, समय से परीक्षा केंद्र पहुंचकर नकल विहीन, सुचिता के साथ परीक्षा सम्पादित कराएं।पुलिस विभाग द्वारा परीक्षा अवधि में सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने अवगत कराया कि यूपी बोर्ड परीक्षा-2026 में गौतम बुद्ध नगर के कक्षा 10वीं एवं 12वीं के लगभग 42917 छात्र-छात्राएं प्रतिभाग करेंगे।

## बिल्डर और उसके सहयोगियों पर धोखाधड़ी का केस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जमीन खरीद-फरोख्त से जुड़े एक मामले में धोखाधड़ी, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में बिल्डर और उसके सहयोगियों के खिलाफ एक्सप्रेसवे थाने में केस दर्ज हुआ है। केस दिल्ली निवासी एक व्यक्ति के प्रार्थनापत्र पर न्यायालय के आदेश पर दर्ज हुआ है। करतार सिंह अनेजा ने न्यायालय में दिए प्रार्थनापत्र में बताया कि उन्होंने एक बिल्डर कंपनी से नगला बहारामपुर गांव में करीब छह बीघा जमीन खरीदने का सौदा किया था। इस जमीन की कुल कीमत लगभग 94 लाख रुपये तय हुई थी। करतार सिंह ने नगद, चेक और एनईएफटी के माध्यम से पूरी रकम का भुगतान कर दिया और 12 मई 2023 को बिक्री अनुबंध भी हो गया।

आरोप है कि भुगतान के बाद बिल्डर की ओर से केवल दो बीघा जमीन की रजिस्ट्री कराई गई। बाकी चार बीघा जमीन की रजिस्ट्री बाद में करने का आश्वासन दिया गया। काफी समय बीतने के बाद भी शेष जमीन की रजिस्ट्री नहीं कराई गई। जब पीड़ित ने जमीन या रुपये मांगे तो आरोपियों ने टालमटोल शुरू कर दी।

मई 2025 में जब पीड़ित अपनी जमीन पर कब्जा लेने पहुंचा तो आरोपियों और कुछ अन्य लोगों ने उस पर हमला कर दिया। उसे जमीन पर गिराकर गला दबाने की कोशिश की गई और गोली चलाने की धमकी भी दी गई। बाद में पीड़ित ने इस घटना की सूचना पुलिस को दी। उनका आरोप है कि शुरू में पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया। पीड़ित ने पुलिस अधिकारियों से कई बार शिकायत की और कार्रवाई न होने पर अदालत का दरवाजा खटखटाया। अदालत ने मामले को गंभीर मानते हुए पुलिस को संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच करने का आदेश दिया।

# अमेरिका-भारत व्यापार समझौते पर प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** भारतीय किसान यूनियन ने आज अमेरिका-भारत व्यापार समझौते के विरोध में प्रदर्शन किया। गौतम बुद्ध नगर के जिला मुख्यालय पर जिला अध्यक्ष रॉबिन नागर के नेतृत्व में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी अनुराग सारसवत्स को राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया।

रॉबिन नागर ने बताया कि ज्ञापन के माध्यम से राष्ट्रपति को अवगत कराया गया है कि देश भर के किसान संगठन इस समझौते को रद्द करने की मांग कर रहे हैं। भारतीय किसान यूनियन का मानना है कि यह समझौता किसान विरोधी है।

नागर ने तर्क दिया कि अमेरिका की खेती भारी सब्सिडी पर आधारित और पूरी तरह मशीनीकृत है। यदि भारत सोयाबीन, मक्का, गेहूं, डेयरी उत्पाद और दालों पर आयात शुल्क घटाता है, तो सस्ती अमेरिकी फसलें भारतीय मंडियों में आएंगी। इससे भारतीय किसान, जो पहले से ही न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के लिए संघर्ष कर रहे हैं, प्रतिस्पर्धा में पिछड़ जाएंगे।

उन्होंने आगे कहा कि भारत का डेयरी मॉडल छोटे और सीमांत किसानों पर आधारित सहकारी व्यवस्था पर टिका है। अमेरिकी डेयरी उत्पादों के आसान प्रवेश से लाखों दुग्ध उत्पादक परिवार प्रभावित होंगे, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर सीधा नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। नागर ने यह भी उल्लेख किया कि अमेरिकी कंपनियां पेटेंट आधारित बीज और बौद्धिक संपदा अधिकारों के माध्यम से अपने किसानों को आत्मनिर्भर बनाती हैं। इसके विपरीत, भारत में किसान आज भी पारंपरिक बीज संचय और संरक्षण पर निर्भर हैं। यदि बीज कंपनियों के नियंत्रण में आ जाते हैं, तो भारतीय किसान अपनी पारंपरिक बीज स्वतंत्रता और नियंत्रण खो देंगे।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा


ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# जनपद में व्यापक स्तर पर किया जाए प्रचार प्रसार : न्यायाधीश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली तथा उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशों के क्रम में जनपद की जनता के विधिक अधिकार व सशक्तिकरण एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों व योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से आगामी 22 फरवरी 2026 को नोएडा शिल्प हाट सेक्टर-33ए नोएडा में मेगा/वृहद विधिक साक्षरता/सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा।

मेगा/वृहद विधिक साक्षरता/सेवा शिविर की तैयारियों को लेकर आज मा0 जनपद न्यायाधीश अतुल श्रीवास्तव की अध्यक्षता में जनपद न्यायालय के सभागार में जनकल्याणकारी कार्यक्रमों एवं योजनाओं से संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

बैठक में जनपद न्यायाधीश ने कहा कि आगामी 22 फरवरी 2026 को आयोजित होने वाले विधिक साक्षरता/सेवा शिविर में जनपद के 44 विभागों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी संबंधित विभाग अपने-अपने विभागों की तैयारियां समयबद्ध रूप से पूर्ण करते हुए अधिक से अधिक जनसहभागिता सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि सभी विभाग शिविर में अपने-अपने स्टॉल स्थापित कर जनकल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करें, ताकि अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ मिल सके।

बैठक में प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/नोडल अधिकारी मेगा विधिक साक्षरता शिविर गौतम बुद्ध नगर विरेक अग्रवाल ने अवगत कराया कि शिविर में नाल्सा की प्रचलित योजनाओं जैसे श्रम, बाल संरक्षण, ट्रांसजेंडर अधिकार, बंदी/कैदी सहायता, अनुसूचित जाति एवं जनजाति, वरिष्ठ नागरिक, यातायात दुर्घटना एवं महामारी पीड़ितों के लिए विधिक सहायता से संबंधित योजनाओं की जानकारी प्रदान की जाएगी। साथ ही विभिन्न शासकीय योजनाओं के लाभार्थियों का चिन्हांकन एवं पंजीकरण भी किया जाएगा।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 शिवाकांत द्विवेदी ने अब तक की गई तैयारियों से जनपद न्यायाधीश को विस्तारपूर्वक अवगत कराया। उन्होंने बताया कि विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल आवंटन, लाभार्थियों की सूची तैयार करने, योजनाओं के प्रचार-प्रसार, पात्र व्यक्तियों के चिन्हांकन तथा आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें तथा यह सुनिश्चित करें कि शिविर में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को एक ही स्थान पर विभिन्न योजनाओं की जानकारी एवं आवश्यक सहायता उपलब्ध हो सके। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि लाभार्थियों की पूर्व पहचान कर उन्हें व्यक्तिगत रूप से आमंत्रित किया जाए, ग्राम एवं शहरी स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाए तथा सभी व्यवस्थाएं बैठक, पेयजल, विद्युत, स्वास्थ्य सहायता एवं सुरक्षा समुचित रूप से सुनिश्चित की जाएं।

उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि प्रत्येक विभाग अपने स्तर पर प्रगति की दैनिक समीक्षा करते हुए समय से पूर्व सभी तैयारियां पूर्ण करे, ताकि मेगा/वृहद विधिक साक्षरता/सेवा शिविर को सफल, सुव्यवस्थित एवं जनोपयोगी बनाया जा सके।

बैठक में जिला विकास अधिकारी शिव प्रताप परमेश सहित समाज कल्याण, शिक्षा, दिव्यांग सशक्तिकरण, महिला एवं बाल विकास, कृषि, जल शक्ति, पिछड़ा वर्ग कल्याण, पंचायती राज, उद्योग, कौशल विकास, पशुपालन, श्रम, पुलिस, राजस्व, स्वास्थ्य, परिवहन, विद्युत, खाद्य सुरक्षा एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# जनपद में 18 फरवरी से होंगी बोर्ड परीक्षा प्रारंभ

## यूपी बोर्ड परीक्षा को शांतिपूर्ण सकुशल संपन्न कराए जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी ने की संबंधितों के साथ बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** गुरुवार को जिला. धिकारी अस्मिता लाल ने कलेक्ट्रेट सभागार में जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट व केंद्र व्यवस्थापकओ के साथ यूपी बोर्ड हाई स्कूल व इंटर की परीक्षाओं को स्वतंत्र निष्पक्ष पारदर्शी सकुशल संपन्न कराए जाने के उद्देश्य से उक्त के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश की बोर्ड परीक्षाएं 2026 की परीक्षा हेतु जनपद बागपत में हाई स्कूल के 13766 व इंटरमीडिएट के 13417 परीक्षार्थी पंजीकृत हुए हैं। परीक्षा 18 फरवरी से प्रारंभ हो रही हैं। जनपद में 37परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जिन पर सभी चाक-चौबंद व्यवस्था के जिलाधिकारी ने निर्देश दिए। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया है कि जो कमियां अभी नजर आ रही इन्हें तत्काल दुरुस्त किया जाए बोर्ड परीक्षाएं कैमरे की निगरानी में संपन्न कराई जाएंगी सभी कैमरे सभी परीक्षा केंद्रों पर व्यवस्थित तरीके से संचालित रहे। बोर्ड परीक्षा को सकुशल संपन्न कराए जाने के लिए 37 स्टैटिक्स मजिस्ट्रेट , 10सेक्टर मजिस्ट्रेट, 3जोनल मजिस्ट्रेट बनाए गए हैं। कंप्यूटर कंट्रोल रूम प्रभारी प्रधानाचार्य गीता शर्मा व जिला अल्पसंख्यक अधिकारी कैलाश तिवारी को नियुक्त किया गया है। विभागीय परीक्षा नोडल अधिकारी प्रधानाचार्य अंतरिक्ष को नियुक्त किया गया है। जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया है कि बेसिक शिक्षा विभाग के जिन अध्यापकों की डयूटी लगाई गई है बे समय से अपनी डयूटी करने पहुंचे फ्लैस। जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया है कि हाईस्कूल की ओएमआर शीट के संबंध में कक्ष निरीक्षक को अच्छा प्रशिक्षण पूर्व में



दे दिया जाए। जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग को निर्देशित किया कि बोर्ड परीक्षाओं के समय लाइट प्रभावित नहीं होनी चाहिए सुचारू रूप से विद्युत व्यवस्था संचालित रहे किसी भी तरह के किसी विद्यार्थी को कोई समस्या ना आने दी जाए। जिलाधिकारी ने अधिक्षण अभियंता विद्युत वितरण को निर्देशित किया की परीक्षाओं हेतु निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर प्रभावी नियंत्रण रखने हेतु शासन द्वारा प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर वॉयस रिकार्डरयुक्त कैमरें की व्यवस्था सुनिश्चित कराते हुए परीक्षा केन्द्रों पर लगे डीवीआर की वेबकास्टिंग जनपद स्तरीय कन्ट्रोल रूम से करते हुए राज्य स्तरीय कन्ट्रोल रूम से भी कनेक्ट किये गये हैं। उक्त के क्रम में अधीक्षण अभियंता विद्युत को निर्देशित किया कि बोर्ड परीक्षा 2026 के सुचारू रूप से संचालन एवं नकलविहीन परीक्षाएं कराए जाने के उद्देश्य से परीक्षा की ऑनलाइन रियल टाइम मॉनीटरिंग किये जाने हेतु 16 फरवरी, 2026 से 12 मार्च, 2026 तक जनपद में निर्धारित समस्त परीक्षा केन्द्रों पर (सम्बन्धित क्षेत्र में) एवं कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक, बागपत में (सम्बन्धित क्षेत्र में) निर्बाध विद्युत आपूर्ति किया जाना सुनिश्चित करें। किन्ही भी परिस्थितियों में विद्युत आपूर्ति बाधित न की जाये। यूपी बोर्ड परीक्षा 18 फरवरी2026 से12मार्च 2026 तक सम्पन होगी जो दो पारियों में आयोजित की जाएगी प्रथम पाली 8रू30 बजे से 11रू45 बजे तक व द्वितीय पाली 2 बजे से 5:15 तक रहेगी। जिलाधिकारी निर्देश दिए की सभी परीक्षा केंद्रों में अच्छी लाइट की व्यवस्था होनी चाहिए परीक्षा कक्ष में अंधेरा ना हो परीक्षा देने के लिए व्यवस्थित तरीके से अच्छा फर्नीचर लगा होना चाहिए पानी टॉयलेट आदि की व्यवस्था होनी चाहिए। जिला विद्यालय निरीक्षक राघवेंद्र सिंह ने बताया जनपद में निर्धारित सभी परीक्षा केंद्रों पर लगे समस्त सीसीटीवी कैमरे स्टैटिक आईपी के माध्यम से जनपद स्तरीय कंट्रोल रूम से कनेक्ट हो चुके हैं तथा सभी केंद्रों के डीवीआर की स्टैटिक आईपी फीड करा कर राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम में भी जनपद बागपत का कंप्यूटर सेट स्थापित कर दिया गया है। कंट्रोल रूम से सभी परीक्षा केंद्रों के कुल कैमरा कनेक्ट किए गए हैं। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व विनीत कुमार उपाध्याय, जिला विद्यालय निरीक्षक राघवेंद्र सिंह, समस्त एसडीएम सहित संबंधित अधिकारी केंद्र व्यवस्थापक आदि उपस्थित रहे।

## बिजली का करंट लगने से युवक की मौत, परिवार में शोक



मृतक का फाइल फोटो

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** एक युवक की बिजली के करंट लगने से मौत हो गयी जिससे परिजनों में कोहराम मचा है। कस्बें के लोग पीड़ित परिवार को सांत्वना देने मे लगे है।

रटौल निवासी 45 वर्षीय शाहिद पुत्र इरफान टैंट लगाने का काम करता है। रटौल में ही बस स्टैण्ड पर हीरो एजेंसी के पीछे उसने शाहिद पुत्र अलीशेर की बेटी की शादी में टैंट लगाया था जब वह उसे उखाड़ रहा था, तभी उसका पाईप ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन बिजली की लाइन से टच हो गया जिससे वह बिजली की चपेट में आने से दूर जा गिरा साथ के लोगो ने देखा तो उसे बचाने दौड़ पड़े और उसे उठाकर रटौल चिकित्सक के यहा ले गये जहा से उसे दिल्ली के तेग बहादुर अस्पताल भेजा गया। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया जब यह खबर परिजनों को पता चली तो परिवार में कोहराम मच गया। कस्बें के लोग पीड़ित परिवार को सांत्वना देने मे लगे है।

## पिता नें नाबालिग पुत्री के साथ किया दुष्कर्म

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** चांदीनगर क्षेंत्र के एक गांव में एक पिता ने अपनी नाबालिग पुत्री के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है आरोपी पिता को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। वही छात्रा को मेडिकल के लिए भेजा गया है।

चांदीनगर क्षेंत्र के एक गांव में समाज को कलंकित करने वाली घटना सामने आयी है, मिली जानकारी के अनुसार एक गांव में एक व्यक्ति शराब के नशे मे घर पहुंचता है जहा उसकी 14 वर्षीय पुत्री और दो छोटे बच्चें अकेले थे। पुत्री कक्षा 6 की छात्रा है।

मिली जानकारी के अनुसार पुत्री की मां पडौस में ही एक शादी में गीत कार्यक्रम मे गयी थी तभी आरोपी पिता ने चाकू के बल पर पुत्री के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी घटना 11 फरवरी की रात्रि आठ बजें की बताती गयी है।

पीड़ित छात्रा ने रात में ही अपने चाचा जो दिल्ली रहते है उन्हें अपने साथ हुई घटना की जानकारी दी। चाचा 12 फरवरी की सुबह गांव पहुंचे और भतीजी से जानकारी ली तो उसने बता दिया। चाचा नें चांदीनगर थानें पहुंच अपने भाई के खिलाफ तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस नें मुकदमा कायम कर लिया है।

थाना प्रभारी अतर सिंह ने बताया की तहरीर के आधार पर मुकदमा कायम किया गया है। छात्रा को मेडिकल के लिए भेजा गया है। आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## रमजान माह में शराब बिक्री पर रोक की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील में पहुंचकर बृहस्पतिवार को खिदमत फाउंडेशन के कार्यकर्ताओं ने तहसील मे पहुंचकर रमजान माह मे खुले मे शराब बिक्री पर रोक लगाने की मांग को लेकर एसडीएम के नाम कानूनगो को सौपा।

खिदमत फाउंडेशन बड़ौत के अध्यक्ष मुहम्मद आजाद चौधरी के नेतृत्व मे कार्यकर्ताओं ने खुले में शराब की बिक्री बंद कराने की मांग को लेकर उपजिलाधिकारी के नाम ज्ञापन कानूनगो अखिलेश गुप्ता को सौंपा, जिसमें एडवोकेट आकिब चौधरी कोषाध्यक्ष ने कहा कि रमजान का मुबारक महीना शुरू हो रहा है। यह महीना मुसलमानों के लिए बहुत ही पवित्र माना जाता है। इस महीनें में मुसलमान इबादत करते हैं। मुसलमानों के लिए शराब हराम है। जिले में जगह-जगह शराब की दुकानें खुली हैं। जहां लोग खुले में शराब पीते हें। रोजेदार और नमाजी जब वहां से मस्जिद या अपने घर की तरफ जाते हैं तो शराब की बदबू और रास्तों में खाली पड़ी बोतलों से रोजा खराब होता है। इससे रोजेदारों को परेशानी होती है। कुछ लोग शराब पीकर मस्जिदों के पास से गुजरते समय गाली गलोच करते हैं, जिससे दिक्कत होती है। लिहाजा रमजान के महीने में खुले में शराब की बिक्री बंद की जाए, ताकि रोजदारों को किसी तरह की परेशानी का सामना करना नहीं पड़े। इस मौके पर जमीरूदीन अब्बासी, विक्रांत सभासद, एडवोकेट आरिफ, शाहिद खान, एडवोकेट शकील, रिजवान मलिक एडवोकेट साजिद नोसा आदि मौजूद रहे।

### एक नजर

## युवक को मारपीट कर किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** पांची गांव में एक घर में घुसकर गांव के ही युवकों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित के भाई नें थानें में तहरीर दी है। पांची निवासी जुल्फिकार पुत्र इजहारूलहक नें थाना चांदीनगर में तहरीर देते हुए बताया कि उसका भाई नवाजिश व तैयब अपने घर पर काम कर रहे थे तभी गांव के ही अरहम, जैद, अमन आदि साथियों के साथ उसके घर पहुंचे और गाली गलौच कर मारपीट करने लगे सभी हाथो में धारदार हथियार लिये हुए थे। पीड़ित ने बताया उन्होंने उसके भाई नवाजिश को मारपीट कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित के भाई ने थानें में तहरीर देते हुए कारवाही की मांग की है।

## 14 वे 15 फरवरी को कराई जाएगी ऑल इंडिया कबड्डी प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के बरवाला गांव की बड़ी पट्टी निकट नाग बाबा मंदिर के पास तोमर क्लब के तत्वाधान में ऑल इंडिया कबड्डी प्रतियोगिता 14 वे 15 फरवरी को कराई जाएगी जिसमें दूर दराज तक के कुश्ती लड़ने वाले पहलवान भाग लेंगे। कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 31000 हजार द्वितीय पुरस्कार 21000 हजार एवं तृतीय पुरस्कार 11000 रुपए का जीतने वाली टीम को दिया जाएगा नाइट कबड्डी टूर्नामेंट टीम की एंट्री निशुल्क रखी गई है आयोजक संस्था के सदस्य शिवम तोमर बरवाला गौरव दिल्ली पुलिस कांस्टेबल अनुज चौधरी संदीप चौधरी हरियाणा पुलिस बबलू आकाश चौधरी आदि नेबताया कि बाहर से आने वाले समस्त पहलवानों के लिए खाने ठहरने की व्यवस्था भी नि:शुल्क तरीके से रखी गई है तोमर क्लब के सदस्यों ने बताया कि इस प्रतियोगिता में बाहर से आने वाले पहलवानों के लिए विशेष व्यवस्था रखी गई है।

## किसानों के महान नेता पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी अजित सिंह की धूमधाम से मनाई 87 वीं जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के नेहरू रोड़ पर राष्ट्रीय लोकदल के संस्थापक किसान नेता पूर्व केन्द्रीय मंत्री चौ.अजित सिंह की 87वीं जयन्ती के अवसर पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गयी तथा फलो का वितरण किया गया। इस दौरान एक विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। नगर बडौत के नेहरू रोड़ पर किसान नेता पूर्व केन्द्रीय मंत्री चौ.अजित सिंह की 87वी जयन्ती पर राष्ट्रीय लोक दल के वरिष्ठ नेता प्रदीप तोमर (लोहड्डा) के नेतृत्व में फलो का वितरण किया गया। तदोपरान्त इस अवसर पर विचार गोष्टी का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका चेयरमैन पति वरिष्ठ रालोद नेता अश्वनी तोमर, वरूण तोमर आदि रालोद के वरिष्ठ नेता पहुंचे। इस अवसर पर राष्ट्रीय लोकदल के वरिष्ठ नेता प्रदीप तोमर (लोहड्डा) ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि चौधरी अजित सिंह किसानों के महान चिंतक रहे, उनकी सादगी, उनकी असली पहचान थी। उनके विचार, उनकी सोच और उनकी राजनीति की विरासत बेमिसाल और विशाल है। यह विरासत केवल शब्दों में नहीं, बल्कि खेत-खलिहानों की मिट्टी में बसती है। किसानों और मजदूरों की उम्मीदों में बसती है। हर उस आवाज में बसती है जो अपने हक के लिए खड़ी होती है। रालोद वरिष्ठ नेता अश्वनी तोमर ने कहा कि चौधरी साहब ने हमेशा किसानों की बेबाक आवाज बनकर उनकी लड़ाई लड़ी। उन्होंने सत्ता को सेवा का माध्यम माना और किसान, मजदूर व आमजन के सम्मान को सर्वोपरि रखा। आज उनकी जयंती पर हम सबका दायित्व है कि उनके सिद्धांतों, संघर्ष और सेवा भाव की इस विरासत को मजबूती से आगे बढ़ाएं। किसानों की बेबाक आवाज, पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी अजीत सिंह की जयंती पर कोटि-कोटि नमन।

## तहसील में विधिक सहायता व जागरुकता शिविर आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बागपत द्वारा गुरुवार को खेकड़ा तहसील परिसर में लघु विधिक सहायता एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। इसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बागपत की सचिव अंकिता सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। शिविर का उद्देश्य निर्धन, दिव्यांग, बच्चे, महिलाएं, श्रमिक, अनुसूचित जाति एवं जनजाति सहित अन्य वंचित वर्गों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देना और पात्र लाभार्थियों की पहचान कर योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना था। शिविर में विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाए, जहां आमजन की समस्याओं को सुना गया और मौके पर ही उनके समाधान का प्रयास किया गया। वंचित लाभार्थियों का पंजीकरण किया गया और उन्हें योजनाओं से जुड़ी सुविधाओं के बारे में जागरूक किया गया। दिव्यांगजनों के लिए बैसाखी, व्हीलचेयर जैसे उपकरण उपलब्ध कराने हेतु भी पंजीकरण किए गए। इसके अतिरिक्त, जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए भी आवेदन स्वीकार किए गए। किसान सम्मान निधि से वंचित किसानों का पंजीकरण कराया गया। जिन किसानों का पंजीकरण पहले हो चुका था लेकिन उन्हें निधि प्राप्त नहीं हो रही थी, उनके प्रकरणों की जांच कर कारणों की जानकारी दी गई। पात्र महिलाओं को सिलाई मशीन उपलब्ध कराने के लिए प्रार्थना पत्र लिखवाकर उनका पंजीकरण भी किया गया।

**सूचना**

मेरे हाई स्कूल परीक्षा वर्ष 2016 अनुक्रमांक 0643157 के अंक पत्र सह प्रमाण पत्र वास्तव में कही खो गए है।

शेखर पुत्र नाथीराम निवासी ग्राम भैंसवालॉ, जनपद शामली।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र साहिल से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा।

यामीन पुत्र इनायत निवासी पट्टी दाबडा कस्बा टीकरी थाना दोघट तहसील बडौत जनपद बागपत।

## टटीरी-मेहनवा मार्ग पर रेलवे ट्रैक के पास नग्न अवस्था में मिला महिला का शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** अग्रवाल मंडी टटीरी-सूरजपुर मेहनवा मार्ग पर रेलवे ट्रैक के पास एक महिला का नग्न अवस्था में शव पड़ा हुआ मिला। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। महिला की हत्या की आशंका जताई है। महिला कोतवाली क्षेत्र के ही एक गांव की बताई जा रही है, जो बुधवार देर शाम अपने गांव पैदल लौट रही थी।



लोगों ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र के गांव की एक महिला अपने घर गई हुई थी। बुधवार देर शाम को उसने परिजनों को सूचना दी थी कि वापस लौट रही है। वह बागपत पहुंच गई ओर रिक्शा से टटीरी आ रही है। मगर देर रात तक भी महिला घर नहीं पहुंची तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। काफी तलाश करने के बाद भी महिला का कुछ पता नहीं लगा।

बृहस्पतिवार को रेलवे ट्रैक के पास से गुजर रहे दो युवकों को ट्रैक के पास महिला का नग्न शव पड़ा देखा। युवकों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने महिला की हत्या कर शव यहां फेंकने की आशंका जताई है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। पुलिस ने शव का पंचनामा खारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूचना पर मौके पर एसपी सूरज. कुमार राय और एएसपी प्रवीण कुमार ने मौके पर जांच पड़ताल की।

एसपी ने बताया कि मृतक महिला की पहचान दुर्गेश पत्नी बाबूराम निवासी सूरजपुर मेहनवा के रूप में हुई है। मामले की जांच की जा रही है।

## 14 फरवरी को कांग्रेस पार्टी निकालेगी (मनरेगा बचाओ) पैदल मार्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कांग्रेस पार्टी 14 फरवरी को (मनरेगा बचाओ) पैदल मार्च निकालेगी। यह मार्च छपरौली थाना क्षेत्र के कुरड़ी गांव से शुरू होकर बड़ौत शहर स्थित पीएन शर्मा पार्क पर समाप्त होगा।



यह मार्च कांग्रेस के जिलाध्यक्ष लव कश्यप के नेतृत्व में निकाला जाएगा। इसमें सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। जिलाध्यक्ष लव कश्यप ने बताया कि (मनरेगा बचाओ) पैदल मार्च केंद्रीय नेतृत्व के आहवान पर आयोजित किया जा रहा है। इसे सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के साथ बैठकें कर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। लगभग 15 किलोमीटर लंबा यह पैदल मार्च विभिन्न गांवों से गुजरेगा। इस दौरान कांग्रेस की नीतियों से लोगों को अवगत कराया जाएगा। मार्च में स्थानीय लोगों की भी बड़ी संख्या में भागीदारी की संभावना है। वर्तमान में, जिलाध्यक्ष लव कश्यप मार्च को सफल बनाने के लिए गांव-गांव जाकर कार्यकर्ताओं के साथ बैठकें कर रहे हैं।

## संस्कृति पब्लिक स्कूल में सीनियर कक्षा की विदाई समारोह आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के संस्कृति पब्लिक स्कूल शबगा में सीनियर कक्षा की विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ चेयरमैन धर्मेन्द्र शर्मा एवं प्रधानाचार्य हरिदत्त शर्मा ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित एवं माल्यार्पण करके किया।



तानिया कक्षा 9 ने सरस्वती वंदना एवं काकुल शर्मा, निक्की व जोया ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। हर्षित शर्मा को मिस्टर फेयरवेल एवं मानवी को मिस फेयरवेल घोषित किया गया। कार्यक्रम में विधार्थियों के लिए अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। म्युजिकल चेयर में छवि सोलंकी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विधार्थियों को आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं देते हुए प्रधानाचार्य हरिदत्त शर्मा ने भावुक होते हुए कहा कि आप कहीं नहीं जा रहे क्योंकि दिल में रहते हैं आप, बस जीवन में कभी कोई गलत काम नहीं करना। उन्होंने कहा कि चारों तरफ बहुत सी बातें हैं जो कि आपको पथभ्रष्ट करती हैं लेकिन आपको इन सबसे बच कर सफलता प्राप्त करनी है। संचालन सृष्टि शर्मा एवं निक्की पंवार ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर सुरेखा तोमर, नीतू चौधरी, दिव्या शर्मा, संजय शर्मा, सचिन पंवार, सौरभ दुहूण, दीपक रूहेला, अंशु, शालिनी, स्नेहा शर्मा एवं अंजु शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## भाकियू टिकैत के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट में दिया धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन के कार्यक्रताओं ने कलेक्ट्रेट में धरना-प्रदर्शन कर भारत-अमेरिका मुफ्त व्यापार समझौते का विरोध किया। साथ उन्होंने डीएम को प्रधानमंत्री के नाम दिए ज्ञापन में किसानों की समस्याओं का समाधान कराने की मांग की।



उन्होने किसानों को फसल का उचित मूल्य दिलाने के लिए एमएसपी गारंटी कानून बनाने की मांग की। इसके अलावा किसानों के ट्रैक्टरों को कृषि यंत्र का दर्जा दिलाने, किसानों का कर्जा माफ कर कर्जा मुक्त करने, पश्चिमी उत्तर प्रदेश की दो नदी, कृष्णा नदी व हिंडन नदी को बड़ी नदियों से नहरों द्वारा जोड़कर 6 जनपदों को सफाई कराकर कैंसरमुक्त किया जाए। उन्होंने नहरों की सिंचाई व्यवस्था को सुदृढ़ और सुंचारू चलाने की मांग की। इस मौके पर दिल्ली एनसीआर महासचिव प्रदीप धामा, जिला प्रभारी चौ. विनोद, इन्द्रपाल, हरेंद्र दांगी, महिपाल, उपेन्द्र तोमर, सीटू, नीरज ढाका, कृष्ण कुमार, सुरेशपाल, भूपेंद्र सिंह, भोपाल सिंह, राजेंद्र मौजूद रहे।

## अगर कोई लव जिहाद कर हिंदुओं की एक बेटी को ले जाए तो उसका पीछा मत छोड़ा: यशवीर महाराज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** यशवीर महाराज ने गुरुवार को कहा- अगर कोई लव जिहाद कर हिंदुओं की एक बेटी को ले जाए तो उसका पीछा मत छोड़ो। जब तक बेटी वापस न आए जाए तब तक संघर्ष करते रहो।

एक बेटी के बदले उनकी 25-30 बेटियां ले आओ। जब ऐसा होगा तो किसी लव जिहादी की हिम्मत नहीं होगी कि वो हिंदू समाज की बहन-बेटियों की तरफ आंख उठाकर देखे। क्योंकि भय बिन प्रीत नहीं होती है। यशवीर महाराज ने ये बातें विराट हिंदू सम्मेलन में कही। वे अपने बयानों को लेकर अक्सर सुर्खियों में रहते हैं। मुजफ्फरनगर में योग साधना आश्रम चलाते हैं। 2024 में मुजफ्फरनगर में कांवड़ यात्रा मार्ग पर दुकानदारों से नेम प्लेट लगाने की मांग कर धरने पर बैठ गए थे। बाद में सरकार ने आद. ेश जारी कर नेम प्लेट को अनिवार्य कर दिया था। हालांकि बाद में सुप्रीम कोर्ट ने सरकार के इस आद. ेश पर रोक लगा दी थी। यशवीर महाराज ने कहा - हिंदुओं को भी (लव जिहाद) करना चाहिए। यदि कोई हिंदू बेटी दूसरे मजहब में चली जाती है, तो उसे वापस लाने का पूरा प्रयास किया जाना चाहिए। उनकी बेटियां ले आओ तो उनका इतना सम्मान करो कि वे बुर्का छोड़कर यहां आने को तैयार हो जाएं।

## रामपुर में अधिवक्ता की गोली मारकर हत्या के विरोध में अधिवक्ताओं ने किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** गुरुवार को कलेक्ट्रेट पर अधिक्ताओं ने रामपुर में एक अधिवक्ता की गोली मारकर हत्या के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। उन्होंने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई, पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता और अधिवद्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सरकार से ठोस कदम उठाने की मांग की। अधिवक्ताओं ने इस संबंध में जिलाधिकारी अस्मिता लाल को मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन भी सौंपा।



प्रदर्शन करते अधिवक्ताओं ने बताया कि रामपुर में अधिवक्ता फारूक अहमद खान की गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी गई थी। इस घटना से अधिवक्ता समुदाय में गहरा रोष है। अधिवक्ताओं ने अपनी मांगों को दोहराते हुए कहा कि हत्या के दोषियों पर तत्काल और कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। इसके साथ ही, पीड़ित परिवार को तुरंत आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने सरकार से अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए प्रभावी नीतियां बनाने का आग्रह किया। बार अध्यक्ष अधिवक्ता सुभाष सिंह तोमर ने कहा कि रामपुर अधिवक्ता हत्याकांड की निष्पक्ष जांच के लिए एक विशेष जांच दल (SIT) का गठन किया जाना चाहिए। उन्होंने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और अधिवक्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा आवश्यक कदम उठाने पर जोर दिया। इस दौरान अध्यक्ष सुभाष तोमर, पूर्व अध्यक्ष रामकुमार तोमर, महामंत्री अजित सिंह, धर्मेन्द्र काठा, सलिम मलिक, आजाद राणा, रासिद तसलीम आदि मौजूद रहे।

# निजीकरण के विरोध में 'जेल भरो आंदोलन' व 'लाइटनिंग एक्शन' की चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के केन्द्रीय पदाधिकारियों ने बताया कि गुरुवार को उत्तर प्रदेश सहित देश के सभी राज्यों में लाखों बिजली कर्मियों ने कार्य बंद कर व्यापक विरोध प्रदर्शन किया। प्रदेश के सभी जनपदों में बिजली कर्मचारी, जूनियर इंजीनियर और इंजीनियर कार्यालयों से बाहर आकर बड़ी संख्या में प्रदर्शन में शामिल हुए।

संघर्ष समिति ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि उत्तर प्रदेश में चल रही निजीकरण की प्रक्रिया निरस्त नहीं की गई और निजीकरण के लिए टेंडर जारी किया गया, तो प्रदेश के सभी बिजली कर्मचारी, जूनियर इंजीनियर और इंजीनियर सामूहिक जेल भरो आंदोलन प्रारम्भ करेंगे, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी। समिति ने यह भी कहा कि यदि संसद के बजट सत्र में इलेक्ट्रिसिटी

### ■ बिजली कर्मचारियों ने कार्यालयों के बाहर किया प्रदर्शन

(अमेंडमेंट) बिल पारित करने का प्रयास किया गया, तो इसकी तीखी प्रतिक्रिया होगी। देश के लगभग 27 लाख बिजली कर्मचारी बिना किसी अतिरिक्त नोटिस के तत्काल कार्य बंद कर 'लाइटनिंग स्ट्राइक' पर चले जाएंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी केंद्र सरकार की होगी। गुरुवार का आंदोलन पावर सेक्टर के निजीकरण के विरोध में, इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल 2025 एवं प्रस्तावित नेशनल इलेक्ट्रिसिटी पॉलिसी 2026 को वापस लेने, उत्तर प्रदेश में चल रही निजीकरण प्रक्रिया को निरस्त करने तथा बिजली कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना बहाल करने की मांगों को लेकर की गई है।




संघर्ष समिति ने बताया कि पहली बार बिजली कर्मचारियों के समर्थन में संयुक्त किसान मोर्चा और दस केंद्रीय ट्रेड यूनियनों ने भी आंदोलन में सक्रिय भागीदारी की। बिजली कर्मचारियों, इंजीनियरों, मजदूर संगठनों और किसानों की संयुक्त एकजुटता के कारण यह आंदोलन स्वतंत्र भारत के महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक आंदोलनों में शामिल हो गया है।

संघर्ष समिति ने कहा कि पावर सेक्टर में नियमित प्रकृति के कार्यों के लिए बड़े पैमाने पर आउटसोर्सिंग की जा रही है, जिससे न केवल कर्मचारियों की सुरक्षा प्रभावित हो रही है बल्कि बिजली व्यवस्था की गुणवत्ता पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। प्रमुख मांगों में आउटसोर्सिंग पर रोक, नियमित पदों पर सीधी भर्ती तथा आउटसोर्स कर्मियों का नियमितीकरण शामिल है।

संघर्ष समिति ने चिंता व्यक्त की है कि बिजली क्षेत्र का निजीकरण (वितरण, उत्पादन तथा टीबीसीबी के माध्यम से ट्रांसमिशन) गरीब उपभोक्ताओं, छोटे एवं मध्यम उद्योगों तथा आम जनता के हितों के विरुद्ध है। इसलिए इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल 2025 और प्रस्तावित नेशनल इलेक्ट्रिसिटी पॉलिसी 2026 को तत्काल वापस लिया जाना आवश्यक है। गुरुवार को मेरठ में विरोध सभा कार्यालय मुख्य अभियंता वितरण क्षेत्र प्रथम/द्वितीय के प्रांगण, विक्टोरिया पार्क मेरठ में हुआ जिसमें मुख्यत: सीपी सिंह, विपिन कुमार, सौरभ, गुरुदेव सिंह, गोपी चंद, अश्विनी, कपिल देव, महेश शर्मा, सुरेंद्र कुमार, रविंद्र मौतला, मांगेराम आदि उपस्थित रहे।

प्रदेश के सभी जिलों में व्यापक भागीदारी के साथ हुए इस शांतिपूर्ण और अनुशासित आंदोलन ने यह स्पष्ट कर दिया है कि बिजली कर्मी निजीकरण के विरुद्ध और सार्वजनिक बिजली व्यवस्था की रक्षा के लिए निर्णायक संघर्ष के लिए तैयार हैं।

# पुल पर सामान छोड़कर युवक ने गंगनहर में लगाई छलांग, तलाश जारी

### ■ युवक की नहीं हो सकी शिनाख्त, पुलिस जांच में जुटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** सरधना थाना क्षेत्र के दौराला गंगनहर पुल पर गुरुवार दोपहर एक सनसनीखेज घटना सामने आई, जब एक अज्ञात व्यक्ति अपने जूते-चप्पल और शॉल पुल पर छोड़कर अचानक नहर में कूद गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक कुछ क्षणों तक पानी में संघर्ष करता नजर आया और दो बार सतह पर उभरा, लेकिन तेज बहाव के चलते देखते ही देखते लापता हो गया।

स्थानीय लोगों ने बताया कि युवक सरधना की दिशा से पैदल आता हुआ पुल पर पहुंचा था। वह काफी देर तक चुपचाप बैठा रहा। अचानक उसने अपने पैरों से चप्पल उतारी, शॉल किनारे रखी और बिना कुछ कहे नहर में छलांग लगा दी। घटना इतनी अचानक हुई कि आसपास मौजूद लोग कुछ समझ


घटनास्थल पर पड़ी चप्पल व शॉल।

पाते, उससे पहले ही युवक गहरे पानी में समा गया। शोर शराबा मचने पर राहगीरों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पुल पर मिले सामान को कब्जे में लेकर छानबीन शुरू कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक युवक की उम्र लगभग 45 वर्ष के आसपास प्रतीत हो रही थी। पहचान सुनिश्चित करने के लिए पुलिस ने बरामद शॉल और चप्पलों की तस्वीरें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और स्थानीय व्हाट्सऐप समूहों में साझा की हैं। अधिकारियों का कहना है कि युवक की शिनाख्त होते ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। समाचार लिखे जाने तक व्यक्ति की पहचान नहीं हो सकी थी। पुलिस नहर क्षेत्र में तलाश और अन्य बिंदुओं पर जांच में जुटी हुई है।

# मनरेगा के नियम व नाम बदलने पर आज कांग्रेस निकालेगी पदयात्रा




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बृहस्पतिवार को कांग्रेस कार्यालय पर हुई प्रेस वार्ता के दौरान महानगर अध्यक्ष रंजन शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि महानगर कांग्रेस कमेटी के द्वारा केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ 'मनरेगा बचाव अभियान' के तहत शाम 4 बजे महानगर कांग्रेस कमेटी के द्वारा पदयात्रा निकाली जाएगी। रंजन शर्मा ने मौजूदा केंद्र सरकार पर तीखे हमले किए और कहा कि केंद्र की मोदी सरकार कांग्रेस सरकार द्वारा पूर्व में लागू की गई जनहित की योजनाओं का नाम और नियम बदलकर देश की 'लाइफ लाइन' कही जाने वाली योजनाओं को कमजोर करने का कार्य

### ■ हाउस टैक्स वृद्धि के खिलाफ होगा जनआंदोलन: रंजन शर्मा

कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम जैसी महत्वपूर्ण योजना का नाम बदलकर 'जी राम जी' किया जाना सरकार की मंशा को स्पष्ट करता है यह सीधे तौर पर श्रमिक वर्ग के हितों पर प्रहार है। वही उन्होंने कहा कि हाउस टैक्स की बढ़ोत्तरी के खिलाफ कांग्रेस एक बड़ा जन आंदोलन चलाने वाली है। इस दौरान पूर्व जिला अध्यक्ष अवनीश काजला, बबीता गुर्जर, बबली, रीना शर्मा, पियूष रस्तौगी आदि मौजूद रहे।

# आगामी त्यौहारों को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन

## अफवाहों से सावधान रहने और हुड़दंगियों पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** आगामी महाशिवरात्रि, रमजान और होली के त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने के उद्देश्य से थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस प्रशासन, पालिका प्रशासन, नगर के गणमान्य नागरिकों, धर्मगुरुओं और व्यापारियों ने भाग लिया तथा त्योहारों के दौरान बेहतर व्यवस्था बनाए रखने को लेकर अपने-अपने सुझाव रखे।

बैठक को संबोधित करते हुए अधिकारियों ने कहा कि त्योहार आपसी भाईचारे, प्रेम और सौहार्द का संदेश देते हैं। इसलिए सभी लोग मिलजुलकर इन पर्वों को मनाएं और क्षेत्र में अमन-चैन बनाए रखें। स्पष्ट चेतावनी दी गई कि यदि किसी ने हुड़दंग किया या माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया तो उसके खिलाफ


शांति समिति की बैठक में शामिल अधिकारी व गणमान्य लोग।

सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वक्ताओं ने सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने, पेयजल और बिजली आपूर्ति सुचारु रखने की मांग उठाई। साथ ही त्योहारों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने, भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पुलिस गश्त बढ़ाने और शरारती तत्वों पर कड़ी नजर रखने की आवश्यकता जताई गई। सीओ आशुतोष कुमार ने आश्वस्त किया कि त्योहारों के मद्देनजर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था फैलाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने आमजन से अपील की कि किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें तथा कोई संदिग्ध गतिविधि दिखाई देने पर तुरंत पुलिस को सूचना दें। चेयरपर्सन पति निजाम अंसारी एवं ईओ दीपिका शुक्ला ने कहा कि त्योहारों को देखते हुए नगर में सफाई, पानी और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं दुरुस्त रखी जाएंगी, ताकि लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। बैठक में इंस्पेक्टर दिनेश प्रताप सिंह, ईओ दीपिका शुक्ला, सूर्यदेव त्यागी, ठाकुर प्रतिश, निजाम अंसारी, समर कुरैशी, पंकज जैन, मुख्तार खान, सुहेल कुरैशी, अली शाह, दीपक शर्मा, ललित गुप्ता, संजीव कुमार, आलोक जैन, वीरेंद्र चौधरी, दिनेश प्रधान, विमला अरोड़ा, पिंकी सोम, शानू जैन, सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# एमएम पब्लिक स्कूल में एकदिवसीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम बली में एमएम पब्लिक स्कूल में एकदिवसीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक विज्ञान के प्रोजेक्ट बनाएं और उनके बारे में अतिथियों को जानकारी दी। अतिथियों द्वारा सभी छात्र-छात्राओं को मेडल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि रतिराम मावी पूर्व प्रधानाचार्य बहसूमा मास्टर राजेंद्र नागर मास्टर रामवीर मावी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। एमएम पब्लिक स्कूल प्रांगण में लगे विज्ञान मेले में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विज्ञान के अनेक मॉडल जैसे वाष्पोत्सर्जन वाटर पंप सूर्य ग्रहण वॉटर प्यूरीफायर चंद्रयान तथा मिसाइल आदि के मॉडल बनाकर अतिथियों को उनके बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम संयोजक मास्टर राजवीर सिंह को बधाई दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता मास्टर रामवीर मावी प्रबंधक ज्ञानस्थली इंटर कॉलेज सिखेड़ा तथा संचालन हिमांशी मावी ने किया। कार्यक्रम में मास्टर शुभम भावी, आदेश कुमार, राहुल कुमार, आमिर सैफी, गुलफाम अली, अनुराधा आंचल, शबाना, हिना, लवी, इशिका सुंदरी, तनु आदि का सहयोग रहा।

# महाशिवरात्रि के मद्देनजर सदर क्षेत्र में सघन सत्यापन अभियान, अव्यवस्था पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** महाशिवरात्रि पर्व को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मेरठ के निर्देशानुसार सदर थाना क्षेत्र में सघन सत्यापन अभियान चलाया गया।

अभियान क्षेत्राधिकारी कैंट के नेतृत्व में पुलिस बल की उपस्थिति में संचालित किया गया। अभियान के अंतर्गत थाना सदर बाजार क्षेत्र स्थित प्रसिद्ध बाबा औघड़नाथ मंदिर परिसर एवं उसके आसपास के क्षेत्रों में विशेष जांच-पड़ताल की गई। मंदिर के बाहर मांगकर जीवनयापन करने वाले व्यक्तियों तथा फूल-माला विक्रेताओं का विधिवत सत्यापन किया गया। इस दौरान संबंधित व्यक्तियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करते हुए पर्व के अवसर पर शांति एवं व्यवस्था बनाए रखने का आह्वान किया गया। क्षेत्राधिकारी कैंट ने स्पष्ट निर्देश दिए कि महाशिवरात्रि के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था, अवैध गतिविधि अथवा



श्रद्धालुओं को असुविधा पहुंचाने का प्रयास करने वालों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने पुलिस बल को विशेष सतर्कता बरतने तथा क्षेत्र में निरंतर गश्त करते रहने के निर्देश भी प्रदान किए। पुलिस प्रशासन द्वारा उठाए गए इन कदमों से श्रद्धालुओं में सुरक्षा की भावना सुदृढ़ हुई है तथा पर्व को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने की तैयारियां तेज कर दी गई हैं।

## सिद्धपीठ फिरोजपुर महादेव मंदिर के मुख्य पुजारी का निधन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** महाभारत कालीन सिद्धपीठ फिरोजपुर महादेव मंदिर के मुख्य पुजारी धर्मपाल गिरी का लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया। उनके देहांत से क्षेत्र में शोक की लहर



दौड़ गई। धर्मपाल गिरी पिछले 50 वर्षों से अधिक समय से मंदिर में निस्वार्थ भाव से सेवा कर रहे थे। उन्होंने अपने जीवन का अधिकांश समय भगवान शिव की आराधना और श्रद्धालुओं की सेवा में समर्पित किया। उनके सानिध्य में मंदिर की धार्मिक परंपराएं निरंतर आगे बढ़ती रहीं। वे सरल स्वभाव, सौम्य व्यवहार और आध्यात्मिक व्यक्तित्व के धनी थे। दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालु भी उनका विशेष सम्मान करते थे। ग्रामीणों का कहना है कि धर्मपाल गिरी ने मंदिर को नई पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। श्रद्धालुओं और ग्रामीणों ने उनकी सेवाओं को अविस्मरणीय बताया। उनके अंतिम संस्कार में क्षेत्र के गणमान्य लोगों का तांता लगा हुआ था।

# गफूरी इंटर कॉलेज में हुआ विदाई समारोह

## विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की मिसाल बना संस्थान

### ■ शिक्षा ही समाज और राष्ट्र के विकास की आधारशिला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर/मेरठ।** गुरुवार को किठौर स्थित गफूरी मेमोरियल इंटर कॉलेज में सम्मान समारोह एवं कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं के विदाई कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए विभिन्न प्रोजेक्ट मॉडल प्रस्तुत किए गए, जिनके लिए प्रतिभाशाली छात्रों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा किया गया।

इस अवसर पर किठौर उप निरीक्षक विजय कुमार, कांस्टेबल अजय कुमार एवं संतोष सिंह ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि शिक्षा ही समाज और राष्ट्र के विकास की आधारशिला है। उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनका मनोबल बढ़ाया। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यों में सक्रिय अधिवक्ता शराफत




अली ने विद्यार्थियों को मार्ग दर्शन देते हुए कहा कि गफूरी मेमोरियल इंटर कॉलेज क्षेत्र में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा और संस्कारों के लिए जाना जाता है। वहीं शाहजमाल गांव के प्रधान परवेज दिलशाद का कार्यक्रम में स्वागत किया गया। कॉलेज के प्रबंधक मोहम्मद गुफरान गफूरी ने विद्यार्थियों को ट्रॉफी और मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि गफूरी मेमोरियल इंटर कॉलेज का उद्देश्य केवल परीक्षा में सफलता दिलाना नहीं, बल्कि छात्रों को आत्मनिर्भर, अनुशासित और समाज के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनाना है। इस अवसर पर कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं को भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम में कॉलेज के प्रधानाचार्य योगेंद्र कुमार सहित जहां आरा, अब्दुल आहद, खालिद, आदिल मिजाज, मनोज कुमार, आमिर, सुहैल अहमद, शाहिद अली (पत्रकार) अवनीश दीक्षित, अनुज प्रधान जिला पंचायत सदस्य वार्ड-5, हापुड़, विकास कुमार, शाजिया परवीन सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# परीक्षितगढ़ थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें शिवरात्रि व रमजान होली का पर्व शांतिपूर्वक मनाने की अपील की गई। थानाध्यक्ष सुदीश सिंह सिरोही ने कहा कि शिवरात्रि रमजान होली का पर्व सभी लोग मिलजुल कर मनाएं तथा कांवड़ियों को कोई परेशानी न हो इसका विशेष ध्यान रखें वहीं उन्होंने कांवड़ शिविर लगाने वाले आयोजकों से कहा कि वह शिविर रजिस्ट्रेशन कराकर ही लगाये। वहीं जगह-जगह मुख्य मार्ग और नहर की पटरी पर लाईट की उचित व्यवस्था हो। इसका सभी ध्यान रखें कोई भी असामाजिक तत्व कोई गड़बड़ी फैलता है तो उसकी गुप्त रूप से उन्हें जानकारी दें ऐसे असामाजिक तत्वो के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इस मौके पर चेयरमैन हिटलर त्यागी ने बताया कि सभी मंदिरों में विशेष सफाई व सजावट कराई जाएगी। कांवड़ियों को कोई परेशानी न हो इसका पूरा ध्यान रखा जाएगा। इस मौके पर गुल्लू प्रधान, मौलाना आरिफ गुड्डू, मोनू सैफी, कारी मोहम्मद वासिफ, योगेंद्र प्रधान, दर्शन सिंह, हरिंदर सिंह, शिवदत्त प्रधान, राहुल त्यागी सहित वरिष्ठ उप निरीक्षक विजेंद्र यादव एसआई राजकुमार सिंह, प्रमोद कुमार, हेड कांस्टेबल विनय कुमार, विजेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

# जिला स्तरीय खेलों में पीएम श्री बेहरोडा ने बाजी मारी

## बीएसए आशा चौधरी ने किया खेलों का समापन, गोला फेंक में पीएम श्री बेहरोडा रहा अव्वल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जिला स्तर की खेल प्रतियोगिता का दूसरे दिन आईआईएमटी गंगानगर में संपन्न हुआ। खेलों का समापन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशा चौधरी के द्वारा किया गया।

जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में मेरठ के सभी ब्लॉकों के पीएम श्री विद्यालय की टीमो ने भाग लिया जिसमें गोला फैक में पीएम श्री विद्यालय बेहरोडा के छात्र बिट्टू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद में अलीना तृतीया, बैडमिंटन में आसिफ प्रथम, और सादिया दूसरे स्थान पर रही, जबकि 200 मीटर दौड़ में आसिफ ने प्रथम और छात्राओं की 200 मीटर दौड़ में सादिया तीसरा स्थान प्राप्त किया। पीएम श्री बेहरोडा टीम के ब्लॉक खेल प्रभारी सुदीप कुमार , व्यायाम प्रभारी उमेश कुमार इनके अतिरिक्त खेल अनुदेशक अभिषेक, राजीव, शिवकुमार, विनीत कुमार, ज्ञानदीप आदि मौजूद रहे। जिला स्तरीय पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय जनपद स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का




उद्घाटन आईआईएमटी गंगानगर के अध्यक्ष मयंक द्वारा किया गया जबकि समापन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशा चौधरी के द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल देकर सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# डीएवी में महर्षि दयानन्द सरस्वती जयंती पर 21 कुण्डीय महायज्ञ का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सीजेडीएवी सेन्टेनरी पब्लिक स्कूल में गुरुवार को महर्षि दयानन्द सरस्वती के 201 वें जन्मोत्सव के अवसर पर 21 कुण्डीय विशाल यज्ञ का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में महानगरीय भाजपा अध्यक्ष विवेक रस्तोगी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। थापर नगर आर्य समाज के अध्यक्ष राजेश सेठी सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने यजमान बनकर अनुष्ठान की गरिमा बढ़ाई। डॉ. अल्पना शर्मा क्षेत्रीय अधिकारी, डीएवी विद्यालय, उत्तर प्रदेश जोन-ए ने कहा कि महर्षि दयानन्द सरस्वती ने समाज को अज्ञानता और अंधविश्वास से निकालकर सत्य, ज्ञान और जागृति का मार्ग दिखाया। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर आर्य समाज के 150 वर्ष पूर्ण होने का विशेष महत्व भी है। यज्ञ में कक्षा 3 से 5 तक के विद्यार्थियों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सद्गुण अपनाने और कुरीतियों का त्याग करने का संकल्प लिया। प्रधानाचार्या अपर्णा जैन ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### देव-सिन्हा भारतीय टीम को लीड करेंगे

**नई दिल्ली, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के डेन स्वीनी और जापान के सेइता वतनबे दिल्ली ओपन 2026 में एक कॉम्पिटिटिव डबल्स फील्ड में हेडलाइन करेंगे, जो 16 से 22 फरवरी तक डीएलटीए कॉम्प्लेक्स में होगा। एटीपी चैलेंजर इवेंट में जाने-माने डबल्स स्पेशलिस्ट और सिंगल्स प्लेयर्स का एक मजबूत मिक्स है, जो ड्रॉ में गहराई और रोमांच जोड़ता है। स्वीनी और वतनबे फील्ड में ऑप-रैंक वाली जोड़ी के रूप में एंट्री करते हैं, जिनकी कंबाइंड टीम रैंकिंग 265 है। वतनबे, जो डबल्स में 127 रैंक पर हैं, स्वीनी के साथ मिलकर काम करते हैं, जो सिंगल्स में 138 पर हैं, जो टूर्नामेंट में सबसे मजबूत कॉम्बिनेशन में से एक है। भारतीय चुनौती का नेतृत्व एस डी प्रज्वल देव व नितिन कुमार सिन्हा करेंगे, जो मेन ड्रॉ में सबसे ऊंची रैंक वाली ऑल-इंडियन जोड़ी हैं। देव (219) व सिन्हा (243) एक अनुभवी इंटरनेशनल फील्ड के खिलाफ जाने-पहचाने घरेलू हालात का फायदा उठाने की कोशिश करेंगे।

### इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट की महिला टीम ने जीता खिताब

**नई दिल्ली, वार्ता।** इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंस ने गत विजेता दिल्ली यूनिवर्सिटी एलुमना को कांटे के संघर्ष में सडनडेथ में 8-7 से पराजित कर 12वें पद्मश्री श्याम लाल मेमो. रियल हॉकी टूर्नामेंट में महिला वर्ग का खिताब जीत लिया। विज. ता टीम की खिलाड़ी यशस्वी ने प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड प्राप्त किया। श्याम लाल कॉलेज के मैदान पर खेले गए फाइनल में इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंस (आईजीआईपीईएसएस) और दिल्ली यूनिवर्सिटी एलुमना के बीच निर्धारित समय में मुक. ाबला 2-2 से बराबरी पर रहा था। इसके बाद टाईब्रेकर में भी दोनों टीमों ने पांच-पांच गोल कर दिए और स्कोर 7-7 हो गया।

### बेंगलुरु आईटीएफ महिला टूर्नामेंट की मेजबानी को तैयार

**बेंगलुरु, वार्ता।** नीदरलैंड्स पर डेविस कप में भारत की रोमांचक जीत के कुछ दिनों बाद, बेंगलुरु एक और मशहूर इंटरनेशनल टेनिस टूर्नामेंट - केप. िबी ट्रस्ट आईटीएफ महिला ओपन 100 बेंगलुरु 2026 के चौथे एडिशन को होस्ट करने के लिए तैयार है। यह टूर्नामेंट, जो भारत का सबसे बड़ा आईटीएफ महिला टेनिस टूर्नामेंट है, जो 15-22 फरवरी तक बेंगलुरु के एस-एम- कृष्णा टेनिस स्टेडियम में होगा। आईटीएफ महिला 100 कैटेगरी में डब्ल्यूटीए रैंकिंग पॉइंट्स मिलते हैं और यह आईटीएफ और डब्ल्यूटीए टूर्स के बीच एक ब्रिज का काम करता है। इस इवेंट में 32-प्लेयर सिंगल्स मेन ड्रॉ, 32-प्लेयर क्वालिफाइंग ड्रॉ और 16-टीम डबल्स ड्रॉ शामिल हैं, जिसका मेन ड्रॉ 17 फरवरी से शुरू होगा। भारत की ऑप रैंक वाली महिला खिलाड़ी सहजा, देश की ऑप रैंक वाली जूनियर खिलाड़ी से होगा।

# जिम्बाब्वे की नजरें उलटफेर करने पर

● **जिम्बाब्वे का मुकाबला टूर्नामेंट की फेवरेट टीम ऑस्ट्रेलिया से होगा, ऑस्ट्रेलिया इस मुकाबले में जीत की जबरदस्त संभावना व दुनिया भर में दबदबे के साथ उतरेगा**

**कोलंबो, वार्ता।** ग्रुप बी में सबकी नजरें अब क्लासिक डेविड बनाम गोलियथ मुकाबले पर टिकी हैं, जब शुक्रवार को यहां आर- प्रेमदासा इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में जिम्बाब्वे का मुकाबला टूर्नामेंट की फेवरेट टीम ऑस्ट्रेलिया से होगा।

ऑस्ट्रेलिया इस मुकाबले में जीत की जबरदस्त संभावना और दुनिया भर में दबदबे के साथ उतर रहा है, लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या जिम्बाब्वे इस एडिशन का पहला बड़ा उलटफेर कर सकता है? सिकंदर रज़ा की टीम ने चुपचाप मोमेंटम बना लिया है। ओमान पर उनकी आठ विकेट की बड़ी जीत ने गेंद से डिसिप्लिन और बल्ले से धैर्य दिखाया। लेकिन शुक्रवार का मुकाबला एक बिल्कुल अलग चुनौती पेश करता है। ऑस्ट्रेलियाई टीम का सामना करना जिसमें पावर-हिटर्स, अच्छे ऑलराउंडर्स और कोलंबो के हालात के हिसाब से एक मजबूत स्पिन अटैक है।



जिम्बाब्वे की उम्मीदें निडर रवैए पर टिकी होंगी। ब्रायन बेनेट, जिन्होंने पिछले गेम में 48 रन बनाए, पिछले साल उनके सबसे लगातार परफॉर्मर रहे हैं और ऑप पर अहम होंगे। अगर बेनेट और तदीवानाशे मारुमानी नई गेंद को संभालकर एक मजबूत प्लेटफॉर्म तैयार कर पाते हैं, तो ब्रेंडन टेलर, रज़ा और रयान बर्ल की अनुभवी तिकड़ी बीच के ओवरों में स्कोरिंग को आगे बढ़ा सकती है। असली मौका गेंद के साथ हो सकता है। ब्लेसिंग मुजराबानी और रिचर्ड नगरवा ने अपने पिछले मैच में छह विकेट लेकर शानदार प्रदर्शन किया था। एक ऐसी सतह पर जिससे शुरू में स्विंग और बाद में टर्न मिलने की उम्मीद है, जिम्बाब्वे का पेस-स्पिन कॉम्बिनेशन ऑस्ट्रेलिया के आक्रामक ऑप ऑर्डर की परीक्षा ले सकता है। आयरलैंड के खिलाफ थोड़ी कमजोरी दिखाने वाले मिडिल ऑर्डर को बेनकाब करने के लिए शुरुआती ब्रेकथ्रू जरूरी होंगे। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया अभी भी मजबूत है। कप्तान ट्रैविस हेड लीडर के तौर पर पहली जीत हासिल करने के बाद आगे से लीड करने के लिए बेताब होंगे। जोश इंग्लिस, ग्लेन मैक्सवेल, मार्कस स्टोइनिस और कैमरन ग्रीन की मौजूदगी पूर्व चैंपियन को ऐसी गहराई देती है जिसका मुकाबला कुछ ही टीमें कर सकती हैं। एडम जम्पा और मैथ्यू कुहनेमन की उनकी स्पिन जोड़ी भी कोलंबो की धीमी होती पिच का फायदा उठा सकती है। प्रेमदासा की पिच ने हमेशा लक्ष्य का पीछा करने वाली टीमों को फायदा पहुंचाया है, पिछले दस में से आठ मैच बाद में बैटिंग करने वाली टीम ने जीते हैं। मैच के दिन बादल छाए रहने का अनुमान है, जिससे गेंदबाजों को शुरुआत में और मदद मिल सकती है, जिससे मुकाबले में एक और अप्रत्याशित बात जुड़ जाएगी। जिम्बाब्वे के लिए, यह सिर्फ ग्रुप-स्टेज का मैच नहीं है। यह सोच को बदलने और खुद को सिर्फ हिस्सा लेने वाले के बजाय असली दावेदार के तौर पर पेश करने का मौका है। उलटफेर टी-20 वर्ल्ड कप की धड़कन रहे हैं, और सबसे छोटे फॉर्मेट में लापरवाही की कोई गुंजाइश नहीं होती। कागज पर ऑस्ट्रेलिया शायद बहुत ज्यादा पसंदीदा हो, लेकिन अगर जिम्बाब्वे खास मौकों का फायदा उठाता है।

# आचार संहिता तोड़ने पर अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी पर जुर्माना

**दुबई, वार्ता।** अफगानिस्तान के ऑलराउंडर मोहम्मद नबी पर टी-20 विश्व कप 2026 ग्रुप डी के मैच में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आईसीसी अचार संहिता के लेवल 1 को तोड़ने के लिए मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।



इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) की वेबसाइट के मुताबिक, नबी को कोड के आर्टिकल 2-4 को तोड़ने का दोषी पाया गया, जो इंटरनेशनल मैच के दौरान अंपायर के निर्देश को न मानने से जुड़ा है। यह घटना अफगानिस्तान की पारी के 14वें ओवर की शुरुआत में हुई, जब नबी दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी के रिस्टबैंड को लेकर मैदानी अंपायरों से बात कर रहे थे। लेवल 1 के उल्लंघन पर कम से कम ऑफिशियल फटकार और ज्यादा से ज्यादा खिलाड़ी की मैच फीस का 50 परसेंट जुर्माना हो सकता है। मैच का अंत बहुत ही नाटकीय तरीके से हुआ, जिसमें दक्षिण अफ्रीका ने दो सुपर ओवर के बाद रोमांचक जीत हासिल की। खास बात यह है कि मोहम्मद नबी ने 150 टी-20 इंटरनेशनल मैच खेले हैं, और इस फॉर्मेट में सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले खिलाड़ियों के एलीट ग्रुप में शामिल हो गए हैं।

# स्टर्लिंग के स्कैन की रिपोर्टों का इंतजार



● **आयरलैंड के कप्तान पॉल स्टर्लिंग को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 विश्व कप मैच के दौरान घुटने में लगी थी चोट**

**कोलंबो, वार्ता।** आयरलैंड को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 वर्ल्ड कप मैच के दौरान कैप्टन पॉल स्टर्लिंग के घुटने में लगी चोट की गंभीरता का पता लगाने के लिए स्कैन के नतीजों का इंतजार है। बुधवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आयरलैंड की 67 रन की हार के दौरान एक कैच पूरा करते समय स्टर्लिंग के दाहिने घुटने में चोट लग गई थी। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) की वेबसाइट के अनुसार, ओपनर ने आयरलैंड के लक्ष्य का पीछा करते हुए बैटिंग करने के लिए आने पर समस्या और बढ़ा दी और आखिरकार उन्हें रिटायर हर्ट होना पड़ा। बैटिंग कोच गैरी विल्सन ने मैच के बाद कन्फर्म किया कि स्टर्लिंग को स्कैन के लिए भेजा गया था। विल्सन ने कहा कि यह बहुत अच्छा नहीं लग रहा है। वह आज शाम स्कैन के लिए गए थे, इसलिए हमें कन्फर्मेशन का इंतजार करना होगा। लेकिन मैं कहूंगा कि यह आइडियल नहीं लग रहा है। विल्सन ने बताया कि स्टर्लिंग ने टीम के लिए योगदान देने की कोशिश में तकलीफ के बावजूद बैटिंग करने का फैसला किया। विल्सन ने कहा कि इसका क्रेडिट उसे जाता है। उसे पता था कि वह शायद ठीक नहीं है, और फिर भी उसने टीम के लिए काम पूरा करने की कोशिश की। बदकिस्मती से, आज रात ऐसा नहीं हो सका। यह टूर्नामेंट में आयरलैंड की दूसरी हार थी, जिससे उन्हें सुपर आठ में पहुं. चने की अपनी उम्मीदों को जिंदा रखने के लिए ओमान और जिम्बाब्वे के खिलाफ अपने बाकी ग्रुप मैचों में जीत की जरूरत थी। हालांकि, विल्सन आशावादी बने रहे, उन्होंने कहा कि आयरलैंड ने अपने शुरुआती मैचों में अच्छे संकेत दिखाए थे। उन्होंने कहा कि श्रीलंका के खिलाफ 65.70 प्रतिशत गेम के लिए, मुझे लगा कि हम बेहतर टीम थे। बस उनकी और हमारी पारी के आखिरी पांच ओवर ऐसे थे जहां हम ठीक से तालमेल नहीं बिठा पाए। उस ड्रेसिंग रूम में बहुत टैलेंट है और बहुत ज्यादा विश्वास है।

# डीवाई पाटिल टी-20 टूर्नामेंट में खेलेंगे वैभव



● **मुंबई में हर साल होने वाले इस टूर्नामेंट में 16 टीमें हिस्सा लेती हैं**

**मुंबई, वार्ता।** टीनएज सेंसेशन वैभव सूर्यवंशी के मुंबई में डीवाई पाटिल टी-20 टूर्नामेंट में खेलने की संभावना है। नवी मुंबई में होने वाले इस सालाना कॉम्पिटिशन में हर साल 16 टीमें हिस्सा लेती हैं, और इस सीजन में भारत को अंडर-19 वर्ल्ड कप जीतने वाला यह स्टार डीवाई पाटिल की किसी एक टीम को रिप्रेजेंट करने के लिए तैयार है। ऑर्गनाइजर आमतौर पर कॉम्पिटिशन में दो टीमें उतारते हैं। सूर्यवंशी और टूर्नामेंट ऑर्गनाइजर के करीबी सूत्रों ने क्रिकबज को बताया है कि प्लेयर की टीम से बात. चीत चल रही है और इस युवा खिलाड़ी के टूर्नामेंट में खेलने की संभावना बहुत ज्यादा है। यह आईपीएल सीजन से पहले हो रहा है, और इस साल 23 फरवरी से शुरू होने वाले इस टूर्नामेंट में आमतौर पर कई इंटरनेशनल प्लेयर हिस्सा लेते हैं। सूर्यवंशी, जिन्होंने हाल ही में हरारे में इंग्लैंड के खिलाफ अंडर-19 वर्ल्ड कप फाइनल में रिकॉर्ड तोड़ 175 रन बनाए थे, अभी नागपुर के पास तालेगांव में हैं, जहां राजस्थान रॉयल्स की एक फैसिलिटी है। हरारे से आने के बाद, 14 साल का यह खिलाड़ी घर नहीं गया और इसके बजाय आईपीएल सीजन की तैयारी करने लगा। उनके एक करीबी सूत्र ने बताया कि वह अभी तालेगांव में प्रैक्टिस कर रहे हैं, जहां राजस्थान रॉयल्स का कैंप चल रहा है। कैंप 21 फरवरी तक चलेगा, जिसके बाद सूर्यवंशी पटना और फिर अपने होमटाउन जाएंगे। उनके शहर में एक प्रमोशनल इवेंट है। जहां उन्हें एक गाड़ी गि" ट किए जाने की उम्मीद है। लगता है यह बहुत पहले हो जाना चाहिए था और उसके बाद, वह डीवाई पाटिल टूर्नामेंट के लिए मुंबई आ सकते हैं। डीवाई पाटिल स्टेडियम में हर साल होने वाला डीवाई पाटिल टूर्नामेंट, देश के सबसे पुराने टी-20 कॉम्पिटिशन में से एक है, जो 2003 में शुरू हुआ था। यह जगह हाल ही में इंडियन और ग्लोबल क्रिकेट के हॉटस्पॉट में से एक रही है।

# पीएसएल के पहले ऑक्शन में नसीम, फहीम को मिली रिकॉर्ड फीस

**ऑक्शन में नसीम शाह व फहीम अशरफ बड़े विनर रहे, जिन्हें सबसे ज्यादा कीमत मिली**

**इस्लामाबाद, वार्ता।** पीएसएल के पहले ऑक्शन में नसीम शाह और फहीम अशरफ बड़े विनर रहे, जिन्हें सबसे ज्यादा कीमत मिली। 86.5 मिलियन पाकिस्तानी रुपए में, नसीम शहर के उस पार इस्लामाबाद यूनाइटेड से इस्लामाबाद के ट्विन सिटी, रावलपिंडी में बनी नई टीम में चले गए, जबकि फहीम 85 मिलियन पाकिस्तानी रुपए में इस्लामाबाद यूनाइटेड लौट आए। हर टीम को रिटेंशन की संख्या आठ से घटाकर चार कर दी गई थी, इसलिए यह साफ था कि खिलाड़ियों को उनकी पुरानी टीमों ने ले लिया क्योंकि फैंचाइजी अपनी टीमों को मजबूत करना चाहती थीं। 2025 में कराची किंग्स के कप्तान, डेविड वार्नर, 79 मिलियन पाकिस्तानी रुपए में फ्रेंचाइजी में लौट आए, जबकि लाहौर कलंदर्स हारिस रऊफ की सर्विस फिर से लेना चाहते थे, और उन्हें 76 मिलियन पाकिस्तानी रुपए में ले लिया। उन्होंने फखर जमान को रिटेन करने के लिए और भी ज्यादा पैसे दिए, जिसके लिए उन्हें 79.5 मिलियन पाकिस्तानी रुपए देने पड़े। राइली रोसो एक और खिलाड़ी थे जो उस टीम में वापस जा रहे थे जहां उन्होंने पहली बार पीएसएल में अपना नाम बनाया था। क्वेटा ग्लैडिएटर्स, जिन्हें उन्होंने 2022 में अपना एकमात्र टाइटल जीतने में मदद की थी, ने साउथ अफ्रीकन खिलाड़ी को 55 मिलियन पाकिस्तानी रुपए में खरीदा, जबकि हसन अली 47.6 मिलियन पाकिस्तानी रुपए में कराची लौटे। न्यूजीलैंड के दो खिलाड़ियों को नीलामी में ऊंची कीमतें मिलीं। डेरिल मिशेल ने एक जबरदस्त बोली लगाई, जिसका अंत रावलपिंडी द्वारा 80.5 मिलियन पाक रुपए में उनके लिए किए जाने के साथ हुआ, जबकि इस्लामाबाद यूनाइटेड ने इसी तरह की दिलचस्पी को रोकते हुए मार्क चैपमैन को 70 मिलियन पाक रुपए में साइन किया। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों में, एडम जम्पा को कराची ने 45 मिलियन पाकिस्तानी रुपए में साइन किया, जबकि 41 साल के पीटर सिडल को इस्लामाबाद ने डायरेक्ट साइन किया था और सैम अयूब को रिटेन किया था। वे सिर्फ सबसे हालिया बीबीएल फॉर्म के लिए 25 मिलियन पाक रुपए की डील मिली। हैदराबाद ह्यूस्टन किंग्समेन ने मार्नस लाबुशेन को ऑक्शन में ज्यादा कंट्रोल में थे, लेकिनपाक-अमेरिकन फ्रेंचाइजी के तौर पर अपनी ब्रांड इमेज को मजबूत करने के लिए उत्सुक थे। उन्होंने हम्माद आजम और शायन जहांगीर को लिया, जो पाक में जन्मे दो खिलाड़ी हैं और अब अमेरिका को रिप्रेजेंट करते हैं।

# ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने जीता स्वर्ण पदक

● **ऐश्वर्य प्रताप ने निशानेबाजी चैंपियनशिप 2026 में 20 मी. राइफल थ्री पोजिशन में नए विश्व रिकॉर्ड के साथ जीता पदक**

**नई दिल्ली, वार्ता।** दो बार के ओलंपियन ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने गुरुवार को एशियन निशानेबाजी चैंपियनशिप 2026 में पुरुषों की 50मी राइफल थ्री पोजीशन स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन कर नया विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक जीता। यहां डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में मुकाबला करते हुए, 25 साल के भारतीय निशानेबाज ने फाइनल में नीलिंग, प्रोन और स्टैंडिंग राउंड के बाद कुल 362-0 के साथ अपने खिताब का बचाव किया। कुल मिलाकर, यह एशियन चैंपियनशिप में ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर का पांचवां व्यक्तिगत निशानेबाजी पदक है। इससे पहले उन्होंने दोहा 2019 में कांस्य, चांगवोन 2023 में स्वर्ण, जकार्ता 2024 में रजत और शिमकेंट 2025 में स्वर्ण पदक जीता था। भारत ने पुरुषों की 50मी राइफल थ्री पोजीशन स्पर्धा में भी क्लीन स्वीप किया, जिसमें नीरज कुमार ने 361-8 के साथ रजत और अखिल श्योरण ने 343.5 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता। इससे पहले, नीरज, ऐश्वर्य और अखिल की तिकड़ी ने क्वालिफिकेशन राउंड में कुल 1769.106 स्कोर करके भारत को टीम स्वर्ण दिलाया। जापान 1754.86 के साथ दूसरे स्थान पर रहा, जबकि कजाकिस्तान ने 1748.87 के साथ कांस्य पदक जीता। नीरज 593.34 के साथ क्वालिफाइंग में शीर्ष पर रहे, उनके बाद रुद्राक्ष पाटिल (591.33) रहे, जिन्होंने रैंकिंग पॉइंट्स ओनली (आरपीओ) के लिए मुकाबला किया। ऐश्वर्य (588.40) क्वालिफिकेशन में तीसरे और अखिल (588.32) चौथे स्थान पर रहे। आरपीओ के लिए निशानेबाजी कर रहे निखिल तंवर ने 587.29 के साथ छठा स्थान हासिल किया। आज मिले पदकों के साथ चैंपियनशिप में भारत के पदकों की कुल संख्या 26 हो गई है। भारत ने 10 स्वर्ण, नौ रजत और सात कांस्य पदक जीते हैं।





# अमेरिका को टूर्नामेंट में रहना है, तो जीतना होगा मैच



● **संयुक्त राज्य अमेरिका को आज नीदरलैंड्स के खिलाफ लगातार तीसरी हार उन्हें सुपर-8 की दावेदारी से बाहर कर सकती है**

**चेन्नई, वार्ता।** मुंबई में खेले अपने पहले ग्रुप मुकाबले में संयुक्त राज्य अमेरिका ने भारत के सामने चुनौती पेश की लेकिन कोलंबो में पाकिस्तान की टीम उनके ऊपर हावी रही। शुक्रवार को नीदरलैंड्स के खिलाफ लगातार तीसरी हार उन्हें सुपर-8 की दावेदारी से बाहर कर सकती है। इतिहास भी अमेरिका के पक्ष में नहीं है, पुरुष टी-20 में नीदरलैंड्स के खिलाफ तीनों मुकाबले में उन्हें हार मिली है। अभ्यास मैच में अमेरिका ने न्यूजीलैंड को परेशानी में डाला था लेकिन इसके बाद चोटों ने उनकी टीम को कमजोर किया है। तेज गेंदबाज अली खान ग्रोइन इंजरी से उबर रहे हैं जबकि जसदीप सिंह कंधे की चोट के चलते टी-20 विश्व कप 2026 से बाहर हो चुके हैं, उनकी जगह पर पाकिस्तान के पूर्व तेज गें. दबाज एहसान आदिल को दल में शामिल किया गया है। आदिल को दूसरे मुकाबले में सीधे एकादश में जगह मिली थी लेकिन तीन ओवरों में उन्होंने 39 रन खर्च किए थे। यह देखना होगा कि अपना घुटना चोटिल कर बैठे शुभम रांजने इस मुकाबले के लिए पूरी तरह फिट हो पाते हैं या नहीं। अमेरिका अभी तक अपनी सलामी जोड़ी तय नहीं कर पाया है। साईतेजा मुक्कामल्ला को भारत के खिलाफ एक असफल पारी खेलने के बाद अगले मुकाबले से बाहर कर दिया गया। जबकि विश्व कप से पहले वह अमेरिका के सबसे सफल बल्लेबाज थे और उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ अभ्यास मैच में 31 गेंदों पर 50 रन भी बनाए थे। नीदरलैंड्स नामीबिया के खिलाफ बास डी लीडे के ऑलराउंड प्रदर्शन से जीत के बाद आत्मविश्वास से भरा होगा।

## श्रीलंका ने ओमान को 105 रनों से रौंदा

**पल्लेकेले, वार्ता।** कुसल मेंडिस (61), पवन रत्नायके (60) और कप्तान दासुन शनाका (50) की आतिशी अर्धशतकीय पारियों के बाद गेंदबाजों के बेहत. रीन प्रदर्शन की बदौलत श्रीलंका ने गुरुवार को टी-20 विश्वकप के 16वें मुक. ाबले में ओमान को 105 रनों से करारी शिकस्त दी। 226 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी ओमान के बल्लेबाज श्रीलंकाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे नहीं टिक सके और लगातार विकेट गंवाते रहे। ओमान की टीम निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट पर 120 रन ही बना सकी और 105 रनों से मुकाबला हार गई। वसीम अली ने 20 गेंदों में तीन छक्के उड़ाते हुए 27 रन बनाए। वहीं मोहम्मद नदीम आखिर तक टिके रहे और उन्होंने 56 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए नाबाद 53 रनों की पारी खेली। शेष बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। श्रीलंका के लिए दुष्मंत चमीरा और महीश तीक्षणा ने दो-दो विकेट लिए। दुनित वेल्लालगे, दुशान हेमंता और कामिंडु मेंडिस ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# ऑमी पॉल ने आखिरी सेट का टाई-ब्रेक जीता, फ्रिट्ज की आसान जीत

● **पांचवें सीड पॉल ने अपने फोरहैंड से 18 विनर मारे और हमवतन ब्रूक्सबी को हराया**

**डलास, वार्ता।** पूर्व नेक्स्ट डलास ओपन चैंपियन ऑमी पॉल बुधवार को अपने ओपनर में बहुत मुश्किल में थे, लेकिन उन्होंने 2022 के फाइनलिस्ट जेनसन ब्रूक्सबी को हराकर एटीपी 500 के दूसरे राउंड में जगह बना ली।

दो घंटे, 25 मिनट के मुकाबले में, पॉल ने अपने अमेरिकी हमवतन ब्रूक्सबी को 4-6, 6-4, 7-6(4) से हराया। पांचवें सीड पॉल ने अपने फोरहैंड से 18 विनर मारे और तीसरे सेट में अपनी पहली सर्व के पीछे शानदार प्रदर्शन करते हुए 23 में से 21 पॉइंट जीते। पॉल, जो पिछले महीने ऑस्ट्रेलियन ओपन में चौथे राउंड में पहुंचे थे, ने 2024 में टूर्नामेंट में ट्रॉफी उठाई थी, जब वह अभी भी एटीपी 250 था, इससे पहले उन्होंने पिछले सीजन में सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। 28 साल के पॉल अपनी हेड2हेड सीरीज में ब्रूक्सबी से 3-1 से आगे हैं और अगले मैच में मिओमिर केकमानोविच से भिड़ेंगे। ऑप सीड टेलर फ्रिट्ज ने एक घंटे और नौ मिनट के बाद कैलिफोर्निया के अपने साथी ब्रैंडन नाकाशिमा को 6-3, 6-4 से हराया। एटीपी रैंकिंग में दुनिया के 7वें नंबर के खिलाड़ी ने अपने पहले सर्व पॉइंट्स में से 83 प्रतिशत जीते और अपने सामने आए सभी तीन ब्रेक पॉइंट बचाए। फ्रिट्ज, जिन्हें मार्कोस गिरोन के खिलाफ अपने पहले राउंड के मैच के शुरुआती स्टेज में दाहिने घुटने में दिक्कत हुई थी, ने नाका. शिमा के खिलाफ मूवमेंट में कोई रुकावट नहीं दिखाई।

क्वार्टर फाइनल में, 28 साल के इस खिलाड़ी का अगला मुकाबला एक और अमे. रिकी, सेबेस्टियन कोर्डा से होगा, जिन्होंने आठवीं सीड फ्रांसेस टियाफो को 7-5, 6-1 से हराया। 25 साल के कोर्डा ने अपनी पहली सर्व के बाद सिर्फ चार पॉइंट गंवाए और 68 मिनट के बाद आत्मविश्वास से अपना बैकहैंड लगाया और आगे बढ़ गए। अमेरिकी इथन क्विन ने वाइल्ड कार्ड ट्रेवर स्वेज्डा को 7-6(3), 7-5 से हराकर दूसरे राउंड में जगह बनाई। आत्मविश्वास के साथ खेलते हुए, रैंकिंग में नंबर 74 खिलाड़ी ने पहले सेट में ब्रेक डाउन से उबरते हुए, स्वेज्डा के खिलाफ अपने पहले सर्व पॉइंट्स का 87 प्रतिशत (41/47) जीता, और एक घंटे 47 मिनट के बाद जीत हासिल की। क्विन दूसरे राउंड में मारिन सिलिच से खेलेंगे।

# सेरुंडोलो अर्जेंटीना ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

**ब्यूनस आयर्स, वार्ता।** लोकल फेवरेट और ऑप सीड फ्रांसिस्को सेरुंडोलो बुधवार को बोलीविया के ह्यूगो डेलियन को 6-0, 7-6 (6) से हराकर अर्जेंटीना ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। वर्ल्ड नंबर 19 सेरुंडोलो ने शुरुआती सेट में दम दिखाया और दूसरे सेट में आठ सेट पॉइंट बचाकर ब्यूनस आयर्स लॉन टेनिस क्लब के आउटडोर क्ले कोर्ट पर एक घंटे 24 मिनट में मैच अपने नाम कर लिया। 27 साल के सेरुंडोलो ने कहा कि शुरुआत में चीजें जिस तरह से हुईं, उससे मैं खुश था लेकिन फिर उसने अग्रेसिव खेलना शुरू कर दिया और यह मुश्किल हो गया। मैंने कुछ सेट पॉइंट बचाए, और मैं बस आगे बढ़कर खुश हूं। सेरुंडोलो एटीपी 250 इवेंट के अगले राउंड में चेक रिपब्लिक के विट कोप्रिवा से भिड़ेंगे। कोप्रिवा ने दिन में पहले इटली के आठवें सीड मातियो

शाह टाइम्स

सम्पादकीय


शुक्रवार, 13 फरवरी 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# घूसखोर पंडित पर रोक

गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने घूसखोर पंडित फिल्म की रिलीज पर रोक लगा दी। साथ ही इसके फिल्म मेकर नीरज पाण्डेय को भी फटकार लगाई और स्पष्ट कहा कि ऐसे टाइटल का इस्तेमाल कर समाज के एक हिस्से को बदनाम नहीं किया जा सकता। भारतीय ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय संगठन सचिव अतुल मिश्रा ने एक याचिका दायर की थी, जिसमें कहा था कि फिल्म घूसखोर पंडित की रिलीज पर रोक लगाई जाए। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी बताती है कि उसने याचिकाकर्ता की शिकायत को गंभीरता से लिया है और माना है कि इस तरह के टाइटल समाज में वैमनस्य का कारण बनते हैं। इस मामले की सुनवाई जस्टिस बीवी नागरत्ना और उज्जल भूयान की बेंच कर रही है। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफार्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली थी। पीठ ने मेकर्स से साफ कहा कि आप ऐसे टाइटल का इस्तेमाल कर समाज के एक हिस्से को बदनाम क्यों कर रहे हैं। यह नैतिकता के खिलाफ है। हालांकि मैकर्स ने फिल्म का नाम बदलने पर सहमति जताई है। इस पर पीठ का कहना था कि जब तक आप हमें बदला हुआ नाम नहीं बताते तब तक हम आपको इसी रिलीज करने नहीं देंगे। कोर्ट ने फिल्म मेकर्स को एक एफिडेविट फाइल करने का निर्देश भी जारी किया है। जिसमें यह बात साबित करने के लिए कहा गया है कि घूसखोर पंडित समाज के किसी भी वर्ग को नीचे नहीं दिखाता। असल में मेकर्स का कहना रहा है कि घूसखोर पंडित मात्र एक टाइटल है और इसका किसी व्यक्ति या समाज से लेना देना नहीं है। इस फिल्म में मनोज वाजपेयी जैसे मंझु हुए अभिनेता काम कर रहे हैं। उनके अलावा नुसरत भरूचा, साकिब सलीम, अक्षय ओबेरॉय और दिव्या दत्ता जैसे कलाकार जुड़े हुए हैं। इसमें कोई दोराय नहीं है कि फिल्में समाज को कहीं न कहीं से अवश्य प्रभावित करती हैं। इसलिए फिल्म मेकर्स को चाहिए कि वह इस तरह का कोई काम न करे। जिससे समाज में किसी तरह का वैमनस्य पैदा हो, लेकिन यहां यह कहना भी जरूरी है कि घूसखोर पंडित कोई आज इकलौती फिल्म नहीं है जो विवादों के घेरे में है। पिछले कुछ समय से हम देख रहे हैं कि इस तरह की फिल्में लाई जाती हैं जो बड़े विवाद का कारण बनती हैं और समाज के एक हिस्से को प्रभावित करती हैं। कई बार तो यह भी देखने में आया है कि इस तरह की फिल्मों को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त होता है। छावा, कश्मीर फाइल्स, गुजरात फाइल्स आदि कई फिल्में काफी विवादों के घेरे में रहीं हैं। कई फिल्मों पर तो बवाल भी कटा। इस तरह की फिल्में वास्तव में नहीं बननी चाहिएं। सच तो यह भी है कि इस तरह की बातें सुप्रीम कोर्ट में नहीं जानी चाहिएं और जो इससे संबंधित विभाग है, यह उनके स्तर तक ही रहनी चाहिए। यही कारण है कि सुप्रीम कोर्ट ने सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय सेंट्रल बोर्ड फॉर फिल्म सर्टिफिकेशन को भी नोटिस दिया है।

## किसानों, मजदूरों और श्रमिकों का भविष्य खतरे में



विदेशी दबाव में आकर किए गए समझौते देशहित के खिलाफ हैं और सरकार की नीतियां करोड़ों मेहनतकश किसानों, मजदूरों और श्रमिकों के भविष्य को खतरे में डाल रही हैं, देशभर में ट्रेड यूनियन, किसान और मजदूर सरकार की नीतियों के खिलाफ सड़कों पर उतरकर विरोध कर रहे हैं, सरकार की नीतियां करोड़ों मेहनतकश किसानों, मजदूरों और श्रमिकों के भविष्य को खतरे में डाल रही हैं, विदेशी दबाव में आकर किए गए समझौते देशहित के खिलाफ हैं और इससे आम नागरिकों के जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, छोटे व्यापारी, कामगार और आम जनमानस इस कथित जन-विरोधी डील का सबसे ज्यादा विरोध कर रहे हैं, पार्टी इस मुद्दे पर सड़क से लेकर संसद तक संघर्ष जारी रखेगी। **मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

# संघर्ष, सेवा और साहित्य का संगम था सरोजिनी नायडू का जीवन



योगेश कुमार गोयल



आजादी के राष्ट्रीय आन्दोलन में उल्लेखनीय योगदान देने वाली स्वतंत्रता सेनानियों में 'नाइटिंगेल ऑफ इंडिया' तथा 'भारत कोकिला' के नाम से विख्यात प्रख्यात कवयित्री और देश के सर्वोत्तम राष्ट्रीय नेताओं में से एक सरोजिनी नायडू का नाम सदैव आदर के साथ स्मरण किया जाता है। उनके नाम का जिक्र होते ही एक ऐसी महिला की छवि उभरकर सामने आती है, जिन्हें कई भाषाओं में महारत हासिल थी और जिनकी लिखी कविताएं हर ओर धूम मचाती थी। उन्हीं के सम्मान में उनके जन्मदिवस 13 फरवरी को अब प्रतिवर्ष 'राष्ट्रीय महिला दिवस' के रूप में मनाया जाता है। 13 फरवरी 1879 को हैदराबाद में एक बंगाली परिवार में जन्मी सरोजिनी नायडू की 135वीं जयंती के अवसर पर 13 फरवरी 2014 से देश में राष्ट्रीय महिला दिवस मनाने की शुरुआत की गई थी और आज समूचा देश उनकी 147वीं जयंती मना रहा है।

सरोजिनी नायडू के पिता अघोरनाथ चट्टोपाध्याय एक रसायन वैज्ञानिक और निजाम कॉलेज के संस्थापक थे जबकि उनकी माता वरदा सुंदरी बंगाली कवयित्री थी। सरोजिनी के पिता चाहते थे कि उनकी बेटी भी उन्हीं की भांति महान् वैज्ञानिक बने लेकिन सरोजिनी को कविताओं से अगाध प्रेम था, जिसे वह कभी त्याग नहीं सकी। वह बचपन से ही पढ़ाई-लिखाई में बहुत तेज थी और उन्होंने केवल 12 वर्ष की आयु में ही मद्रास यूनिवर्सिटी से मैट्रिक की परीक्षा में शीर्ष स्थान हासिल किया था तथा केवल 13 वर्ष की आयु में ही 1300 पदों की लेडी ऑफ द लेक नामक पहली लंबी कविता और करीब 2000 पंक्तियों का अपना पहला विस्तृत नाटक लिखकर अंग्रेजी तथा अन्य भाषाओं पर अपनी पकड़ का परिचय दिया था। पढ़ाई के साथ-साथ वह कविताएं भी लिखती थी और उनका पहला कविता संग्रह द गोल्डन थ्रैशहोल्ड 1905 में प्रकाशित हुआ, जो आज भी पाठकों के बीच बेहद लोकप्रिय है। अत्यंत मधुर स्वर में अपनी कविताओं का पाठ करने के कारण उन्हें भारत कोकिला कहा जाता था। उन्हें शब्दों की जादूगरनी के नाम से भी जाना जाता था। 14 वर्ष की उम्र में ही उन्होंने लगभग सभी प्रमुख अंग्रेजी कवियों की रचनाओं का अध्ययन कर लिया था।

मेधावी होने के कारण 1895 में हैदराबाद के निजाम ने उन्हें ज्यादा से ज्यादा ज्ञान अर्जित करने के लिए वजीफे पर इंग्लैंड भेजा और इस प्रकार केवल 16 साल की उम्र में ही वह उच्च शिक्षा के लिए लंदन चली गई। पहले लंदन के किंग्स कॉलेज और उसके बाद कैम्ब्रिज के गिरटन कॉलेज में उन्हें अध्ययन करने का अवसर मिला। इंग्लैंड का मौसम अनुकूल नहीं होने के कारण वह 1898 में ही इंग्लैंड से स्वदेश लौट आई। जब वह इंग्लैंड से लौटी, तब फौजी डॉक्टर डा। गोविन्दराजुलु नायडू के साथ विवाह करने को उत्सुक थी, जिन्होंने तीन साल पहले उनके समक्ष विवाह का प्रस्ताव रखा था। हालांकि शुरू में सरोजिनी के पिता इस शादी के खिलाफ थे लेकिन बाद में 19 साल की उम्र में उनकी शादी डा। गोविन्दराजुलु के साथ हो गई।

1914 में जब सरोजिनी नायडू पहली बार राष्ट्रपिता महात्मा गांधी से मिली, तभी उनके विचारों से प्रभावित होकर वह वतन के लिए अपना सब कुछ न्यौछावर करने को तत्पर हो गई और अपना जीवन देशसेवा में समर्पित कर दिया। 1915 से 1918 तक उन्होंने भारत के स्वतंत्रता आंदोलनों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आजादी की लड़ाई में संकटों का डटकर मुकाबला करते हुए वह एक वीरांगना की भांति गांव-गांव, गली-गली घूमकर देश-प्रेम की अलख जगाकर देशवासियों को उनके कर्त्तव्य की याद दिलाती रही। उन्होंने न केवल गांधीजी के अनेक सत्याग्रह आन्दोलनों में हिस्सा लिया और जीवन-पर्यन्त उनके विचारों तथा मार्ग का अनुसरण किया बल्कि 'भारत छोड़ो आंदोलन' के तहत जेल भी गई थी। दांडी मार्च के दौरान गांधीजी के साथ अग्रिम पंक्ति में चलने वालों में वह भी शामिल थी। उनके विनोदी स्वभाव के कारण उन्हें 'गांधीजी के लघु दरबार में विदूषक' भी कहा जाता था।

महात्मा गांधी के अलावा सरोजिनी नायडू गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर, गोपाल कृष्ण गोखले, एनी बेसेंट तथा पं. जवाहरलाल नेहरू के साथ भी विशेष रूप से जुड़ी रही। गोपाल कृष्ण गोखले को तो वह अपना राजनीतिक पिता मानती थी। गांधीजी तो अपने पत्रों में सरोजिनी नायडू को कभी 'डियर बुलबुल' तो कभी 'डियर मीराबाई' और कभी-कभी मजाक में 'अम्माजान' या 'मदर' भी लिखते थे, वहीं सरोजिनी भी गांधीजी को मजाकिया अंदाज में कभी 'जुलाहा' तो कभी 'लिटिल मैन' और कभी 'मिकी माउस' कहा करती थी। गांधीजी ने 8 अगस्त 1932 को सरोजिनी नायडू को लिखे एक पत्र में उन्हें 'बुलबुल' नाम से सम्बोधित किया था और उसी पत्र में उन्होंने स्वयं के लिए 'लिटिल मैन' शब्द इस्तेमाल किया था। सरोजिनी कांग्रेस की पहली महिला अध्यक्ष भी बनी। वह 1925 में कानपुर में हुए कांग्रेस अधिवेशन की अध्यक्ष बनी और 1932 में भारत की प्रतिनिधि बनकर दक्षिण अफ्रीका भी गई। अंग्रेजी भाषा पर सरोजिनी की बहुत मजबूत पकड़ थी, लंदन की सभा में अंग्रेजी में बोलकर उन्होंने वहां उपस्थित सभी श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया था। बहुभाषाविद सरोजनी नायडू अपना भाषण क्षेत्रानुसार अंग्रेजी, हिन्दी, बांग्ला अथवा गुजराती भाषा में देती थी। गांधीजी ने मधुर आवाज और उनके भाषणों से प्रभावित होकर ही उन्हें 'भारत कोकिला' की उपाधि दी थी। देश की आजादी के बाद सरोजिनी नायडू भारत की पहली महिला राज्यपाल बनी लेकिन यह पद स्वीकार करते समय उन्होंने कहा था कि वह स्वयं को 'कैद कर दिए गए जंगल के पक्षी' की भांति अनुभव कर रही हैं किन्तु वह पं. जवाहरलाल नेहरू का बहुत सम्मान करती थी, इसलिए उनकी इच्छा को टाल नहीं सकी। उन्होंने महिलाओं के अधिकारों के लिए काफी संघर्ष किया और समाज में फैली कुरीतियों के प्रति महिलाओं को जागृत किया तथा भारतीय समाज में जातिवाद, लिंग-भेद को मिटाने के लिए भी उल्लेखनीय कार्य किए। भारत में प्लेग महामारी के दौरान किए गए सराहनीय कार्यों के लिए उन्हें 1908 में ब्रिटिश सरकार द्वारा 'केसर-ए-हिंद' से सम्मानित किया गया था लेकिन जलियांवाला बाग हत्याकांड से क्षुब्ध होकर उन्होंने यह सम्मान वापस कर दिया था। 2 मार्च 1949 को हृदयाघात के कारण लखनऊ में अपने कार्यालय में कार्य करने के दौरान उनका निधन हो गया। सरोजिनी नायडू का निधन 2 मार्च 1949 में हुआ था। भारत सरकार द्वारा उनकी जयंती के अवसर पर उनके सम्मान में 13 फरवरी 1964 को 15 पैसे का एक डाक टिकट जारी किया गया था।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# यह विदाई बजट से भाजपा की विदाई तय!

**इस बार के बजट में और पिछली बार के बजट में क्या अंतर है इस बजट में ऐसी क्या खास बात है और यह चुनावी बजट है। अगले साल जनवरी-फरवरी में इस वक्त चुनाव चल रहा होगा यानी वोटिंग चल रही होगी कई चरण का चुनाव निपट गया होगा। जनरल बजट लाने का अवसर सरकार के पास नहीं रहेगा। फिर क्या रहेगा यही चुनावी बजट है इसके बाद आप मानकर चलिए। सितंबर वगैरा तक सरकार सप्लीमेंट्री बजट भी लेकर आएगी वे सप्लीमेंट्री बजट किसका होगा डायरेक्ट कैश ट्रांसफर उसकी भी सरकार के पास व्यवस्था है।**



शमशाद रशीद माहीगीर

किसी भी मुख्यमंत्री के लिए यह बड़ा गौरवशाली क्षण होता है और खासकर उत्तर प्रदेश की सरकार के मुख्यमंत्री के लिए उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य के लिए योगी सरकार ने एक नहीं दो नहीं कर नहीं दसवां बजट पेश किया है उत्तर प्रदेश सरकार की बड़ी उपलब्धि योगी सरकार के नेतृत्व में दसवां बजट पेश किया गया है उत्तर प्रदेश का जो बजट है वह 9 लाख करोड़ से भी ज्यादा का है आप सोचिए कितना बड़ा बजट है हमारे प्रदेश का क्या है इस बजट में और सरकार के इस बजट के पीछे का विजन क्या है जो वित्त मंत्री ने विधानसभा में स्पीच बोली है उसमें तीन-चार बातें हैं। 1 घंटा 50 मिनट की स्पीच में उन्होंने इंफ्रास्ट्रक्चर पर काफी धन खर्च करने का वायदा किया है सड़कें बनेगी एक्सप्रेस वे बनेंगे हाईवे बनेंगे और जो भी बड़ी-बड़ी आवश्यक इमारतें होंगी उनको तैयार किया जाएगा जो हमारा मूलभूत तंत्र है ढांचा है उसको तैयार किया जाएगा आईटी इंडस्ट्री पर बड़ा जोर है उत्तर प्रदेश में डाटा सेंटर तो है आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस वेस्ट डाटा सेंटर नहीं है तो सरकार ने उसके लिए बजट में प्रोविजन किया है नए एलोकेशन किए हैं फंड के ताकि उत्तर प्रदेश में हम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस वेस्ट डाटा सेंटर तैयार कर सकें। खाली डाटा सेंटर की कोई वैल्यू नहीं रह गई है। वह सिर्फ नाम रह गए हैं। वैसे डाटा का एक स्मार्ट गोदाम है। सरकार ने स्टार्टअप के लिए भी बड़ा फंडा लोकेट किया है। पारंपरिक मत जो है वह तो है ही शिक्षा स्वास्थ्य बिजली सिंचाई का इनका एक अलग बजट होता है सब्सिडी का वह तो है ही और सरकार ने यह वादा किया है इस बार का जो बजट है लोगों को जॉब्स भी मुहैया कराई जाएगी। डायरेक्ट जॉब्स और इनडायरेक्ट जॉब्स। डायरेक्ट जॉब्स वह जो सरकारी नौकरियां मिलेगी और इनडायरेक्ट जब वह सरकार इंफ्रास्ट्रक्चर क्रिएट करेगी और उद्योग धंधे लेगी उसमें जो इनडायरेक्ट जॉब मिलेगी उसे पर भी सरकार का एक बार विधानसभा में बड़ा फॉकस रहा है। इस बार के बजट में और पिछली बार के बजट में क्या अंतर है इस बजट में ऐसी क्या खास बात है और यह चुनावी बजट है। अगले साल जनवरी-फरवरी में इस वक्त चुनाव चल रहा होगा यानी वोटिंग चल रही होगी कई चरण का चुनाव निपट गया होगा। जनरल बजट लाने का अवसर सरकार के पास नहीं रहेगा। फिर क्या रहेगा यही चुनावी बजट है इसके बाद आप मानकर चलिए। सितंबर वगैरा तक सरकार सप्लीमेंट्री बजट भी लेकर आएगी वे सप्लीमेंट्री बजट किसका होगा डायरेक्ट कैश ट्रांसफर उसकी भी सरकार के पास व्यवस्था है



आज की डेट में मेरे अंदाज से सरकार के पास बचपन से 60000 करोड़ का कैश इस वक्त मौजूद है। सरप्लस पैसा रखा है जो अगले साल सितंबर नवंबर में बाउंसर आएगी खर्च कर लेंगे। चुनाव के लिए विपक्ष का गंभीर आरोप है सरकार बड़ी-बड़ी फिगर लेकर आती है लेकिन पैसे खर्च ही नहीं करती। यह बजट कहा जो पिछली बार विधानसभा से पास हुआ था 55 प्रतिशत खर्च हुआ है। ऐसा विपक्ष का कहना है अखिलेश यादव जी का कहना है कि यह सरकार का अंतिम बजट है अगला बजट हम पेश करेंगे यह जो बजट पेश हुआ है यह झूठ का पुलिंदा है और इसमें कोई सच्चाई नहीं है यह सत्ता पर के दावे और विपक्ष के दावे की बात है आम आदमी को क्या मिला योगी सरकार ने पहला बजट 2 लाख 70000 करोड़ से शुरू किया था और यह बढ़ता जा रहा है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# पुलिस की मनमानी गिरफ्तारियों पर रोक लगाता सुप्रीम कोर्ट



रजनीश कपूर

भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने हाल ही में एक महत्वपूर्ण फैसले में पुलिस की मनमानी गिरफ्तारियों पर सख्त अंकुश लगाया है। यह फैसला उन अपराधों से संबंधित है जहां सजा की अधिकतम अवधि सात साल तक की कैद है। सतेंद्र कुमार एंटिल बनाम सीबीआई मामले में न्यायमूर्ति एम।एम। सुंदरेश और एन। कोटिस्वर सिंह की पीठ ने स्पष्ट किया कि ऐसे मामलों में गिरफ्तारी अपवाद है, जबकि नोटिस जारी करना नियम। यह निर्णय न केवल पुलिस की कार्यप्रणाली में सुधार लाएगा, बल्कि आम नागरिकों के मौलिक अधिकारों की रक्षा करेगा। फैसले के बाद इस मामले की पृष्ठभूमि, कानूनी प्रावधानों, गिरफ्तारी की आवश्यकता और आम नागरिकों पर इसके प्रभाव परचर्चा होने लगी है। जिससे कि नागरिकों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

पहले समझते हैं कि यह फैसला ऐतिहासिक क्यों है। भारत में आपराधिक न्याय प्रणाली में गिरफ्तारी एक संवेदनशील मुद्दा रहा है। पुराने दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) के तहत पुलिस को बिना वारंट गिरफ्तारी का अधिकार था, लेकिन इसका अक्सर दुरुपयोग होता था। विशेष रूप से कम गंभीर अपराधों में, जहां सजा सात साल से कम थी, पुलिस बिना सोचे-समझे लोगों को हिरासत में ले लेती थी। इससे न केवल जेलों में भीड़ बढ़ती थी, बल्कि निर्दोष नागरिकों का जीवन बर्बाद होता था। 2014 में अर्नेश कुमार बनाम बिहार राज्य मामले में सुप्रीम कोर्ट ने पहली बार दिशानिर्देश जारी किए थे, जिसमें कहा गया था कि ऐसे अपराधों में गिरफ्तारी निश्चित नहीं होनी चाहिए। पुलिस को पहले जांच करनी चाहिए और गिरफ्तारी केवल आवश्यक होने पर ही करनी चाहिए, लेकिन अब नई व्यवस्था में, 1 जुलाई 2024 से लागू भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) ने इस प्रक्रिया को और मजबूत किया है। बीएनएसएस धारा 35 सीआरपीसी की धारा 41 का स्थान लेती है, जबकि बीएनएसएस धारा 35(3) सीआरपीसी की धारा 41ए के समान है। भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 35 भी गिरफ्तारी से संबंधित है, लेकिन मुख्य रूप से प्रक्रियात्मक पहलू बीएनएसएस में हैं। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि बीएनएसएस धारा 35(1) पुलिस को गिरफ्तारी का अधिकार देती है, लेकिन शब्द में (may) का प्रयोग दर्शाता है कि यह विवेकाधीन है, न कि अनिवार्य। धारा 35(1)(बी) में कहा गया है कि पुलिस को विश्वास होना चाहिए कि आरोपी ने अपराध किया है और गिरफ्तारी जांच के लिए जरूरी है, लेकिन धारा 35(3) के तहत पुलिस द्वारा पहले नोटिस जारी करना अनिवार्य है, जिसमें आरोपी को पुलिस स्टेशन में हाजिर होने और सहयोग करने को कहा जाता है।

सवाल है कि क्या गिरफ्तारी आवश्यक है? इस पर सुप्रीम कोर्ट का स्पष्ट उत्तर है- 'नहीं, यह अपवाद है।' फैसले में कहा गया कि सात साल तक की सजा वाले अपराधों में गिरफ्तारी केवल तब की जा सकती है जब आरोपी नोटिस का पालन न करे, या जांच में बाधा डाले, सबूतों से छेड़छाड़ करे, गवाहों को प्रभावित करे, या अदालत में पेश न होने का खतरा हो। पुलिस को गिरफ्तारी के कारण लिखित रूप में दर्ज करने होंगे।

> सवाल है कि क्या गिरफ्तारी आवश्यक है? इस पर सुप्रीम कोर्ट का स्पष्ट उत्तर है- 'नहीं, यह अपवाद है।' फैसले में कहा गया कि सात साल तक की सजा वाले अपराधों में गिरफ्तारी केवल तब की जा सकती है जब आरोपी नोटिस का पालन न करे, या जांच में बाधा डाले, सबूतों से छेड़छाड़ करे, गवाहों को प्रभावित करे, या अदालत में पेश न होने का खतरा हो। पुलिस को गिरफ्तारी के कारण लिखित रूप में दर्ज करने होंगे। यदि नोटिस के बाद भी आरोपी सहयोग करता है, तो गिरफ्तारी की कोई जरूरत नहीं। यह अर्नेश कुमार फैसले की भावना को दोहराता है, जहां कोर्ट ने कहा था कि गिरफ्तारी जांच का साधन है, न कि सजा। बीएनएसएस धारा 35(6) गिरफ्तारी को धारा 35(1)(बी) के साथ जोड़ती है, लेकिन कोर्ट ने जोर दिया कि पुलिस को सतर्क रहना चाहिए और गिरफ्तारी को अंतिम विकल्प ही मानना चाहिए।

यदि नोटिस के बाद भी आरोपी सहयोग करता है, तो गिरफ्तारी की कोई जरूरत नहीं। यह अर्नेश कुमार फैसले की भावना को दोहराता है, जहां कोर्ट ने कहा था कि गिरफ्तारी जांच का साधन है, न कि सजा। बीएनएसएस धारा 35(6) गिरफ्तारी को धारा 35(1)(बी) के साथ जोड़ती है, लेकिन कोर्ट ने जोर दिया कि पुलिस को सतर्क रहना चाहिए और गिरफ्तारी को अंतिम विकल्प ही मानना चाहिए।

ऐसे में यह फैसला आम नागरिकों के लिए क्या मायने रखता है? सबसे बड़ा प्रभाव यह है कि अब पुलिस की मनमानी कम होगी। पहले, छोटे-मोटे अपराधों जैसे धोखाधड़ी, मारपीट या संपत्ति विवाद में लोग रातोंरात जेल में डाल दिए जाते थे, जिससे उनका करियर, परिवार और सम्मान प्रभावित होता था। लेकिन अब, नोटिस मिलने पर नागरिक पुलिस के समक्ष पेश होकर अपना पक्ष रख सकते हैं, बिना हिरासत में लिए। इससे जेलों में अनावश्यक भीड़ कम होगी। उल्लेखनीय है कि भारत में जेलों की क्षमता से 130: अधिक कैदी हैं, जिनमें से अधिकांश विचाराधीन हैं। यह निर्णय संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार को मजबूत करता है। महिलाओं, बुजुर्गों और कमजोर वर्गों के लिए यह विशेष रूप से फायदेमंद है, क्योंकि वे गिरफ्तारी के दौरान अधिक शोषण का शिकार होते हैं, लेकिन इस फैसले का असली लाभ तभी मिलेगा जब नागरिक अपने अधिकारों से अवगत होंगे। आम आदमी को पता होना चाहिए कि यदि अपराध सात साल से कम सजा वाला है, तो पुलिस सीधे गिरफ्तार नहीं कर सकती। ऐसे में आपको नोटिस मिलने पर आप क्या करें? सबसे पहले, नोटिस को ध्यान से पढ़ें, इसमें अपराध का विवरण, हाजिर होने की तारीख और समय होता है। एक वकील से सलाह लें और पुलिस स्टेशन जाएं। यदि आप जांच में पुलिस का सहयोग करते हैं, तो गिरफ्तारी की संभावना कम है। यदि पुलिस बिना नोटिस गिरफ्तार करने की कोशिश करे, तो आप इसे कोर्ट में चुनौती दे सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने पुलिस को चेतावनी दी है कि दिशानिर्देशों का उल्लंघन करने पर अधिकारी दंडित हो सकते हैं। नागरिकों को यह भी जानना चाहिए कि बीएनएसएस में इलेक्ट्रॉनिक नोटिस (जैसे व्हाट्सएप) अमान्य हैंय नोटिस व्यक्तिगत रूप से या डाक से ही दिया जाना चाहिए। हालांकि, इस फैसले की कुछ सीमाएं भी हैं। गंभीर अपराधों (सात साल से अधिक सजा वाले) में गिरफ्तारी अभी भी आसान है और पुलिस दुरुपयोग कर सकती है। जांच की गुणवत्ता में सुधार के बिना, अपराधी बच सकते हैं। फिर भी, यह न्यायिक सक्रियता का उदाहरण है, जो पुलिस सुधार की दिशा में एक कदम है। सरकार को पुलिस प्रशिक्षण और जागरूकता अभियान चलाने चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला लोकतंत्र की मजबूती है, जहां नागरिक पुलिस से डरें नहीं, बल्कि सहयोग करें। हर नागरिक को अपने अधिकार जानने चाहिए, गिरफ्तारी कोई सजा नहीं, बल्कि जांच का हिस्सा है। यदि हम जागरूक होंगे, तो न्याय व्यवस्था अधिक निष्पक्ष बनेगी। यह फैसला हमें याद दिलाता है कि कानून सबके लिए समान है और स्वतंत्रता हमारा मौलिक हक।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# बांग्लादेश चुनाव: मतदान खत्म, वोटों की गिनती जारी

## 48% वोटिंग हुई, बीएनपी-जमात में मुकाबला, पूर्व पीएम हसीना बोलीं: फर्जी चुनाव रद्द हों, नतीजे आज रात 8 बजे से आने शुरू हो गए

**एक वोटिंग सेंटर के बाहर जमात-ए-इस्लामी कार्यकर्ताओं के साथ झड़प में एक बीएनपी नेता मोहिबुज्जमान कोच्चि की मौत**

**जमात-ए-इस्लामी के नेता शफीकुर रहमान ने कहा: अगर चुनाव निष्पक्ष हुए तो उनकी पार्टी चुनाव परिणाम स्वीकार कर लेगी**

**ढाका।** बांग्लादेश में आम चुनाव के लिए वोटिंग खत्म हो गई है। देशभर में वोटों की गिनती जारी है। चुनावी नतीजे आज रात 8 बजे से आने शुरू हो जाएंगे। दोपहर 2 बजे तक देश के 36 हजार वोटिंग सेंटर्स पर 47.91 प्रतिशत मतदान हुआ। अंतरिम सरकार के चीफ एडवाइजर मोहम्मद यूनुस, बीएनपी चीफ तारिक रहमान और छात्र नेता नाहिद इस्लाम वोट डालने पहुंचे।

इस दौरान यूनुस ने कहा कि आज नए बांग्लादेश का जन्म हुआ। दूसरी तरफ पूर्व पीएम शेख हसीना ने चुनाव को फर्जी बताते हुए रद्द करने की मांग की है। साथ ही यूनुस से इस्तीफा भी मांगा हैं। बांग्लादेश चुनाव को लेकर भारत ने नतीजों का इंतजार करने के लिए कहा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि नतीजे आने के बाद ही यह देखा जाएगा कि जनादेश किस तरह का है। वोटिंग के दौरान कई जगहों पर झड़पें भी हुईं। खुलना में एक वोटिंग सेंटर के बाहर जमात- ए-इस्लामी कार्यकर्ताओं के साथ झड़प में एक बीएनपी नेता मोहिबुज्जमान कोच्चि की मौत हो गई। दूसरी तरफ मुंशीगंज-3 और गोपालगंज सदर इलाके में वोटिंग सेंटर के बाहर देसी बम फेंके गए।

गोपालगंज सदर इलाके में धमाके से 3 लोग घायल हो गए थे। जमात-ए-इस्लामी के नेता शफीकुर रहमान ने कहा कि अगर चुनाव निष्पक्ष हुए तो उनकी पार्टी चुनाव परिणाम स्वीकार कर लेगी। इस चुनाव में महिलाओं ने भी बड़ी संख्या में वोट डाला। मतदान पूरा होने के बाद वोटों की गिनती शुरू हो गई है। बीएनपी ने चुनाव के नतीजे निष्पक्ष तरीके से घोषित करने की अपील की है। पार्टी ने कहा है कि नतीजों में किसी तरह की गड़बड़ी न हो, इसके लिए सभी को सतर्क रहना चाहिए। यह बयान बीएनपी की चुनाव प्रबंधन समिति के प्रवक्ता महदी अमीन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दिया। उन्होंने सभी हितधारकों से अपील की कि वे पूरी प्रक्रिया पर नजर रखें, ताकि मतदाताओं की इच्छा सही रूप में सामने आ सके। महदी ने चुनाव प्रक्रिया में शामिल चुनाव आयोग, सशस्त्र बलों, कार्यवाहक सरकार और कानून- व्यवस्था एजेंसियों का आभार जताया। साथ ही उन्होंने चुनावी हिंसा में घायल और मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने गुरुवार को हुए चुनाव को 'फर्जी चुनाव' करार देते हुए इसे रद्द करने की मांग की है। चुनाव के बाद जारी एक बयान में हसीना ने इसे 'मतदाताओं के बिना, अवैध और असंवैधानिक चुनाव' बताया। अपने बयान में शेख हसीना ने कहा कि यह चुनाव कातिल यूनुस द्वारा कराया गया एक दिखावटी चुनाव है। हसीना ने आरा. ेप लगाया कि 11 फरवरी की शाम से ही कई जगहों पर मतदान केंद्रों पर कब्जा, गोलीबारी, पैसे बांटकर वोट खरीदना, मतपत्रों पर मुहर लगाना और एजेंटों से रिजल्ट शीट पर जबरन हस्ताक्षर करवाने जैसी घटनाएं शुरू हो गई थीं। उन्होंने दावा किया कि 12 फरवरी की सुबह से देशभर के ज्यादातर पोलिंग बूथ पर मतदाता उपस्थिति बेहद कम रही और राजधानी ढाका समेत कई जगहों पर मतदान केंद्र लगभग खाली रहे।

बांग्लादेश की मैमनसिंह-11 (वलुका) सीट के एक मतदान केंद्र पर गुरुवार को बड़ी गड़बड़ी सामने आई। पांच युवक बूथ के अंदर घुसे और खुद ही मतपत्रों पर मुहर लगाकर उन्हें बैलेट बॉक्स में डालने लगे। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। मामला सामने आते ही आधे घंटे के लिए वोटिंग रोक दी गई। यह घटना लोहाबोई बरादी सरकारी प्राथमिक स्कूल मतदान केंद्र की है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, दोपहर करीब 2:30 बजे कुछ युवक अंदर गए। इनमें से पांच सीधे एक बूथ में घुस गए। उस समय बूथ में कोई कर्मचारी मौजूद नहीं था। 1 मिनट 33 सेकंड के वीडियो में दो युवक मतपत्रों पर मुहर लगाते दिख रहे हैं। तीन युवक उन पर्चियों को मोड़कर बैलेट बॉक्स में डाल रहे हैं। वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो गया।



### बांग्लादेश के प्रमुख नेताओं ने डाला अपना मत

**ढाका।** बंगलादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के अध्यक्ष तारिक रहमान ने गुरुवार को गुलशन मॉडल हाई स्कूल और कॉलेज में अपना मत डाला। इस अवसर पर उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह बहुप्रतीक्षित चुनाव लोगों के लोकतांत्रिक अधिकारों को बहाल करेगा। रहमान ने कहा कि बंगलादेशी नागरिक स्वतंत्र रूप से मतदान करने के अवसर के लिए एक दशक से अधिक समय से प्रतीक्षा कर रहे थे। उन्होंने नागरिकों से किसी भी 'साजिश' को विफल करने और लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए बड़ी संख्या में मतदान करने का आग्रह किया। बीएनपी ने रात भर कुछ क्षेत्रों में 'अवांछनीय घटनाओं' की खबरें मिलने की बात स्वीकार की, लेकिन कानून प्रवर्तन एजेंसियों पर अपना विश्वास भी जताया। उन्होंने कहा कि यदि पूरे बंगलादेश के लोग दिन भर बाहर आकर अपने मताधिक. ार का प्रयोग करते हैं, तो किसी भी साजिश को नाकाम किया जा सकता है। मैं आशावादी हूं, दृढ़ता से आशावादी हूं।

### चुनाव से ठीक पहले हिंदू युवक की हत्या चाय बागान में मिली खून से लथपथ लाश

**ढाका।** बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के खिलाफ हिंसा की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामला मौलवीबाजार जिले से सामने आया है, जहां आम चुनाव से महज एक दिन पहले एक 28 वर्षीय हिंदू युवक की हत्या कर दी गई। युवक का शव मिलने के बाद से इलाके मे तनाव का माहौल है। इस घटना ने वहां के अल्पसंख्यक समुदायों में डर और चिंता बढ़ा दी है। मृतक की पहचान रतन शुवो कर के रूप में हुई है। वह इस्लामपुर यूनियन के चंपारा चाय बागान में काम करता था। पुलिस को उसकी लाश हाथ-पैर बंधी हुई हालत में मिली। स्थानीय मीडिया के अनुसार, रतन के शरीर पर चोट के कई निशान थे और वह खून से लथपथ था। बांग्लादेश के जाने-माने अखबार, द डेली स्टार की एक रिपोर्ट के मुताबिक, लोकल लोगों ने बुधवार सुबह करीब 10:00 बजे चाय बागान के अंदर उसकी लाश देखी, जहां कर काम करता था। उन्होंने तुरंत पुलिस को इसकी जानकारी दी। रतन के साथ काम करने वाले लोगों का आरोप है कि उसे किसी दूसरी जगह मारा गया और फिर लाश को बागान में फेंक दिया गया। हालांकि, अभी इस बात की पुष्टि नहीं हुई है।

## संक्षिप्त समाचार

### नाटो में अपना खर्च बढ़ाएं यूरोप, कनाडा: मार्क रट

**ब्रसेल्स।** उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) महासचिव मार्क रट ने यूरोपीय और कनाडाई सहयोगियों से 'रक्षा व्यय और औद्योगिक उत्पादन' बढ़ाने का आह्वान करते हुए कहा है कि अमेरिका गठबंधन के प्रति प्रतिबद्ध है, लेकिन उसका रणनीतिक ध्यान अब हिंद-प्रशांत क्षेत्र की ओर अधिक केन्द्रित हो रहा है। टीआरटी वर्ल्ड की एक रिपोर्ट के अनुसार, रट ने गुरुवार को संवाददाताओं से कहा कि चर्चा का मुख्य केन्द्र हेग शिखर सम्मेलन में लिए गए।

### तीसरी बार कोसोवो के प्रधानमंत्री बने अल्बिन कुर्ती

**बेलग्रेड।** कट्टरपंथी सेल्फ- डिटरमिनेशन मूवमेंट (एलवीवी) के नेता अल्बिन कुर्ती को स्वयं-घोषित कोसोवो की संसद ने मार्च 2021 के बाद तीसरी बार प्रधानमंत्री चुना है। कार्यवाहक प्रधानमंत्री कुर्ती के नेतृत्व वाले स्वनिर्धारण आंदोलन (एलवीवी) ने 28 दिसम्बर को कोसोवो में हुए अचानक संसदीय चुनाव में निर्णायक जीत हासिल की। संसदी चुनाव के बाद बुधवार (11 फरवरी) को एलवीवी की अल्बुलेना हाक्सियू को अध्यक्ष चुना गया।

### सूडान में नाव पलटने से 15 लोगों की मौत

**खार्तूम।** उत्तरी सूडान के नाइल नदी प्रांत में यात्री नौका के डूबने से कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई। सूडान के नागरिक सुरक्षा प्राधिकरण के एक सूत्र ने बुधवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार लकड़ी की नाव तैयबा अल-खावद और दैम अल-कराई गांवों के बीच यात्रा कर रही थी और उसमें महिलाओं, बुजुर्गों तथा बच्चों समेत 27 से अधिक यात्री सवार थे। उच्च लहरों के कारण नाव पलट गई। घटना की सूचना मिलते ही नागरिक सुरक्षा इकाइयां मौके पर पहुंचीं। अब तक 15 से अधिक शव बरामद किये जा चुके हैं।

### सीरिया ने अमेरिका से अपने नियंत्रण में लिया अल-तन्फ़ सैन्य बेस

**दमिश्क।** सीरिया की अंतरिम सरकार ने गुरुवार को सीरिया-इराक-जॉर्डन सीमा पर अल-तन्फ़ सैन्य बेस से अमेरिका के नेतृत्व वाले अंत. रराष्ट्रीय गठबंधन के हटने की पुष्टि करते हुए कहा कि सीरियाई सेना की इकाइयों ने इस ठिकाने पर कब्जा कर लिया है। सीरिया के रक्षा अधिकारियों ने एक बयान में कहा कि सीरियाई और अमेरिकी पक्षों के बीच सहमति के बाद उन्होंने इस सैन्य बेस को अपने काबू में लिया।

# इजरायल ने गिराए थे गाजा में प्रतिबंधित वैक्यूम बम

## रिपोर्ट 'द रेस्ट ऑफ स्टोरी': वैक्यूम बमों से तापमान 3500 डिग्री पहुंचा, हजारों इंसान भाप बनकर गायब हुए

**वाशिंगटन।** इजरायल पर गाजा में 'वैक्यूम बम' इस्तेमाल करने का आरोप लगा है। रिपोर्ट 'द रेस्ट ऑफ द स्टोरी' के मुताबिक, ये बम पहले हवा में ईंधन जैसा एक बादल फैलाते हैं और फिर उसमें आग लगा देते हैं। इससे बहुत बड़ा आग का गोला बनता है और आसपास की हवा खिंचकर एक तरह का जीरो (वैक्यूम) पैदा हो जाता है। इन धमाकों से तापमान 3500 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है।

इन बमों में एल्यूमिनियम और मैग्नीशियम जैसे तत्व होते हैं, जो कुछ ही सेकेंड में शरीर को जला देते हैं। मिलिट्री एक्सपर्ट्स और चश्मदीदों का भी कहना है कि इजरायल ने वहां ऐसे हथियारों का इस्तेमाल किया, जिन्हें 'वैक्यूम बम', 'थर्मल' या 'थर्मोबैरिक' बम कहा जाता है। रिपोर्ट के मुताबिक, हमलों में मारे गए कई लोगों के शव तक नहीं मिले। गाजा की सिविल डिफेंस टीम ने 2842 ऐसे फलस्तीनियों का रिकॉर्ड दर्ज किया है, जिनके बारे में कहा गया कि दफनाने के लिए उनका कोई हिस्सा तक नहीं बचा। वहीं 3500 से ज्यादा लोग अब भी लापता हैं। इस वक्त गाजा में औपचारिक सीजफायर लागू है और समझौते के 100 दिन पूरे होने के बाद यह दूसरे चरण में पहुंच चुका है, लेकिन तनाव अभी भी बना हुआ है। 10 अक्टूबर 2025 से अब तक 500 से ज्यादा फलस्तीनियों के मारे जाने की खबरें आई हैं। एक मां, यासमीन महानी, ने अपनी आपबीती सुनाई। 10 अगस्त 2024 को गाजा सिटी के अल-तबिन स्कूल पर हमले के बाद वह अपने बेटे साद को ढूंढ रही थीं। उन्हें वहां अपने पति तो मिल गए, लेकिन बेटे का कोई निशान नहीं मिला। उन्होंने बताया कि मस्जिद में उन्हें जमीन पर मांस और खून बिखरा मिला, लेकिन दफनाने के लिए बेटे का कोई हिस्सा तक नहीं मिला। अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार, यासमीन जैसी हजारों माताएं आज भी अपने बच्चों को अस्पतालों और मुर्दाघरों में तलाश रही हैं। इस युद्ध में मरने वालों की संख्या 72,000 से ज्यादा बताई जा रही है। मानवा. धिकार संगठनों ने इजरायल पर युद्ध अपराधों के आरोप लगाए हैं। एक्सपर्ट्स का कहना है कि ऐसे बमों का इस्तेमाल घनी आबादी वाले इलाकों में करना बहुत गंभीर मामला है। इजरायली हमले से गाजा की लगभग 90 प्रतिशत इमारतें खंडहर हो चुकी हैं। एमके-84 'हैमर': करीब 900 किलो का बम, जो 3500 डिग्री तक तापमान पैदा कर सकता है। इसका दबाव और गर्मी शरीर को गंभीर नुकसान पहुंचाते हैं। बीएलयू-109 बंकर बस्टर: यह मजबूत ढांचे में घुसकर अंदर फटता है और बंद जगहों में आग का बड़ा गोला बनाता है। जीबीयू-39: इसे सटीक निशाना लगाने वाला ग्लाइड बम बताया गया है। अल-तबिन स्कूल पर हमले के बाद इसके टुकड़े मिलने की बात कही गई है। इन हथियारों को एयरोसोल या वैक्यूम बम भी कहा जाता है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इनका असर इतना भीषण होता है कि इमारत बाहर से ज्यादा खराब नहीं दिखती, लेकिन अंदर मौजूद हर चीज जलकर राख हो सकती है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की बुधवार को व्हाइट हाउस में मुलाकात हुई। ये बैठक करीब 2 घंटे तक बंद कमरे में चली। ट्रम्प ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा: मैंने नेतन्याहू से साफ कहा है कि अमेरिका को ईरान के साथ परमाणु समझौते पर बातचीत जारी रखनी चाहिए। उन्होंने लिखा कि बैठक बहुत अच्छी रही, लेकिन कोई अंतिम फैसला नहीं हुआ। ईरान के साथ अच्छा समझौता हो सकता है तो यह बेहतर होगा, लेकिन नहीं हुआ तो आगे क्या करना है, यह देखा जाएगा।



**इन बमों में एल्यूमिनियम और मैग्नीशियम जैसे तत्व होते हैं, जो कुछ ही सेकेंड में शरीर को जला देते हैं**

# 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट' में भाग लेंगे ऋषि सुनक

**इस आयोजन के लिए 100 से अधिक देशों के 35000 से अधिक प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया**

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' के पूर्वावलोकन कार्यक्रम (कर्टेन रेजर) 'एआई फॉर ऑल: रीइमेजिनिग ग्लोबल कोऑपरेशन' में वक्तव्य देंगे।

सार्वजनिक नीति शोध संस्था कार्नेगी इंडिया ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि हमें यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' के कर्टेन रेजर कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। इस आयोजन के लिए 100 से अधिक देशों के 35000 से अधिक प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया है, जिनमें 500 से अधिक स्टार्टअप सम्मिलित हैं। इसके अतिरिक्त, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निमंत्रण पर फ्रांस के राष्ट्रपति इमानुएल मैक्रों 17 से 19 फरवरी तक भारत की यात्रा पर रहेंगे और इस शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। उनकी यह यात्रा उभरती और महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों, विशेष रूप से एआई के क्षेत्र में सहयोग को लेकर दोनों राष्ट्रों की प्राथमिकता को रेखांकित करती है। अपनी यात्रा के दौरान, राष्ट्रपति मैक्रों मोदी के साथ 'होराइजन 2047 रोडमैप' के अंतर्गत द्विपक्षीय सहयोग को सुदृढ़ करने के लिए व्यापक चर्चा करेंगे। वे मुंबई में संयुक्त रूप से 'भारत-फ्रांस नवाचार वर्ष 2026' का भी उद्घाटन करेंगे। नई दिल्ली के भारत मंडपम में 16 से 20 फरवरी तक आयोजित होने वाला 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट' पांच दिवसीय कार्यक्रम है, जो नीति, अनुसंधान, उद्योग और सार्वजनिक सहभागिता पर केंद्रित है।



**ढाका। बांग्लादेश में देश के 13वें संसदीय चुनाव के दौरान मतदान करते बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस।**

### वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति ने अमेरिकी ऊर्जा मंत्री से की मुलाकात

**काराकास।** वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने अपने आधिकारिक आवास मिराफ्लोरेस पैलेस में अमेरिका के ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट से मुलाकात कर द्विपक्षीय ऊर्जा एजेंडे की समीक्षा की है। वेनेजुएला के राष्ट्रपति कार्यालय की ओर से बुधवार को जारी बयान के मुताबिक, बैठक में वेनेजुएला की ऊर्जा संप्रभुता और द्विपक्षीय रिश्तों के नीतिगत ढांचे में 'दोनों देशों के लिए फायदेमंद ऊर्जा एजेंडे' पर ध्यान केन्द्रित किया गया। इसमें अमेरिका की चार्ज डी' अफेयर्स लॉरा डोगू, वेनेजुएला की सरकारी तेल कंपनी पेट्रोलियोस डी वेनेजुएला एसए के अध्यक्ष हेक्टर ओब्रेगॉन और अमेरिका में वेनेजुएला के कूटनीतिक प्रतिनिधि फेलिक्स प्लासेंसिया भी मौजूद थे।

# ईरान के साथ बातचीत जारी रहेगी: ट्रम्प

## मैंने इजरायल के पीएम नेतन्याहू और उनके प्रतिनिधियों से मुलाकात की: राष्ट्रपति

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि अमेरिका और ईरान के बीच वार्ता इस बात की संभावनाओं का पता लगाने के लिए जारी रहेगी कि क्या परमाणु हथियारों को लेकर कोई समझौता किया जा सकता है। यह बयान उन्होंने व्हाइट हाउस में इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ बंद कमरे में हुई बैठक के तुरंत बाद दिया।

ट्रम्प ने सोशल मीडिया मंच ट्रुथ सोशल पर पोस्ट में कहा कि मैंने अभी-अभी इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू और उनके प्रतिनिधियों से मुलाकात पूरी की है। ईरान के साथ वार्ता जारी रखने के अलावा कोई निर्णायक सहमति नहीं बनी, ताकि यह देखा जा सके कि कोई समझौता संभव है या नहीं। यदि समझौता हो सकता है, तो मैंने प्रधानमंत्री को बताया कि यही मेरी प्राथमिकता होगी। यदि ऐसा नहीं हो पाता, तो हमें देखना होगा कि आगे क्या परिणाम निकलता है। उन्होंने कहा कि बैठक में गाजा और पूरे क्षेत्र में हो रही प्रगति पर भी चर्चा हुई। नेतन्याहू बुधवार सुबह व्हाइट हाउस के दक्षिणी लॉन से होते हुए पहुंचे और बिना किसी संवाददाता सम्मेलन या आधिकारिक बयान के रवाना हो गए। दोनों नेताओं के बीच यह ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल के दौरान सातवीं मुलाकात थी, जो करीब तीन घंटे तक चली। बैठक से पहले नेतन्याहू ने अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो से मुलाकात की और औपचारिक रूप से 'शांति बोर्ड' का सदस्य बनने पर सहमति दी, जिसे इजरायली संसद में विवादास्पद पहल बताया जा रहा है। अमेरिका रवाना होने से पहले नेतन्याहू ने कहा था कि वह राष्ट्रपति ट्रम्प के समक्ष ईरान से वार्ता के सिद्धांतों को रखेंगे, जो न केवल इजरायल बल्कि पश्चिम एशिया में शांति और सुरक्षा चाहने वालों के लिए अहम हैं। नेतन्याहू के कार्यालय के अनुसार, वह चाहते हैं कि वार्ता में ईरान के बैलिस्टिक मिसा. इल कार्यक्रम पर सीमाएं लगाई जाएं और हमास तथा हिजबुल्लाह जैसे संगठनों से उसके संबंधों में कटौती शामिल हो। ट्रम्प ने मंगलवार को फॉक्स बिजनेस नेटवर्क को दिए साक्षात्कार में कहा था कि समझौता अच्छा होना चाहिए। कोई परमाणु हथियार नहीं, कोई मिसाइल नहीं। इस बीच, ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने तेहरान में 1979 की इस्लामी क्रांति की 47वीं वर्षगांठ के अवसर पर कहा कि पश्चिम द्वारा खड़ी की गई 'अविश्वास की दीवार' अमेरिका के साथ परमाणु वार्ता में बाधा बन रही है।



**ईरान के साथ वार्ता जारी रखने के अलावा कोई निर्णायक सहमति नहीं बनी, ताकि यह देखा जा सके कि कोई समझौता संभव है या नहीं**

# किम जोंग ने 13 साल की बेटी को उत्तराधिकारी चुना

## बीजिंग दौरे पर पिता के साथ दिखी थीं, पब्लिक प्रोग्राम्स में भी नजर आ रही

**सिओल।** उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन ने अपनी 13 साल की बेटी किम जू ऐ को अपना उत्तराधिकारी चुन लिया है।

दक्षिण कोरिया की खुफिया एजेंसी ने गुरुवार को सांसदों को दी गई जानकारी में यह दावा किया। दक्षिण कोरिया की नेशनल इंटेलिजेंस सर्विस (एनआईएस) ने कहा कि किम जू ऐ की लगातार बढ़ती सार्वजनिक मौजूदगी को देखते हुए यह आकलन किया गया है। एनआईएस ने कहा कि उसने 'कई परिस्थितियों' को ध्यान में रखते हुए यह निष्कर्ष निकाला है। इनमें आधिकारिक कार्यक्रमों में किम जू ऐ की प्रमुख उपस्थिति भी शामिल है। हाल के महीनों में जू ऐ कई बड़े कार्यक्रमों में अपने पिता के साथ नजर आई हैं। सितम्बर में बीजिंग दौरे के दौरान भी वह किम जोंग उन के साथ दिखीं थी। यह उनका पहला विदेशी दौरा था, जिसकी जानक. ारी सामने आई। किम जू ऐ सितम्बर में बीजिंग दौरे के दौरान पिता किम जोंग उन के साथ दिखीं थी। एनआईएस ने यह भी कहा है कि वह इस बात पर नजर रखेगी कि क्या जू ऐ इस महीने होने वाली पार्टी सम्मेलन में शामिल होती हैं। यह उत्तर कोरिया का सबसे बड़ा राजनीतिक कार्यक्रम है, जो हर पांच साल में एक बार होता है। इसी पार्टी सम्मेलन में प्योंगयांग अगले पांच साल के लिए अपनी प्राथमिकताओं जैसे-विदेश नीति, युद्ध की तैयारी और परमाणु कार्यक्रम पर विस्तार से जानकारी दे सकता है। दक्षिण कोरिया के सांसद ली सोंग-क्वेन ने गुरुवार को पत्रकारों से कहा कि एनआईएस पहले जू ऐ को 'उत्तरा. धिकारी बनने की ट्रेनिंग ले रही' बता चुकी है। अब एजेंसी का मानना है कि वह 'औपचारिक तौर पर उत्तराधिकारी घोषित' किए जाने के चरण में पहुंच गई हैं। ली ने कहा, किम जू ऐ कई बड़े कार्यक्रमों में अपने पिता के साथ दिखी हैं। वह कोरियाई पीपुल्स आर्मी की स्थापना दिवस के कार्यक्रम में शामिल हुईं और कुमसुसान पैलेस ऑफ द सन भी गईं। कुछ सरकारी नीतियों पर उनकी राय सामने आने के संकेत भी मिले हैं। इन सब बातों को देखते हुए एनआईएस मानती है कि अब उन्हें उत्तराधिकारी के तौर पर नामित कर दिया गया है।



**हाल के महीनों में जू ऐ कई बड़े कार्यक्रमों में अपने पिता के साथ नजर आई हैं**

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

पहली ही खुराक में रहे 78 घंटे तक हैरत अंगेज असर
शादी से घबराहट क्यों?
हकीम भारत के साथ-साथ विदेशों में प्रसिद्ध
रहमत दवाखाना ®
गुप्त रोग, मर्दाना ताकत, नामर्दी, लिंग दोष
शुक्राणु की कमी, बेऔलाद मिलें
बचपन की गलतियों के निराश रोगी शादी से पहले या शादी के बाद जरूर मिलें
फ्री एक ही पट्टी में नसों का गंदा पानी बाहर
बवासीर, भगंदर फिशर एक टीका में ठीक
सुस्ती, कमजोरी पेट रोग, स्त्री रोग रसौली गांठ
स्त्री व पुरुष रोग विशेषज्ञ
7060666621
ISO 9001:2015 CERTIFIED
www.hakeemrehmatdawakhana.com
रतन सिंह मार्किट, जौली रोड, कूकड़ा ब्लॉक, मुजफ्फरनगर